संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी अपनी मां की मौजूदगी में मनीष ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 114 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

### आदर्श विचार



शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।

भागवद्

### मन की बात



जब तक जीना, तब तक सीखना अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक हैं।

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# 'कांग्रेस के इरादों पर सपा के शहजादे ने साधी चुप्पी'

= कांग्रेस सरकार में बहुत ज्यादा करप्शन हुए, साल 2014 से पहले लाखों-करोड़ों के घोटाले हुएः पीएम मोदी

**चुनाव प्रचार**

8 सपा और कांग्रेस दोनों को राम मंदिर का निमंत्रण घर जाकर दिया था, उसे ठुकरा दिया था

**टीम एक्शन इंडिया**

**बरेलीः बदायूं और आंवला** लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को आलमपुर जाफराबाद के सैनिक मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने परिवारवाद को लेकर सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति बच्चों के लिए सोना चांदी, घरवार बना रहे हैं। इस पर कांग्रेस सपा की नजर पड़ गई है। यह मंगलसूत्र छीनने की बात करते हैं। कोई मां बहन मंगलसूत्र छीनने देंगे क्या। इनकी नियत ठीक नहीं है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इरादों पर सपा के शहजादे ने चुप्पी साध रखी है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने आपकी मृत्यु के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। ऐसा टैक्स लगाएंगे कि आपकी संपत्ति जब्त हो जायेगी। अगर अपने चार कमरे हैं तो दो कमरे कांग्रेस सपा वाले दबोच लेंगे। दस बीघा जमीन में पांच बीघा दबोच लेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक नया नारा अब चल रहा है, जो हम सबके लिए चिंता का विषय है। कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। कांग्रेस चाहती है कि आपकी संपत्ति का एक्सरे निकला जाए। सोना, गाड़ी-घर सबका सर्वे किया जाए। कांग्रेस आपकी संपत्ति का हिस्सा अपनी चहेती वोटबैंक को देना चाहती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्होंने राम को ही नहीं श्याम को भी नहीं छोड़ा। भगवान श्रीकृष्ण की द्वारिका पानी के नीचे है। डूब गई है। पानी के नीचे गया। पत्थरों को छूकर आशीर्वाद लिया। हैरान हूं कि सपा के लोग खुद को यदुवंशी कहते हैं वो भी श्री कृष्ण की बेइज्जती करने वालों की आरती उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि दस साल पहले सपा और कांग्रेस वाले कहते थे कि ये भाजपा वाले बड़ी बड़ी बातें करते हैं। राम मंदिर के नाम पर चिढ़ाते थे। गाली देते थे। आपके आशीर्वाद से रामलला का मंदिर बनवाया। तारीख और टाइम भी बताया और निमंत्रण भी दिया। इतना बड़ा अवसर फिर भी उनका अहंकार इतना था कि सपा और कांग्रेस दोनों को राम मंदिर का निमंत्रण घर जाकर दिया था, उसे ठुकरा दिया था।





## 'कई बार फ्लॉप हो चुकी है दो लड़कों की जोड़ी'



**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहजहांपुरः** आंवला के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार शाम को शाहजहांपुर पहुंचे। उन्होंने यहां बरेली मोड़ स्थित मैदान में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने जहां अपनी सरकार के कामों को गिनाया तो वहीं सपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर तंज कसे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत माता की जय से अपना संबोधन शुरू किया। शाहजहांपुर के शहीदों को नमन किया। कहा कि मैं क्रांतिकारियों की जननी शाहजहांपुर की धरती को नमन करता हूं। 24 का चुनाव ऐतिहासिक चुनाव है। यह चुनाव सामान्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव आपका एक-एक वोट सशक्त भारत के संकल्प को मजबूती देने की गारंटी है। यह मोदी की गारंटी से भी ज्यादा गारंटी है। इस बार आपको अपने वोट देशविरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश देना है। आपका वोट ही आतंकवाद को काबू में रखेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले जहां सामान्य सड़कें नहीं थीं। आज वहां एक्सप्रेसवे गुजर रहे हैं। गंगा एक्सप्रेसवे की नींव भी शाहजहांपुर में रखी गई थी। इस विकास ने लखनऊ और दिल्ली की दूरी कम की है। यह क्षेत्र डिफेंस कॉरिडोर से भी जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि योगी सरकार में गन्ना किसान का भुगतान समय पर होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दो लड़कों की जोड़ी... जो कई बार फ्लॉप हो चुकी है। इनसे विकास की कोई उम्मीद नहीं कर सकते हैं? हमारी सरकार के लिए युवा, गरीब, किसान और नारीशक्ति... ये पहली प्राथमिकता है।

## कांग्रेस ने ओबीसी का आरक्षण लूटाः पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शाहजहांपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहजहांपुर की चुनावी जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पूरे देश में कर्नाटक मॉडल लागू करना चाहती है। कर्नाटक मॉडल बड़ा भयंकर है। इससे मैं भी डर गया। कांग्रेस का कर्नाटक मॉडल है कि ओबीसी को जो 27 प्रतिशत कोटा मिला हुआ है, उसी में से मुस्लिमों की सभी जातियों को आरक्षण दे दिया गया है। कर्नाटक के सभी मुसलमानों को एक कागज पर ठप्पा मारकर रातोंरात ओबीसी बना दिया। अब जब ओबीसी बन गए तो 27 प्रतिशत में आरक्षण के हकदार भी बन गए। जो ओबीसी समाज के छोटे-छोटे लोगों को आरक्षण मिलता था। उसे लूट लिया गया। मोदी ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि ऐसा मॉडल आपको मंजूर है क्या?

### आरक्षण के डाके पर सपा मौन क्यों?- मोदी

**पीएम ने** कहा कि ओबीसी आरक्षण के डाके पर समाजवादी पार्टी पूरी तरह मौन लगाकर क्यों बैठी है। क्या कांग्रेस के साथ रहकर सपा भी पिछड़ों के आरक्षण की विरोध बन गई है। सत्ता पाने के लालच में ओबीसी के पीछे में छुरा घोंपने का खेल चल रहा है।

**मोदी ने कहा कि मैं गरीब का बेटा हूं...** हर गरीब का दर्द समझता हूं। कहा कि भाजपा को जब आपने सेवा करने का मौका दिया तो मैंने जो सामान्य वर्ग के लोग हैं, उनमें जो गरीब हैं उनकी भी चिंता की और 10 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया।

### 'आतंकियों के मरने पर कांग्रेसी आंसू बहाते हैं'

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि पहले लखनऊ-कानपुर आए दिन आतंकी हमले होते थे, बम धमाके होते थे। इसके सिवा सपा-कांग्रेस वाले कुछ बता भी नहीं सकते थे, क्योंकि उन्होंने ऐसा कुछ काम किया ही नहीं, जिसका वो रिपोर्ट दे सकें। कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आतंकियों के मरने पर आंसू बहा रही थीं। यही नहीं, सपा वाले तो ऐसे थे कि जो आतंकी जेल में थे उनको जेल से रिहा करवाने के लिए भांति-भांति के कानूनी रास्ते खोज रहे थे।

## 'संविधान बचाने के लिए करें मतदान'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप और पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है। सुरक्षा 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है।

## खड़गे ने पीएम को लिखा पत्र, मांगा समय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाना की इच्छा जताई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आदतन कुछ शब्दों को उठाकर अप्रासंगिक विषय बनाकर सांप्रदायिक माहौल बनाने का प्रयास करते रहते हैं। इससे वे अपने पद की गरिमा को गिरा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र में लिखा कि उनके सलाहकार उन चीजों के बारे में गलत जानकारी दे रहे हैं जो कांग्रेस के घोषणा पत्र में नहीं लिखा गया है जबकि कांग्रेस न्याय पत्र का लक्ष्य युवाओं, महिलाओं, किसानों,



मजदूरों और सभी जातियों और समुदायों के हाशिए पर रहने वाले लोगों को न्याय प्रदान करना है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें मिलकर कांग्रेस का घोषणा पत्र समझाने में खुशी होगी।

मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र को सोशल मीडिया एक्स के अपने पोस्ट पर टैग किया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को लिखा है कि वे आपके(प्रधानमंत्री) पिछले कुछ दिनों के भाषणों से न तो हैरान हैं और न ही आश्चर्यचकित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद थी कि चुनाव के पहले चरण में भाजपा का प्रदर्शन देखने के बाद आप और आपकी पार्टी के अन्य नेता इसी तरह बोलना शुरू करेंगे।

**इच्छा**

8 खड़गे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखकर मिलकर कांग्रेस के घोषणा पत्र को समझाना की इच्छा जताई

## डोभाल ने रूसी समकक्ष से द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली/मॉस्कोः** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से द्विपक्षीय सहयोग पर जारी प्रगति की समीक्षा की। साथ ही आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि डोभाल ने सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मामलों के लिए जिम्मेदार उच्चाधिकारियों की 12वीं अंतरराष्ट्रीय बैठक के मौके पर पेत्रुशेव के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

## 'निजी संपत्ति' को लेकर हुई सुप्रीम सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः सुप्रीम कोर्ट** ने कहा है कि निजी संपत्ति का इस्तेमाल जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित के लिए भी किया जा सकता है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 9 सदस्यीय बेंच ने ये टिप्पणी की है। दरअसल, 9 सदस्यीय संविधान बेंच इस सवाल पर विचार कर रही है कि क्या किसी की निजी संपत्ति को संविधान के अनुच्छेद 39बी और 31सी के तहत सामुदायिक भौतिक संसाधन माना जा सकता है। क्या इसका इस्तेमाल सरकार सार्वजनिक हित के लिए किया जा सकता है। अनुच्छेद 39बी में कहा गया है कि



सरकार अपनी नीति ऐसी बनाएगी कि सामुदायिक भौतिक संसाधनों को वितरण ऐसे हो, जिससे आम जनता का हित सध सके। कोर्ट में मुंबई के प्रोपटी ऑनर्स एसोसिएशन सहित अन्य पक्षकारों ने दलील दी है कि संवैधानिक प्रावधान के नाम पर राज्य के अधिकारी निजी संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकते हैं। एसोसिएशन का कहना है कि अनुच्छेद 39बी और 31सी की संवैधानिक योजनाओं के तहत संपत्ति पर कब्जा नहीं किया जा सकता है।

**शिकायत**

8 जरूरत पड़ने पर सार्वजनिक हित के लिए भी इस्तेमाल की जा सकती है निजी संपत्ति : सुप्रीम कोर्ट

## चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को जारी किया नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए क्रमशः भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस को नोटिस जारी किया है। आयोग का कहना है कि स्टार कैंपनर के तौर पर नेताओं की अपनी जिम्मेदारी तो है ही लेकिन पार्टी की भी जिम्मेदारी बनती है। चुनाव आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्ष भाजपा के जेपी नड्डा और कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे को नोटिस जारी कर 29 अप्रैल तक उनके स्टार कैंपनर के बयानों पर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही शिकायतों की प्रतिलिपि भी भेजी है।

आयोग ने दोनों पार्टियों के अध्यक्षों से अपने स्टार कैंपनेर को आदर्श आचार संहिता संबंधित ध्यान कराने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने 21 अप्रैल को बांसवाड़ा में एक बयान दिया था।

## चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप गुरुवार को भाजपा में शामिल हो गए। गुरुवार को भाजपा मुख्यालय में राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी, पार्टी सांसद मनोज तिवारी, पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया सह प्रमुख संजय मयूख और अपनी मां की मौजूदगी में मनीष कश्यप ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

मनीष कश्यप ने बिहार में पुल ढहने का यूट्यूब फुटेज बनाया था, जो काफी वायरल हुआ था।

## 'नई प्रौद्योगिकियां बदल रही हैं आधुनिक युद्धों की परिभाषा'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने कहा है कि नई प्रौद्योगिकियां प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई हैं, इसलिए आधुनिक युद्धों की परिभाषा बदल रही है। हाल के संघर्षों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि विघटनकारी एवं दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियां अभूतपूर्व स्तर पर बढ़ रही हैं। थल सेनाध्यक्ष ने प्रौद्योगिकी सक्षम भविष्य के लिए तैयार सैन्य बल में परिवर्तन की दिशा में अपना प्रयास जारी रखने के उद्देश्य से भारतीय



सेना की प्रतिबद्धता को दोहराया। थल सेनाध्यक्ष जनरल पांडे सेंटर फॉर लैंड वारफेयर स्टडीज (सीएलएडब्ल्यूएस) की ओर से मानेकशॉ सेंटर में तकनीकी समावेशन का वर्ष, सैनिकों का सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में रक्षा क्षेत्र के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उन्नत हार्डवेयर जैसी आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर विचार-विमर्श करने के उद्देश्य से प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों तथा रक्षा उद्योग जगत के पेशेवरों को एक मंच प्रदान किया गया। इस अवसर पर लगाई गई प्रदर्शनी में भारत के रक्षा क्षेत्र की प्रगति एवं क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इस संगोष्ठी सह प्रदर्शनी कार्यक्रम की शुरूआत थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे के उद्घाटन भाषण के साथ हुई। इसके बाद मुख्य व्याख्यान अटल इनोवेशन मिशन (एआईएम, नीति आयोग) के मिशन निदेशक डॉ. चिंतन वैष्णव ने दिया।

**इंटेलिजेंस**

8 नई प्रौद्योगिकियां प्रतिस्पर्धा के नए रणनीतिक क्षेत्र के रूप में उभर कर सामने आई हैं : सेना प्रमुख

## पीएम हमारे घोषणापत्र का प्रचार कर रहेः जयराम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की बुधवार को विरासत कर की बात करके कांग्रेस को एक बार फिर फंसा दिया है। उनके इस बयान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा लगातार कांग्रेस को घेर रही है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के घोषणापत्र में विरासत कर और धन पुनर्वितरण का कहीं भी कोई जिक्र नहीं है। जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री कांग्रेस के घोषणापत्र का प्रचार कर रहे हैं।

**विरासत कर को लेकर जयराम रमेश का पलटवारः** एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयराम रमेश ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने देश में विरासत कर को समाप्त किया था। उन्होंने कहा, "मैं एक बात स्पष्ट करना चाहता हूं कि हमारे घोषणापत्र में कहीं भी विरासत कर के बारे में कोई बात नहीं कही गई है। सच्चाई यह है कि 1985 में प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने विरासत कर को समाप्त किया था। हमने विरासत कर के बारे में कोई जिक्र नहीं किया और यह हमारा एजेंडा नहीं है।" जयराम रमेश ने पीएम मोदी को चुनौती देते हुए कहा, "पीएम मोदी कहते हैं कि हमारे घोषणापत्र में धन पुनर्वितरण की बात कही गई है। मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि हमारे 50 पन्नों के घोषणापत्र में कहीं भी धन पुनर्वितरण का जिक्र भी नहीं किया गया है।"



### 'सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश कर रहे'

**कांग्रेस** नेता ने कहा कि पीएम मोदी कांग्रेस के घोषणापत्र को सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, "भाजपा मुश्किल में है। प्रधानमंत्री भी हैरान है। 19 अप्रैल के बाद वह पूरे एजेंडा को दूसरी दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। वे हमारे घोषणापत्र को सांप्रदायिक एंगल देने की कोशिश कर रहे हैं। वह ऐसे मुद्दों को उठा रहे हैं जिसका जिक्र हमारे घोषणापत्र में भी नहीं है।" जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी रैलियों में पीएम मोदी हमारे घोषणापत्र का प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने इसे गलत बताया। उन्होंने आगे कहा कि पहली बार कोई प्रधानमंत्री विपक्ष के घोषणापत्र का प्रचार कर रहा है।

**शपथपत्र**

साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया

# शरद पवार ने जारी किया घोषणा पत्र, महिला सुरक्षा का वादा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरद चंद्र पवार (एनसीपी-एससीपी ) ने गुरुवार को अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। घोषणापत्र में महिला सुरक्षा के लिए काम करने का वादा किया गया है। साथ में घोषणापत्र में एलपीजी सिलेंडर की कीमत कम करने का भी वादा किया गया है। बता दें, पार्टी ने अपने घोषणापत्र का नाम एससीपीथ पत्र रखा है। इस बीच, शरद पवार ने अमित शाह के किसानों की आत्महत्या को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के घोषणापत्र में जाति जनगणना के लिए समर्थन जताते हुए किसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार, नौकरियों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का वादा किया गया। पार्टी का कहना है कि वह जम्मू एवं कश्मीर को पूर्ण राज्य के दर्जे का समर्थन करती है और एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को खारिज करती है। शपथनामा शीर्षक वाले घोषणापत्र के अनुसार, एनसीपी (एससीपी) नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी), गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और अन्य ऐसे कानूनों की समीक्षा करेगी और उनमें बदलाव का प्रस्ताव करेगी जो कि संवैधानिक सिंद्धातों के अनुरूप नहीं हैं। इसमें यह भी जिक्र किया गया है कि पार्टी राज्य और स्थानीय सरकारों को सशक्त बनाने, अधिकारों के वितरण की समीक्षा करने और संवैधानिक संशोधनों को लागू करने की वकालत करती है।

**मुद्दों को संसद में उठाएंगेः** घोषणापत्र को जारी करते हुए एनसीपी (एससीपी) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने कहा, 'हम आज अपना घोषणापत्र जारी कर रहे हैं।




**वादे**

8 कसानों के कल्याण के लिए एक अलग आयोग के गठन, प्रशिक्षुता का अधिकार होगा

## एनसी की मोमबत्ती दुश्मनों की गलत साजिशों से नहीं बुझ सकतीः उमर अब्दुल्ला

**टीम एक्शन इंडिया**

**श्रीनगरः** पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार, राजभवन, भाजपा और उसके प्रतिनिधि जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन एनसी की मोमबत्ती हमारे दुश्मनों की गलत साजिशों से नहीं बुझ सकती। श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) के कार्यालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र सरकार से लेकर राजभवन तक हर कोई नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के खिलाफ चुनाव लड़ रहा है।

# कांग्रेस की सोच गरीबों को गरीब बनाए रखने की: सैनी

## पीएम नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले, कांग्रेस देश की जनता की संपत्ति एक वर्ग विशेष को देना चाहती है: सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/महेंद्रगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस की सोच गरीब को गरीब व कमजोर को कमजोर बनाए रखने वाली है। इस नीति से ही कांग्रेस शासन करती रही है, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को राहत देने का काम किया है और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया। उसके बाद 35 साल तक कांग्रेस ने देश पर राज किया, लेकिन गरीबों की कभी चिंता नहीं की। आज प्रधानमंत्री ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड देकर उन्हें इलाज की चिंता से मुक्त किया है। 80 करोड़ लोगों को 5 साल तक मुफ्त राशन का वायदा किया है। हर घर में नल से जल देने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाकर गरीबों को देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी गुरुवार को भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने यहां कांग्रेस के तुष्टिकरण वाले मेनिफेस्टो को भी देश के लिए घातक बताते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की नजर अब देश की जनता की संपत्ति पर है। कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और अब कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में इस बात को शामिल किया है कि देश की संपत्ति की जांच करवाकर उसे एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केवल एक वर्ग विशेष की चिंता है। कांग्रेस ने कर्नाटक में एक विशेष वर्ग के लोगों को ओबीसी में शामिल करने का काम किया है,जो अति निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का यह कदम देश को कमजोर करने वाला कदम है।



नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया और इस अभियान से हरियाणा में लाखों बेटियों को नया जीवनदान मिला। लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों में बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं कर्नाटक में एक बड़े नेता के परिवार में एक बेटी की हत्या कर दी गई, लेकिन कांग्रेस के किसी भी नेता ने एक शब्द भी नहीं बोला और उनके मुंह पर ताला लग गया। कांग्रेस के झूठ के कारण राजस्थान में 4000 से ज्यादा किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा। 16000 किसानों की जमीन कुर्क हो गई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के राज में केवल भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद की गारंटी हो सकती है बाकी किसी बात की कोई गारंटी नहीं है। देश की जनता अब इस बात को अच्छी प्रकार से समझने लगी है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाते खोलकर गरीब व्यक्ति को बैंक में जाने का अधिकार प्रदान किया तो कांग्रेस ने कहा था कि खाते तो खुल जाएंगे, लेकिन उनमें पैसा कहां से आएगा? मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि जन-धन के तहत खुले 50 करोड़ खातों में 45000 करोड रुपए जमा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़कों का जाल बिछाने का काम किया। रेलवे और एयर की कनेक्टिविटी बेहतर करने का काम किया। देश में संस्कृति का संरक्षण करने का काम किया। जिसमें केदारनाथ का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकालेश्वर कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, राममंदिर का निर्माण शामिल हैं। महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ जाने में पहले 9 घंटे लगते थे आज 4 घंटे में महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत 2014 में विश्व में आर्थिक ताकत के रूप में 11 स्थान पर था वह आज पांचवें स्थान पर है और जल्दी ही यह विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर विषय में देश को मजबूत करने का काम किया है देश की सीमाओं पर पहले हर रोज पत्थरबाजी होती थी, जिससे सीमा पर तैनात जवान परेशान थे, लेकिन आज न तो पत्थरबाजी होती है और ना ही पत्थरबाज नजर आते हैं।

**निशाने पर**

**8 देश की संपत्ति की जांच करवाकर उसे एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच वितरित करेंगे: सीएम सैनी**

# कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची पर खींचतान थम नहीं रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** अंदरूनी खींचतान में फंसी है हरियाणा में कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवारों की सूची। एक एक सीट पर घमासान चल रहा है।गुरुग्राम लोकसभा सीट से टिकट के लिए घमासान जारी है। पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव टिकट कटने की आशंका के बीच बुधवार को फिल्म अभिनेता राज बब्बर के खिलाफ मुखर हो गए। उन्होंने दिल्ली में एक चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा कि अगर किसी अभिनेता को ही टिकट देना है तो रणबीर रिितिक या करीना को दे देना चाहिए। उधर रोहतक सीट से दीपेंद्र हुड्डा को लड़ाने को लेकर कांग्रेस आला कमान का इरादा बदलने के संकेत मिल रहे है। आला कमान हरियाणा से राज्यसभा की एकमात्र सीट खोना नही चाहता। दीपेंद्र हुड्डा अभी हरियाणा से राज्यसभा सदस्य है। यदि वे लोकसभा के लिए चुने जाते है तो राज्यसभा की सीट छोड़नी होगी।अब रोहतक से भूपेंद्र हुड्डा,आशा हुड्डा या श्वेता मिर्धा हुड्डा को लड़ाए जाने की चर्चा है। करनाल सीट पर भूपेंद्र हुड्डा खेमा कुलदीप शर्मा या उनके पुत्र चाणक्य पंडित को टिकट देने पर जोर दे रहा है। एसआरके गुट बुल्ले शाह या वीरेंद्र राठौर की पैरवी कर रहा है।इसी तरह अंबाला सीट से भूपेंद्र हुड्डा गुट मुलाना के विधायक वरुण चौधरी को टिकट दिए जाने के पक्ष में वही कुमारी शैलजा अपनी समर्थक विधायक रेनू बाला को टिकट दिलाना चाहती है।भिवानी महेंद्र गढ़ सीट से हुड्डा गुट महेंद्रगढ़ विधायक राव दान सिंह को टिकट दिलाना चाहता है लेकिन एसआरके गुट पूर्व सांसद श्रुति चौधरी के पक्ष में है ।श्रुति चौधरी विधायक किरण चौधरी के बेटी है।

**कुलदीप विश्नोई को नायब सैनी ने मनाया, लोकसभा चुनाव प्रचार में उतरेंगेछ** हरियाणा के भाजपा नेता और पूर्व सांसद एवम विधायक कुलदीप विश्नोई फिर सुर्खियों में है।हाल में हिसार लोकसभा सीट से टिकट न मिलने के कारण नाराजगी के चलते सुर्खियों में आए कुलदीप विश्नोई गुरुवार सुबह तब फिर सुर्खियों में गए जबकि मुख्यमंत्री नायब सैनी विश्नोई के दिल्ली स्थित आवास पर मिलने पहुंचे।

## न्यूज फ्लैश

### पीएम मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करते: सैलजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों राजस्थान की एक चुनावी रैली में कहा था कि कांग्रेस महिलाओं के गहने और मंगलसूत्र लेकर पैसा ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव,हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी अगर मंगलसूत्र का महत्व और महिलाओं की कुर्बानी को समझते तो ऐसी अनैतिक बातें नहीं करते। कुमारी सैलजा ने कहा कि कई दिनों से हर चुनावी रैली में पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा कहा जा रहा है कि कांग्रेस आपसे आपका मंगलसूत्र, आपका सोना और आपका पैसा छीनकर ऐसे लोगों में बांट देगी जिनके अधिक बच्चे हैं, जो घुसपैठिए हैं। भाजपा महिलाओं के संघर्ष को कभी नहीं समझ सकती। ये वोट और सत्ता की खातिर कुछ भी कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं को गुमराह कर उनके वोट हासिल करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि किसान पर जब कर्ज चढ़ता है तो उसकी पत्नी अपना मंगलसूत्र गिरवी रखती है। बच्चों की शादी होती है या दवाई की जरूरत होती है तो महिलाएं अपने गहने गिरवी रखती हैं। यह बात ये भाजपा वाले नहीं समझते। उन्होंने कहा कि जब मणिपुर में एक सैनिक की पत्नी को निर्वस्त्र करके घुमाया गया तब प्रधानमंत्री चुप थे, कुछ नहीं बोले। महिलाओं के प्रति अगर इतना ही मान सम्मान है तो उन्हें बोलना चाहिए था। जब देश में लॉकडाउन लगाया था तब मजदूर देश भर से अलग-अलग जगहों के लिए पैदल निकले, तब इन्होंने ट्रेनें-बस बंद कर दीं। जब खाना नहीं मिल रहा था, जब कोई चारा नहीं था, तब महिलाओं ने अपने गहने गिरवी रखे। तब मोदी जी कहां थे? आज भाजपा वाले वोट के लिए महिलाओं को डरा रहे है। यह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। जब देश में किसान आंदोलन चरम पर था तो देश में करीब 700 किसान शहीद हुए, उनकी विधवाओं के मंगलसूत्र के बारे में मोदी जी ने नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि महंगाई से सबसे ज्यादा प्रभावित महिलाएं हुई है क्योंकि उन्हें पता है कि रसोईघर कैसे चलाया जाता है, दाल, चीनी, आटा, मसाले, सब्जियां, गैस सिलेंडर, रिफाइंड ऑयल न जाने क्या क्या महंगे हुए। भाजपा वोट के समय महिलाओं को याद करती है, सत्ता में आने के बाद उन्हें भूल जाती है, देश की महिलाएं और भाजपा से अपना हिसाब किताब चुकता करना चाहती है और वोट की चोट से भाजपा को जवाब देंगी।

### जींद: जुलाना के मेन बाजार में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से मचा हडकंप

**जींद:** गुरुवार को जुलाना में गाड़ी पर लाउड स्पीकर लगा सरकार द्वारा सस्ता चावल देने संबंधी प्रचार करने का मामला सामने आया। इस तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा था। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को काबू किया और जांच के बाद पुलिस ने गाड़ी को छोड़ दिया। आदर्श आचार संहिता को लेकर संशय बना रहा। रोहतक के एक मील की गाड़ी जुलाना कस्बे में 29 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से चावल बेच रही थी। पिकअप गाड़ी के ऊपर लाउड स्पीकर लगाया गया था। जिसमें प्रचार किया जा रहा था कि भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है सस्ते दामों पर चावल। 10 किलोग्राम का बैग केवल 290 रुपये में दिया जा रहा था। सस्ते भाव के चावल के प्रचार को सुन कर दुकानदारों में चावल लेने की होड़ लग गई। एक-एक दुकानदार 10-10 बैग उठाए नजर आया। दुकानदारों ने बताया कि कुछ देर बाद चावल को ब्लैक में भी बेचा जाने लगा। दुकानदारों ने बताया कि बैग 290 की जगह 350 में दिया जाने लगा। गाड़ी के दोनों ओर उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय का लोगो लगा कर बैनर भी लगाया गया था। गाड़ी पर जो भोंपू लगाया गया था उसकी स्वीकृति भी नही थी। बार-बार अनाउंसमेंट भी कि जा रही थी कि भारत सरकार द्वारा सस्ते दामों में दिया जा रहा है सस्ते दामों में चावल। कोई भी आमजन इसे खरीद सकता है। अनाउंसमेंट को सुन कर लोगों का भारी हुजूम चावल खरीदने के लिए गाड़ी के पास उमड़ रहा था। चावल को आमजन की जगह दुकानदार खरीदते नजर आए। ऐसे में चावल की गुणवता और आदर्श आचार संहिता पर लगातार संश्य बना रहा। जुलाना थाना प्रभारी नवीन मोर ने बताया कि नेफेड के अधिकारियों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि भारत सरकार का उपक्रम है। जिसके तहत चावल को 29 रुपये प्रतिकिलोग्राम के हिसाब से बेचा जा रहा है। गाड़ी के कागजात की चैकिंग के बाद गाड़ी को छोड़ दिया गया है।

# लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने के लिए बीजेपी का चार घंटे मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़/गुरुग्रामः लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर बीजेपी फुल कॉन्फिडेंस में है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जितने के रोडमैप पर बुधवार देर रात गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा के आला नेताओं की चार घंटे तक बैठक चली, जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर गहन मंथन किया और अब तक हुए कार्यों का फीडबैक लिया गया। लोकसभा प्रभारियों और संयोजकों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में हर एक विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। चार घंटे तक चले मंथन के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार किया गया है, 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां शीघ्र ही पूरी कर ली जाएंगी। वहीं पूर्व सीएम मनोहर लाल ने दावा करते हुए कहा हरियाणा में इस बार 4 जून को 11 कमल खिलने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि अभी तक 31 विजय संकल्प रैलियां हो चुकी है और बाकी बची 59 रैलियों को शीघ्र ही कर लिया जाएगा। इनकी तिथियां तय कर ली गई है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नोमिनेशन कार्यक्रम भी शुरू होने वाले हैं उनके बारे में भी बैठक में चर्चा हुई है। बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बताते हुए नायब सैनी ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रवास, विधानसभा स्तर और इससे ऊपर के कार्यक्रमों की रचना व योजनाओं पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले नोमिनेशन की तिथियां भी तय कर ली गई है। श्री सैनी ने कहा कि 29 अप्रैल को पहला नोमिनेशन गुरुग्राम में होगा तथा 6 मई को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वह स्वयं करनाल विधानसभा के लिए नोमिनेशन करेंगे। श्री सैनी ने कहा कि कार्यकताओं और जनता में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि हम 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां पूरी करेंगे और 10 की लोकसभाओं में जनता के आशीर्वाद से कमल खिलेंगे।



**मनोहर लाल का विपक्ष पर तंज, बोले-विपक्ष का खिलाड़ी मैदान में नहीं: बैठक** के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विपक्ष पर तंज कसा और चुटकी लेते हुए कहा कि हमें ताज्जुब हो रहा है कि सारा का सारा खेल वन साइड चल रहा है। हमारे सामने कोई खिलाड़ी है नहीं ही। पूर्व सीएम ने कहा कि अभ्यास भी अच्छा हो रहा है और वर्जिस भी अच्छी हो रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि कहा कि इस कुश्ती का मजा तब आएगा, जब विपक्ष का प्रत्याशी घोषित हो जाएगा। पूर्व सीएम ने कहा कि हरियाणा की धरती पर 11 कमल जनता 4 जून को खिलाने वाली है। हरियाणा में भाजपा की चल रही विजय संकल्प रैलियों के बारे में पूर्व सीएम ने बताया कि 10 मई तक सभी रैलियां पूरी कर ली जाएंगी।

**रोडमैप**

**8 सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल, सुभाष बराला, फणींद्र नाथ की उपस्थिति में रोडमैप तैयार**

# चुनाव में मतदान बढ़ाने की पहल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा आम चुनाव-2024 में हरियाणा में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल द्वारा एक अनोखी पहल की गई है, जिसके तहत मतदाताओं को इस बार मतदान करने के लिए बुलाने हेतु ब्याह-शादी की तरह निमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे। शादी समारोह की तरह बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं का स्वागत करेंगे। इस बार हरियाणा में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। राज्य में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होना है और 29 अप्रैल को चुनावों की अधिसूचना जारी होगी। अनुराग अग्रवाल ने इस अनोखी पहल के बारे में बताया कि शादी की तरह निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है, जिसमें लिखा गया है कि भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को इतना ही नहीं, निमंत्रण पत्र में मतदाताओं के नाम संदेश भी दिया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप तय दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम स्थल आपका मतदान केंद्र है। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु हर जिला में शपथ भी दिलवाई जा रही है और नागरिक शपथ ग्रहण समारोहों में बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं।

**निमंत्रण पत्र**

**8 ब्याह-शादी की तरह मतदाताओं को भेजे जाएंगे निमंत्रण पत्र, बूथ लेवल अधिकारी करेंगे मतदाताओं का स्वागत**

## एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में होगी जारी: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से नेत्रहीन दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए एपिक कार्ड और फोटो वोटर स्लिप ब्रेल लिपि में छपवाई जाएगी और ब्रेल बैलेट पेपर तथा ईवीएम पर स्लिप की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इसके अलावा, दिव्यांग मतदाताओं को अनेक प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं, जिसमें व्हीलचेयर की व्यवस्था, मतदान केंद्रों में रैम्प और परिवहन की सुविधा शामिल है।

# एशियाई ताइक्वांडो चैंपि. के लिए भारतीय टीम का हुआ चयन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वर्ल्ड ताइक्वांडो द्वारा वियतनाम में प्रस्तावित एशियाई सीनीयर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के इंडिया ताइक्वांडो द्वारा भारतीय टीम का चयन कर लिया है। झुंझुनूं स्थित श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कैंपस में दो दिन तक चले इस ट्रायल में महिला-पुरूष वर्ग में आधा दर्जन भारवर्गों के लिए 12 खिलाडियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ी मई के दूसरे सप्ताह में वियतनाम में होने वाली चैंपियनशिप में देश का नेतृत्व करेंगे।

आज यहां जानकारी देते हुए इंडिया ताइक्वांडो के प्रेजीडेंट नामदेव सम्पत शिरगांवकर एवं श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के प्रेजीडेंट डॉ डीएस ढुल ने बताया कि 15 अप्रैल से 25 अप्रैल तक श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में इंडियन टीम के लिए प्रशिक्षण व ट्रायल कैंप का आयोजन किया गया था। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय ट्रायल के दौरान महिला व पुरूष वर्ग के छह-छह भारवर्गों में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाडियों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके आधार पर महिला वर्ग में 49 किलोग्राम से कम भारवर्ग में हरियाणा से सक्षम यादव, 53 किलोग्राम से कम भारवर्ग में चंडीगढ़ की रक्षा, 57 किलोग्राम से कम भारवर्ग में उत्तर प्रदेश की सानिया खान, 62 किलोग्राम से कम भारवर्ग में केरल की मार्गेट मैरी, 73 किलोग्राम से कम भारवर्ग में चंडीगढ की इतिशा दास व 73 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग में असम की रूदाली बैरवा का चयन किया गया है।

**चयन**

**8 10 दिवसीय कैंप में हुआ टीम का चयन, दिल्ली, हरियाणा के 3-3, चंडीगढ़ व उत्तर प्रदेश के 2-2 खिलाड़ी**

# मई-जून में सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़/काजल रानी**

हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने प्रशासनिक सचिवों को कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में निर्माण स्थलों और ईंट-भट्ठों आदि पर काम करने वाली महिलाओं, खासकर उनके छोटे बच्चों, मजदूरों और मनरेगा के तहत काम करने वाले मजदूरों को लू से बचाने के लिए हर सम्बन्धित विभाग द्वारा ऐसी योजना बनाई जाए, जिससे कि समाज के इन जरूरतमंद वर्गों को अधिक से अधिक राहत मिल सके। इसके अलावा, बुजुर्गों का भी विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्य सचिव आज यहां हीट वेव को लेकर की गई आवश्यक तैयारियों के सम्बन्ध में सभी संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों और प्रधान सचिवों के साथ एक समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मौसम विभाग के अधिकारी ने मई से जून तक हरियाणा में सामान्य से अधिक तापमान रहने की सम्भावना जताई है। मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि श्रम विभाग द्वारा मजदूरों और उनके बच्चों के लिए ऐसी योजना बनाई जाए जिससे कि उन्हें अधिक से अधिक राहत पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा कामगार कल्याण बोर्ड के पास पर्याप्त बजट उपलब्ध है और राहत कार्यों में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने ऐसे मजदूरों और उनके बच्चों के लिए धर्मशाला, सामुदायिक केन्द्र और क्रैच आदि की भी व्यवस्था करने के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था पर भी बल दिया। कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने बताया कि विभाग ने आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर ओआरएस कॉर्नर बनाने का निर्णय लिया है।



# 'हरियाणा में शिक्षा की हालत खस्ता'

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी व कल्याणकारी योजनाएं कभी बीजेपी की प्राथमिकताएं नहीं रहे। प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं की हालत पर आई ताजा रिपोर्ट ने बीजेपी के शिक्षा विरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। रिपोर्ट में पता चलता है कि प्रदेश के स्कूलों में 26000 से ज्यादा टीचर्स तो कॉलेज में 4738 सहायक प्रोफेसर्स के पद खाली हैं। कोई नया स्कूल व कॉलेज स्थापित करना तो दूर, ये सरकार पहले से स्थापित संस्थानों में अध्यापक व अन्य स्टाफ तक मुहैया नहीं करवा पाई। प्रदेश के स्कूलों में 8240 क्लासरूम की कमी है। हाई कोर्ट द्वारा फटकार लगाई जाने के बावजूद सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाए। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिर्फ एक साल के भीतर 4,64,000 विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल छोड़ दिए। कॉलेजों में भी करीब 1 लाख यूजी तो 19,000 पीजी की सीटें खाली पड़ी हुई हैं। यह आंकड़े चीख-चीख कर गवाही दे रहे हैं कि सरकार युवाओं को शिक्षा की बजाए नशे, अपराध और पलायन के रास्ते पर धकेल रही है।



# इनेलो लड़ रही है हरियाणा की जनता की लड़ाई: अभय सिंह चौटाला

## यह चुनाव पूंजीपतियों के खिलाफ लड़ रहे किसान और कमेरे का है, जो कांग्रेसी इस बात का प्रचार कर रहे हैं कि इनेलो भाजपा की सहयोगी है, वे खुद भाजपा के साथ मिले हैं

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल:** इनेलो के कुरूक्षेत्र से प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला ने वीरवार को कैथल में अंबाला रोड पर भगवान विश्वकर्मा चौक के निकट चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया। इनेलो प्रत्याशी अभय चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष रामपाल माजरा सहित अनेकों इनेलो कार्यकर्ताओं ने इस हवन में आहुतियां डालीं। कार्यालय के उदघाटन के बाद मीडिया से बातचीत में अभय चौटाला ने कहा कि हरियाणा में सरकार किसानों को परेशान कर रही है। पिछले दिनों उन्होंने सिरसा सहित कई मंडियों का दौरा किया। मंडियों में किसानों की गेहूं खरीदी नहीं जा रही। किसानों ने बताया कि तीन-तीन चार-चार दिन से गेहूं की फसल लेकर आए हुए है लेकिन गेहूं में नमी बताकर अभी तक खरीद नहीं की गई है और मजबूरन उन्हें सस्ते दामों में गेहूं बेचने पड़ा है। अबकी बार किसान, कमेरा, व्यापारी और कर्मचारी वर्ग समेत सभी लोग भाजपा सरकार को चुनाव में सबक सीखाएंगे। उन्होंने कहा कि वे एक मई को नामांकन भरेंगे। सभी कार्यकताओं से अपील है कि वे नामांकन भरवाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें।



उन्होंने कहा कि यह चुनाव पूंजीपतियों के खिलाफ किसान व कमेरे वर्ग का है। उनके सामने चुनाव लड़ रहे दोनों नेता बड़े उद्योगपति हैं। वे अपना राजनीतिक दांव लगाना चाहते हैं। मतदाता खेती से जुड़े लोग कांग्रेस के भ्रामक प्रचार में नहीं आएगा। कांग्रेस के पास उम्मीदवार तो था नहीं, अब केवल प्रचार बच गया है। आम आदमी पार्टी ने किराये भाड़े के लोग लाए हुए हैं, जो प्रचार कर रहे हैं। इससे भाजपा को फायदा मिलेगा। भाजपा के साथ अगर किसी पार्टी की लड़ाई है तो इनेलो की है। साढ़े चार साल से लगातार लोगों की आवाज उठाई है। वैसे तो पीछे दस साल से जब से भाजपा सरकार बनी है, विपक्ष का नेता रहते हुए भी सरकार की नाकामियों को उठाया। खासकर एसवाईएल को लेकर बड़ा आंदोलन किया। इसके बाद अब भी लगातार भाजपा की नीतियों के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं। जो कांग्रेसी इस बात का प्रचार कर रहे हैं कि इनेलो भाजपा की सहयोगी है, वे भाजपा के साथ मिले हुए हैं।

**दावा**

**8 खेती से जुड़े मतदाता इस बार कांग्रेस के भ्रामक प्रचार में नहीं आएगा: अभय चौटाला**

## न्यूज फ्लैश

### मोदी के नेतृत्व में सोनीपत का हुआ विकास



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: धतूरी गांव में जनसम्पर्क** कार्यक्रम में स्थानीय जनता से मिलकर मोहनलाल जी ने अपने विचार सांझा किए और अपील की कि आने वाली 25 मई को कमल के फूल का बटन दबाएं और भाजपा को जिताएं` जनता को सम्बोधित करते हुए मोहनलाल ने भाजपा सरकार द्वारा सोनीपत लोकसभा में किए गए कार्यों को भी गिनवाया। भाजपा सरकार ने प्रत्येक जिले को नेशनल हाईवे से जोड़ने का काम किया है` बात अगर सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की की जाए तो भाजपा सरकार ने 9 नेशनल हाईवे यहाँ की जनता को भेंट किए है` खरखौदा में मारुती कंपनी का प्लांट लगवाया, बड़ी के अंदर रेल कोच फैक्ट्री तैयार की, राई स्पोर्ट्स स्कूल को यूनिवर्सिटी का दर्जा दिलाया और अनेक अस्पतालों का निर्माण कराया इसके बाद गांव कामी, हसनपुर ,भिगान, राजपुर, ललेहड़ी कलां, ललेहड़ी खुर्द, लड़सौली, पिपलीखेड़ा, बड़ी और गन्नौर शहर मे मोहन लाल ने जनसंपर्क अभियान चलाया।

### जनता मॉडर्न स्कूल वधावा राम कॉलोनी पानीपत में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत:** जनता मॉडर्न स्कूल वधावा राम कॉलोनी पानीपत में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिसमें मलेरिया विभाग से आए ओमप्रकाश ने व स्कूल के संचालक महीपाल सूबेदार ने बच्चों को मलेरिया व डेंगू जो इस समय आने वाली संभावित बीमारियां हैं से बचने के लिए उपायों पर स्कूल स्टाफ से व बच्चों से इन बीमारियों पर डिस्कस किया। व उनकी रोकथाम के लिए उपाय के बारे में बताया गया। उसके बाद मलेरिया कैसे पनपता है कैसे इसका लार्वा बनता है किस जगह यह पाया जाता है एक चित्र बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल में किया गया। बच्चों ने ड्राइंग के माध्यम से चित्र बनाकर बच्चों ने समझने की कोशिश की यह कैसे बनता है और इसको हम कैसे खत्म कर सकते हैं उसके बाद स्कूल की तरफ से मलेरिया बचाओ रैली का आयोजन भी किया गया । जो वधावा राम कॉलोनी में कई गलियों से होकर के वापस स्कूल में पहुंची। रैली के दौरान लोगों को पप्लेंट भी बांटे गए जिनके ऊपर मलेरिया से बचने के उपायों के बारे में बताया गया था। इस अवसर पर टिंकू सर ,तुषार ,शुभम ,नीलम मैडम ,अनीता मैडम, दीपा मैडम, ज्योति मैडम ,शमशेर ,राजेंद्र , रामकुमार इत्यादि लोगों ने हिस्सा लिया।

# एप के माध्यम से मतदाता ले सकेंगे चुनाव संबंधी लेटेस्ट अपडेट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में युवा मतदाताओं की मौके पर वोट बनाने के लिए मोबाइल एप से आवेदन करवाया गया और युवा मतदाताओं को मोबाइल एप के माध्यम से चुनाव संबंधी ताजा जानकारी लेने के बारे में प्रशिक्षण भी दिया गया। इतना ही नहीं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने मास्टर ट्रेनर से मोबाइल एप और टोल फ्री नंबर 1950 के बारे में सीधा संवाद भी किया। इस दौरान प्रत्येक विद्यार्थी की वोट बनवाने और वोट से संबंधित जानकारी लेने की तमाम शंकाओं को दूर किया गया। उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार और अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के सभागार में वीरवार को मोबाइल को लेकर एक वर्कशॉप कम प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मास्टर ट्रेनर सुनील मराठा और जय किशन ने मोबाइल एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस शिविर में पत्रकारिता विभाग के शिक्षक डा. आबिद अली, रितू, सुनीता, मोनिका, अर्पण, प्रीति, अमित, सचिन, गौरव, जतिन, नीतिन, राहुल, राकेश आदि ने भी मोबाइल एप से संबंधित सवाल-जवाब किए। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए 18वें लोकसभा आम चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनेक ऑनलाइन मोबाइल ऐप शुरू किए हुए हैं जो मतदाताओं के साथ-साथ उम्मीदवारों के लिए भी काफी फायदेमंद हैं। इन एप्स का प्रयोग करके मतदाता व उम्मीदवार सरलतम तरीके से घर बैठे ही चुनाव से संबंधित नवीनतम जानकारियां ले सकते है तथा अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 18 साल का कोई भी युवक या युवती अपना वोट बनवाना चाहता है तो वह वोटस.ईसीआई.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार भारत निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल के नाम से एक मोबाइल ऐप शुरू किया है। इस मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर कोई भी नागरिक आदर्श आचार संहिता की कहीं अवहेलना हो रही है तो उसकी फोटो या वीडियो बनाकर अपनी शिकायत भेज सकता है, जिसका निवारण निर्वाचन कार्यालय की ओर से 100 मिनट के अंदर किया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने कैंडिडेट नॉमिनेशन एप्लीकेशन के नाम ऑनलाईन नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए भी से एक ऐप बनाया है। कोई भी प्रत्याशी इस ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन को इस ऐप पर ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। इसमें ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से अपनी जमानत राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। एक बार आवेदन दर्ज होने के बाद उम्मीदवार कैंडिडेट सुविधा ऐप का प्रयोग कर अपने आवेदन की आगामी कार्यवाही पर नजर रख सकते हैं।उन्होंने कहा कि रिटर्निंग अधिकारियों के लिए आयोग ने एनकोर के नाम से एक सॉफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें उम्मीदवारों का आवश्यक डाटा फीड रहता है। उम्मीदवारों की संपत्ति के विवरण को देखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने शपथ पत्र पोर्टल बनाया है। इस ऐप पर किसी उम्मीदवार की चल-अचल संपत्ति, हलफनामे को ऑनलाइन देखा जा सकता है। निर्वाचन आयोग ने बूथ ऐप के माध्यम से मतदाताओं की डिजिटल पहचान करने की सेवा शुरू की है। मतदाता वोटर हेल्पलाइन ऐप को अपने ईपीआईसी कार्ड से जोड़कर अपनी मतदाता पर्ची को डाउनलोड कर सकते हैं। वोटर टर्नआउट ऐप में कुल जनसंख्या के अनुपात में बने वोटों की संख्या को देखा जा सकता है। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए आयोग ने पीडब्ल्यूडी ऐप आरंभ किया है।

## शस्त्र लाइसेंस धारक अपने हथियार समय पर जमा करवाएं: भोरिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : लोकसभा चुनावो** के मद्देनजर कुरुक्षेत्र पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी जारी करते हुए अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंसी हथियार समय से नजदीकी पुलिस थाना या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा करवायें। यह जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार सागवाल ने बताया कि अधीक्षक कुरुक्षेत्र श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनावो की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ जिला कुरुक्षेत्र में आचार संहिता भी लागू हो गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और भय मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से लाइसेंस धारक अपना हथियार बिना किसी देरी के अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि आपके क्षेत्र में जिन लोगों के पास लाईसेंसी हथियार है उन सभी के हथियारों को चुनाव से पहले संबंधित पुलिस थाने या गनहाउस में जमा करवाना सुनिश्चित करें ।

**आदेश**

**8 अपना हथियार अपने नजदीकी थाना में या प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास जमा कराएं**

उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति थाना के अलावा प्राधिकृत शस्त्र डीलरों के पास अपने हथियार जमा करवा सकता है परंतु हथियार जमा करवाने की रसीद को संबधी थाने में दिखाना अनिवार्य है। चुनाव के दौरान किसी के पास भी कोई हथियार नहीं होना चाहिए। जो लोग अपने लाइसेंसी शस्त्र जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ धारा-188 की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी तथा उनके शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण रोककर, लाइसेंस की कैंसलेशन की प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

## गंभीर चोट मारने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत: थाना** तहसील कैंप पुलिस ने दीनानाथ कॉलोनी में डीजे पर हुई कहासुनी के दौरान ईट से हमला कर कॉलोनी निवासी युवक दीपक को गंभीर चोट मारने के मामले में आरोपी को बुधवार देर शाम गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान अंशु उर्फ अर्जुन निवासी दीनानाथ कॉलोनी के रूप में हुई। पुलिस ने पूछताछ के बाद वीरवार को आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि थाना तहसील कैंप में दीनानाथ कॉलोनी निवासी दीपक पुत्र राजपाल ने शिकायत देकर बताया था कि 24 मार्च की देर शाम कॉलोनी में घर के पास गली में डीजे बज रहा था। वह भी डीजे देखने के लिए चला गया। तभी वहा पर कॉलोनी निवासी अर्जुन पुत्र राजकुमार आया जिसने शराब का सेवन कर रखा था। अर्जुन नाचते हुए सभी को गाली गलौच करने लगा। उसने गाली देने से मना किया तो अर्जुन ने मारपीट करते हुए ईट उठाकर उसके सिर व पैर पर मारी । हरस ने उसको छुड़वाया। आरोपी हमला कर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया।

## 4 व 5 मई को कैथल में प्रांतीय सम्मेलन होगा: चट्ठा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : आज हरियाणा** कर्मचारी महासंघ से संबंधित आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर नंबर 681 की जिला कार्यकारिणी की मीटिंग नया बस स्टैंड परिसर कुरुक्षेत्र में जिला प्रधान रामनिवास शर्मा की अध्यक्षता में हुई ?। मंच का संचालन जिला सचिव जगदीप सिंह ने किया। मीटिंग में विशेष तौर पर प्रांतीय मुख्य प्रेस प्रवक्ता अमरीक सिंह चट्ठा व प्रांतीय प्रचार सचिव प्रवेश गौरी मौजूद रहे । मीटिंग में जिला संगठन से संबंधित सभी ब्रांचो के पदाधिकारी साथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मीटिंग में बोलते हुए अमरीक सिंह चट्ठा ने बताया कि प्रांतीय संगठन द्वारा 24 वां प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन नजदीक जखोली अड्डा महाराजा अग्रवाल धर्मशाला कैथल में संपन्न होगा। सर्कल कैथल में चुनाव होने पर जिला कुरुक्षेत्र के कर्मचारियों की अहम जिम्मेदारी बनती है सभी कर्मचारियों को परामर्श दिया गया कि प्रांतीय चुनाव में सभी पदाधिकारी कर्मचारी साथी समय पर पहुंचे और जो भी जिम्मेदारी संगठन द्वारा लगाई जाएगी उसको एक-एक साथी पूर्ण निष्ठा से निभाने का काम करें। उपस्थित पदाधिकारीयों द्वारा चुनाव में अपनी-अपनी जिम्मेवारी को लेकर जिला संगठन को पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया हरियाणा सरकार को चेताते हुए कहा कि यदि कर्मचारियों की जायज मांगों का समाधान जल्द से जल्द नहीं किया जाता तो आचार संहिता हटने उपरांत संगठन प्रदेश स्तर बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होगा जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी हरियाणा सरकार की होगी।

मीटिंग में अजय कुमार ,महेंद्र सैनी, सुरेंद्र शर्मा, सिकंदर लालर ,सुमेरचंद, अमरजीत सिंह, सुरेश कुमार, सतीश कुमार, परीक्षित कुमार ,गुरमेल सिंह ,सोमदत्त, गौरव कुमार ,अजय राठी, नीरज कुमार, नरेंद्र कुमार आदि कर्मचारी व पदाधिकारी

## स्कूल में वाटर कूलर लगाने का कार्य अत्यंत अनुकरणीय: रमेश भट्ट



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बिशनगढ़ में सिंचाई विभाग के सहायक पद पर कार्यरत विक्रम सिंह ,मोहित सैनी और उनकी टीम द्वारा वाटर कूलर लगवाया गया।विद्यालय प्रभारी नितिका शर्मा ने बताया कि गर्मी के इस मौसम में सिंचाई विभाग की टीम द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है।अध्यापक रमेश भट्ट ने विक्रम और उनकी टीम का आभार प्रकट किया और कहा कि अक्सर हम दान पुण्य करते रहते है किंतु विद्यालय रूपी माँ सरस्वती के पावन मंदिर में स्वच्छ एवं शीतल जल के लिए वाटर कूलर लगाने का कार्य अत्यंत अनुकरणीय प्रयास है।वाटर कूलर का उद्घाटन पूरे विधिवत रूप से पूजा करके किया गया।राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ कुरुक्षेत्र के प्रेस प्रवक्ता अमरजीत पांचाल ने कहा कि कोई भी समाजसेवी संस्था या समाज सेवक अपनी संस्था द्वारा या अपने पूर्वजों के नाम से,या अन्य किसी अवसर पर जिले के सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गर्मी से बचाव हेतु, पेयजल के लिए वाटरकूलर, इन्वर्टर बैटरी,जरनेटर, या अन्य कोई भी सामान दान स्वरूप दे सकता है, जिससे इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे लाभान्वित होंगे।इस अवसर पर विधालय टीम द्वारा सभी के लिए जलपान की व्यवस्था की गई।

**लाभान्वित**

**8 कोई भी सामान दान स्वरूप दे सकता है, जिससे इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे लाभान्वित होंगे**

## आईएफएनडी और जे ए एलएस टी ए ने कार्यशाला का आयोजन किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**जापान फाउंडेशन** द्वारा आयोजित कार्यशाला में सी एस आर पहल का हिस्सेदार बना डीपीएस पानीपत सिटी दिल्ली के ब्लूबेल्स इंटरनेशनल स्कूल में द जापान फाउंडेशन और अन्य संगठनों के सहयोग से आईएफएनडी और जे ए एलएस टी ए द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य उन नीतियों पर चर्चा करना था जो विदेशी भाषाओं के शिक्षण और सीखने को प्रभावित करती हैं' इस कार्यशाला में जापान के विदेश मंत्रालय के सलाहकार प्रोफेसर अशोक कुमार चावला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे ' उन्होंने 10 स्कूलों और जापानी भाषा पढ़ने वाले छात्रों को पाठ्य पुस्तकें दान करने के लिए द क्योसन टीम भारत के साथ सहयोग किया ' डीपीएस पानीपत सिटी उन स्कूलों में से एक था जिन्हें जापान फाउंडेशन से अनुदान के रूप में इस सी एस आर पहल के एक हिस्से के रूप में पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हुई।

## आज करनाल में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी 26 अप्रैल को करनाल में कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री आमजन से रूबरू होंगे और करनाल लोकसभा चुनाव व विधानसभा उप चुनाव में भाजपा के लिए वोट की अपील करेंगे। नायब सिंह सैनी 1.30 बजे अग्रवाल धर्मशाला में विधानसभा उप चुनाव कार्यालय में पहुंचेंगे और कार्यकताओं से रूबरू होंगे। इसके पश्चात रामनगर स्थित एसडी स्कूल में 2 बजे, राम नगर स्थित मोहित बैंक्वेट पैलेस में 3 बजे शामिल होंगे।

## वागीश्वरानंद की पुण्य स्मृति पर की श्रद्धांजलि अर्पित



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद : महामंडेलश्वर** स्वामी वागीश्वरानंद महाराज की पुण्य स्मृति पर श्री चेतन ज्योति आश्रम हरिद्वार में गुरुजन स्मृति श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। आश्रम प्रबंधक महंत ऋषिश्वरानंद महाराज ने बताया कि समारोह में संत महापुरुषों के सान्निध्य में महामंडेलश्वर प्रमोधानंद, महामंडेलश्वर ललित आनंद गिरी, महामंडेलश्वर यतेंद्रानंद महाराज, विधायक मदन कौशिक, सतपाल भरमचारी, गोपाल कृष्ण गिरी, देवेंद्रानंद गिरी, महंत रविंद्रपुरी महाराज, महंत शिवम महाराज सहित देश के विभिन्न स्थानों से आए संतों ने महामंडेलश्वर स्वामी वागीश्वरानंद महाराज की पुण्य स्मृति पर श्रद्धझंजलि अर्पित की। विधायक मदन कौशिक ने कहा कि संतों का सान्निध्य मिलने से हमारा जीवन सुखद बनता है। उन्होंने कहा कि हमें गौवंश को सहारा देना चाहिए। गौमाता में सभी देवी-देवता वास करते है इसीलिए गौमाता की सभी को पूजा करनी चाहिए। बलरामदास हठयोगी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए संत समाज को हमेशा प्रयासरत्त रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर संत समाज को देशवासियों को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना चाहिए। प्रबंधक महंत ऋषिश्वरानंद महाराज ने सभी महामंडलेश्वर व संतों-महंतों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष गुरुजन की श्रद्धांजलि सभा में अनेक महामंडलेश्वर, संत व दूर-दराज से श्रद्धालु पहुंचतें है। श्रद्धांजलि समारोह में विभिन्न संतों ने महामंडेलश्वर स्वामी वागीश्वरानंद महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किए व उपस्थित श्रद्धालुओं पर ज्ञानवर्षा की। समारोह उपरांत भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व नपा प्रधान बलदेवराज चावला, मयंक चावला, पंकज वत्स, पं. अनिल जोशी सहित श्रद्धालु उपस्थित थे।

## चुनावों को लेकर कर्मचारियों को दिया चरणों अनुसार प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला: जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन के मार्गदर्शन में लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत पीठासीन अधिकारियों एवं वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को चार जगहों पर शैडयूल के अनुसार चरणों अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने सभी जगहों पर जाकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशिक्षण के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी और कहा कि इस प्रशिक्षण से उन्हें चुनाव के सफलतापूर्वक आयोजन में काफी सहायता मिलेगी। स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाये जाने के लिये उपायुक्त के मार्गदर्शन में बैठकों के साथ-साथ अन्य गतिविधियों के माध्यम से सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये जा चुके हैं। इसी कड़ी में आज पीठासीन अधिकारियों व वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कार्यों जैसे फार्मों को भरना, चुनाव के दौरान उनके जो दायित्व एवं जिम्मेदारी तय की गई है, उसके बारे उन्हें जानकारी दी गई है। इस मौके पर ईवीएम मशीन, वीवी पैट, बैल्ट पेपर यूनिट के साथ-साथ अन्य कार्यों के बारे में भी प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जहां कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी दी गई, वहीं चुनाव कार्यों से जुड़ी उनकी एक परीक्षा भी ली गई। परीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों को वही प्रश्न पूछे गये, जोकि चुनाव से सम्बन्धित थे। प्रशिक्षण शिविर के तहत अतिरिक्त उपायुक्त ने मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, जीआरएसडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सैकेंडरी स्कूल पुलिस लाईन, एसए जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण शिविर का जायजा लिया।

उन्होंने भी सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि चुनाव प्रक्रिया से जुड़े हर कार्य के बारे उन्हें जानकारी होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से करवाना हम सबकी जिम्मेदारी है। सम्बन्धित अधिकारियों को जो दायित्व सौंपा गया है, उसका वे बखूबी निवर्हन करते हुए चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन करवाएं।

**ट्रेनिंग**

**8 अपराजिता ने सभी जगहों पर जाकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रशिक्षण में आवश्यक जानकारी दी**

## कम पैसों में लोगों का इलाज कर लाभ पहुँचाएगा क्यआरएस नेचुरोपैथी क्लीनिक



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र के सेक्टर** 7 पीर वाली गली में क्यआरएसक नेचुरोपैथी क्लीनिक खुला, जिसका शुभारंभ स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन संदीप गर्ग द्वारा रिबन काटकर किया गया।समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लोग लाखों रुपए का इलाज प्रतिदिन जो अब तक विदेशों में या सिर्फ बड़े अस्पताल एम्स, नई दिल्ली मैक्स, सुपर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहाली आदि में किए जाते थे। अब वही इलाज बहुत कम दामों में कुरुक्षेत्र में किया जाएगा। इससे लोगों को काफी लाभ मिलेगा। वहीं उन्होंने खुद अस्पताल क्लीनिक की संचालिका डॉ हरविंदर कौर को बधाई दी। संचालिका डॉ हरविंदर कौर ने बताया कि क्लिनिक में घुटनों का दर्द, हृदय रोग, कमर दर्द, कैंसर, हाई बीपी, शुगर व अन्य रोगों का बहुत कम दामों पर इलाज किया जाएगा। मौके पर अनेक गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### फोर्टिस हैल्थकेयर ने किया मैंटल हैल्थ के क्षेत्र में विस्तार

**नोएडा।** फोर्टिस हैल्थकेयर ने भारत में मेंटल हैल्थकेयर के क्षेत्र में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज कराते हुए युनाइटेड वी केयर के सहयोग से आज अदायु माइंडफुलनैस के लॉन्च की घोषणा की है। अदायु, एआई संचालित संपूर्ण मेंटल हैल्थ सॉल्यूशन है जो दुनिया में सबसे



एडवांस वर्चुअल साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड के साथ उपलब्ध है। इस पहल के चलते, मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद ली गई है और अदायु के मेंटल हैल्थ विशेषज्ञों की प्रशिक्षित टीम कहीं भी लोगों तक इसे सुलभ बनाने के लिए समर्पित है। यह शानदार पहल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में फोर्टिस हैल्थकेयर की प्रतिबद्धता दर्शाती है और साथ ही, देशभर में मेंटल हैल्थकेयर सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव लाने की इसकी भूमिका पर भी जोर देती है। डॉ आशुतोष रघुवंशी, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फोर्टिस हैल्थकेयर ने फोर्टिस मेंटल हैल्थ प्रोग्राम के बारे में और जानकारी देते हुए कहा, फोर्टिस हैल्थकेयर मानसिक स्वास्थ्य के विषय को हैल्थकेयर की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, यह एक ऐसा प्रयास है जिसके लिए हम पिछले करीब एक दशक से काम कर रहे हें। आज हमने एक समर्पित मेंटल हैल्थकेयर वर्टिकल ह्यअदायु माइंडफुलनैसह्न को लॉन्च कर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। यह नई पहल न सिर्फ मेंटल हैल्थ के क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने की हमारी प्रतिबद्धता की सूचक है बल्कि साथ ही, युनाइटेड वी केयर के साथ हमारी पार्टनरशिप में एआई का मेल कराकर हमारी इनोवेटिव एप्रोच का भी परिचय देती है। यह गठबंधन मेंटल हैल्थ सेवाओं के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाएगा और लोग एक बटन दबाकर ही इन्हें प्राप्त कर सकेंगे। यह हैल्थकेयर टैक्नोलॉजी में प्रगति तो है ही, साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से सामाजिक शर्मिंदगी को दूर कर देशभर में जरूरतमंदों के लिए इन्हें मुहैया कराएगी। इस तरह की उल्लेखनीय पहल कर हम हैल्थकेयर डिलीवरी में सुधार लाकर मरीजों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाते हैं।

### मिस्र के पिरामिडों की कहानी लेकर आ रहा है History TV18

**नई दिल्ली।** समय की धूल भी जिसके नीचे दबे रहस्यों में दुनिया की रुचि कम नहीं कर पाई, उन पिरामिडों की रोचक कहानी लेकर आ रहा है, History's Greatest Mysteries: The Puzzling Pyramids of Egypt? । शनिवार, 27 अप्रैल को रात 9 बजे History TV18 पर प्रीमियर हो रही ये इनवेस्टिगेटिव सीरीज पता लगाएगी कि पिरामिड कैसे और क्यों बनाए गए थे? यह यात्रा दर्शकों को



4,600 साल पहले निर्मित पत्थर की इन विशाल पहेलियों के भीतर छिपी सच्चाइयों को उजागर करने की खोज पर ले जाएगी जो समय की चुनौतियों से लड़कर अपने स्थान पर डटी हुईं हैं। एकेडमी अवॉर्ड नॉमिनी और एमी अवॉर्ड विजेता लारेंस फिशबर्न द्वारा आयोजित यह शो प्राचीन दुनिया के इन आश्चर्यों से जुड़े रहस्यों की जांच करेगा, जो अद्भुत तकनीक का उपयोग करके बनाए गए थे। इन पिरामिडों ने सदियों से जानकारों, पुरातत्वविदों और इतिहास के विद्वानों को सवालों और अटकलों से चौंकाया है कि इनका निर्माण संभव कैसे हुआ! इस शो के माध्यम से ऐसे ही बहुत सारे सवालों के जवाबों की खोज में इतिहासकारों, पुरातत्वविदों और शोधकताओं की टीम इन ऐतिहासिक स्मारकों से जुड़े रहस्य, इंजीनियरिंग और इनके सांस्कृतिक महत्व को समझने का प्रयास कर रही है।

पिरामिडों की चित्रलिपि जिसमें महत्वपूर्ण वैज्ञानिक और गणितीय ज्ञान शामिल हो सकता है, से लेकर संरचनात्मक डिजाइन का अध्ययन करने तक, यह शो दर्शकों को दुनिया के सबसे प्रसिद्ध आश्चर्यों में शुमार इन पिरामिडों से जुड़ी पहेलियों को सुलझाने का प्रयास करता है।

# ब्रह्माकुमारीज द्वारा 'तनाव मुक्त प्रशासन' विषयक कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्रः ब्रह्माकुमारीज** मुख्यालय माउंट आबू के प्रशासक सेवा प्रभाग के संयोजक बी.के. हरीश भाई ने बताया कि आज के दौर में कोई भी ऐसा है जिसे तनाव न हो। अतः जीवन में समस्याएं तो आएंगी, परन्तु तनाव मुक्त रहें। वे प्रजापिता ब्रह्माकु ?मारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, कुरुक्षेत्र सेवा केन्द्र की इन्चार्ज बी.के. सरोज बहन के मार्गदर्शन में आयोजित 'तनाव मुक्त प्रशासन' विषयक कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता विचार व्यक्त कर रहे थे।बी.के. हरीश भाई ने



बताया कि क्रोध ही जीवन में तनाव लाता है और अक्सर अंहकारी व्यक्ति तनाव में रहता है। जूनागढ़ (गुजरात) सेवा केन्द्र से आई बी.के. मधु दीदी ने बताया कि राजयोग तो अन्तर्मन की यात्रा है। यह जानना होगा कि हम कौन हैं। राजयोग के अभ्यास द्वारा ही खुशी मिलेगी। सभी सुख शान्ति से रहेगें। उन्होंने राजयोग का अभ्यास भी कराया। ओ.आर.सी. गुरुग्राम से आई बी.के. येशू बहन ने बताया कि अध्यात्म कहता है कि आगे चलते चलो। जीवन एक यात्रा है। प्रेशर से तनाव पैदा होता है। बहन जी ने प्रश्न पूछा कि गुस्सा आता है या दिलाया जाता है। खुद को परमात्मा से जोड़ कर स्वयं की पहचान व परमात्मा की सत्य पहचान प्राप्त कर सकते हैं। इससे पहले सभी मेहमानों का कुरुक्षेत्र आगमन पर ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने स्वागत किया। इस दौरान दीपक (ए.डी.ए.), राय सिंह, पीएनबी से बी.के. हरीश, बी.के. मधु दीदी, बी.के. अदिति, बी.के. सरोज बहन ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बी.के. सरोज बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू के प्रशासक सेवा विभाग द्वारा 18 मार्च से तनाव मुक्त कैम्पेन की शुरूआत पानीपत से की गई थी। यह कैंपेन करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला, शिमला के बाद 10 मई को सोलन में सम्पन्न होगी। इस कैम्पेन में 5 भाई बहने जुटी हैं। बी.के. मधु बहन ने मंच का संचालन किया।

इस अवसर पर कृपाल सिंह, हेमलता, जय भगवान बंसल, हाकम चौधरी, राम कुमार बंसल, राजेश जैन, अनिल गुप्ता, सुलेखा गुप्ता, जनक दुलारी, आर.के. गुलाटी, बी.के. हरबंस सिंह, बी.के. सतीश कत्याल, बी.के. गौरव, बी.के. हीरा बहन मौजूद रहे।

## समाज को मजबूत बनाने में वकीलों की अहम भूमिकाः मनोहर लाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के** पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने में वकीलों की अहम भूमिका है। वकीलों का पेशा बहुत ही पवित्र तथा महत्वपूर्ण है। देश को आजादी दिलाने से लेकर वर्तमान में राजकाज में वकीलों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वकीलों को समाज सेवा में खुलकर आगे आना चाहिए। मनोहर लाल करनाल के कर्ण कमल कार्यालय में आयोजित अधिवक्ता परिषद की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वकीलों ने मनोहर लाल का जोरदार स्वागत किया और लोकसभा चुनाव में मनोहर लाल व विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी को भारी मतों से जितवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अनादिकाल से लेकर आज भी समाज का न्यायिक प्रणाली पर भरोसा बना हुआ है।

# अभय, शिवानी, आकाश और पूर्णिमा बने मिस्टर व मिस पर्सनैलिटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा**

**पाइट कॉलेज में** बीसीए और एमसीए विभाग ने अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल पार्टी यादें 2024 का आयोजन किया। जूनियर स्टूडेंट्स ने सीनियर्स को विदाई दी, वहीं शिक्षकों ने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, विभाग अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा, रजिस्ट्रार मनोज अरोड़ा ने दीप प्रज ?वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बीसीए से अभय और शिवानी ने मिस्टर पर्सनैलिटी व मिस पर्सनैलिटी, आकाश और सहजप्रीत ने मिस्टर ईव व मिस ईव, रिद्धजिन और सुमिकत जैन ने मिस व मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड



जीता। बीसीए सीटीआइएस से हर्षित व सुहानी को मिस्टर व मिस पर्सनैलिटी, लक्ष्य व निशा जैन को मिस्टर व मिस ईव, निधि व विनीत डावर को मिस व मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड दिया गया।

एमसीए से आकश व पूर्णिमा को मिस्टर व मिस पर्सनैलिटी, मयंक व कीर्ति को मिस्टर व मिस ईव और वंशिका और संयम को मिस व मिस्टर फेयरवेल का अवार्ड दिया गया।

# चुनावों को लेकर मुख्य सचिव ने ली उपयुक्त से बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः हरियाणा** के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने बुधवार को चंडीगढ़ से आयोजित वी.सी. के माध्यम से उपायुक्तों व अन्य सम्बन्धित अधिकारियों से चिन्हित अपराध, लोकसभा चुनाव के तहत चल रही तैयारियों व हीट वेव से बचने के तहत जो कार्य किये जाएंगे, उनकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर उनके साथ पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल व अन्य उच्च अधिकारीगण मौजूद रहे। वी.सी. की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने तमाम बिंदुओं बारे विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने चिन्हित अपराध के तहत सभी उपायुक्तों को कहा कि वे जिला स्तर पर बैठक लेना सुनिश्चित करें




और बैठक के दौरान चिन्हित अपराध से सम्बन्धित जो भी केस होते हैं, उन केसों में और तीव्रता लाते हुए प्रार्थी को न्याय मिले, इस दिशा में कार्य करें। उन्होंने इस दौरान कनवैंशन रेट, एक्विटल के साथ-साथ पोक्सो एक्ट के तहत की जा रही कार्रवाई की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिश-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इन सभी केसों में हमें सावधानीपूर्वक एवं कानूनी नियमों के तहत कार्य करना है ताकि पीड़ित को समय रहते न्याय मिल सके। लोगों को न्याय दिलवाना हमारी जिम्मेदारी भी है।

इसी प्रकार उन्होंने लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सम्पन्न करवाने के दृष्टिगत जो कार्य किये जा रहे है, उनकी भी समीक्षा की। हीट वेव के तहत भी सम्बन्धित विभागों द्वारा जो कार्य किये जाते हैं, उनकी जानकारी लेते हुए समीक्षा भी की। उपायुक्त डा0 शालीन ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि वी.सी. में जो दिशा-निर्देश मिले हैं, उनकी अनुपालना के तहत सभी कार्यों में तेजी लाई जाएगी। वी.सी. को देखने और सुनने के उपरांत उपायुक्त ने हीट वेव के तहत सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों में ओआरएस के पैकेट उपलब्ध करवाने बारे, गांवों में पशुओ के पीने के पानी की व्यवस्था बारे, स्वास्थ्य विभाग द्वारा एहतियात के तौर पर जो कार्य किये जाते हैं, उनको किये जाने बारे निर्देश दिये।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त अदिति, डीआरओ योगेश कुमार, डा0 सुखप्रीत, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीएफएससी जितेश गोयल के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन समालखा ने एसोसिएशन के हॉल में जजों को विदाई दी

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**बार एसोसिएशन** समालखा ने एसोसिएशन के हॉल में जजों को विदाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। बृहस्पतिवार को समालखा कोर्ट में दोनो नए जज कार्यभार संभाल सकते हैं। बार के प्रधान सचिन छौक्कर ने बताया कि समालखा बार एसोसिएशन की तरफ से बुधवार को विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें जेएमआईसी अशोक कुमार और एसडीजेएम जोगिंद्री को विदाई दी गई। इससे पहले एसोसिएशन के सदस्यों ने दोनों जजों का पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किए। एडवोकेट सुमनदीप ने कहा कि बार और बेंच में पारिवारिक रिश्ता होता हैं।



वकीलों को जजों से केस से संबंधित ज्यादा अपेक्षा रहती है। उन्होंने बताया कि दोनों जजों के साथ 3 साल का कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा। वही दयानंद पंवार ने दोनों जजों को न्याय प्रिय बताते हुए कहा की उनके साथ बहुत कुछ सीखने को मिला। वहीं एडवोकेट सुनीता राज आर्य ने बीते 3 सालों में एक परिवार की तरह काम करने के बाद विदाई समारोह को काफी दुखद बताया। कैशियर पंकज,

**कार्यक्रम**

**8 सीनियर वकीलों को जूनियर वकीलों से तालमेल बनाकर रखने के लिए प्रेरित किया। केस में मनमुटाव को हैवी ना होने दें**

सचिव मुकेश कहराना ने कहा कि एसडीजेएम जोगिंद्री जेएमआईसी अशोक कुमार के साथ बीते 3 साल हमेशा याद रहेंगे इन बीते 3 सालों में जजों के मार्गदर्शन में बहुत कुछ सीखने को मिला। दोनों जजों ने कहा कि एसोसिएशन की ओर से भरपूर सहयोग मिला। किसी भी कार्य को फल अर्थात लोग के उद्देश्य से नहीं करना चाहिए अगर किसी भी कार्य को लोग या फल के उद्देश्य से किया जाएगा तो कहीं ना कहीं परिणाम गलत हो सकते हैं। उन्होंने सीनियर वकीलों को जूनियर वकीलों से तालमेल बनाकर रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी केस में मनमुटाव को हैवी ना होने दे। एक दूसरे का सहयोग करें। इस अवसर पर प्रधान सचिन छौक्कर, उप प्रधान रोहतास कुमार, जॉइंट सेक्रेटरी ईश्वर छौक्कर, कैशियर पंकज छौक्कर, सैक्ट्री मुकेश कहराणा, एडवोकेट प्रीति राठी, एडवोकेट पिंकी शर्मा, एडवोकेट मीना थ्योरी, एडवोकेट अजय कुहाड़, एडवोकेट जसबीर, एडवोकेट भूपेंद्र आदि मौजूद रहें।

## 'प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में वंश एवं परिवार की राजनीति समाप्त हुई'



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व सीनियर** डिप्टी मेयर एवं भाजपा नेता कृष्ण गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबों के कल्याण के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनियां की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। कृष्ण गर्ग ने बताया कि 2024 में नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में वंश एवं परिवार की राजनीति समाप्त हुई है। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं रहा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी काम करने में विश्वास रखती है। यही वजह है कि आज भारतीय जनता पार्टी देश की लोकप्रिय पार्टी बन चुकी है। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े 9 सालों में जिस तरह से प्रदेश का विकास किया है और प्रदेश को आगे बढ़ाया है, अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उन ही की तरह प्रदेश का विकास करवाने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का जो संकल्प लिया है, जनता उसे पूरा करेगी।

# भगवान परशुराम कॉलेज में मतदाता शपथ कार्यक्रम का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :भगवान परशु** राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी के दिशा-निदेर्शानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नोडल अधिकारी चुनाव डॉ सुभाष शर्मा द्वारा मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज प्राचार्य प्रो. शीशपाल ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जैसा कि आप जानते हैं कि हमारे देश में आम



चुनाव चल रहे हैं और पहले चरण के मतदान का प्रतिशत पिछले चुनाव की अपेक्षा कम रहा है । बिहार में तो पचास प्रतिशत से भी कम रहा है, इससे पता चलता है कि मतदाताओं में मतदान के प्रति उदासीनता है जो कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है।

# मलेरिया की रोकथाम, बचाव इलाज के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर प्रेम इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज एवं डॉ प्रेम कैंसर हॉस्पिटल बरौली पानीपत के तरफ से ग्राम बडौली में मलेरिया की रोकथाम , बचाव एवं इलाज के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया। विश्व मलेरिया दिवस 2024 की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार के तहत प्रेम फिजियोथैरेपी एंड रिहैबिलिटेशन कॉलेज एवम वेद नर्सिंग कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं द्वारा ग्रामीण जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से बडोली गांव के पंचायत



भवन एवं मुख्य चौक पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति किया गया। साथ ही प्रेम इंस्ट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के तरफ से आज बरौली ग्राम में मलेरिया मच्छरों से बचाव के लिए दवाइयों का छिड़काव भी करवाया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण जनता को मलेरिया से बचाव के बारे में बताया गया की किस तरह से एक मच्छर के काटने से मलेरिया जैसी गंभीर बीमारी होती है की कभी कभी मौत का खतरा भी हो सकता है ।यह जागरूकता अभियान डॉक्टर विमल त्यागी वाइस प्रिंसिपल प्रेम फिजियोथैरेपी कॉलेज एवम डॉक्टर गायत्री के निगरानी में किया गया। डॉ विमल त्यागी ने मलेरिया क्यों फैलता है और मलेरिया हो जाने पर शरीर के अंदर क्या-क्या दिक्कतें आती है उसके बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए ग्रामीण जनता को बताया कि मलेरिया होने पर आपको शरीर के अंदर बुखार, सर दर्द, बदन दर्द , ठंड लगना, उल्टी, चक्कर आना, पेट दर्द , थकान, सांस लेने में तकलीफ, दिल की धड़कनों का बढ़ जाना व खांसी जैसे गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं।

# पुलिस लाईन में जवानों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः स्वच्छ भारत** मिशन अभियान को मध्यनजर रखते हुए पुलिस लाईन अम्बाला शहर में पुलिस कर्मचारियों व डी/114 आरएएफ अर्धसैनिक बल के जवानों ने पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया। इस स्वच्छता अभियान में डी/114 आरएएफ के कम्पनी कमान्डर शिवनन्दन सिहँ व पुलिस लाईन अधिकारी अम्बाला उप-निरीक्षक माहन लाल ने पुलिस कर्मचारियों सहित भाग लिया तथा सभी को स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया । पुलिस लाईन अधिकारी अम्बाला



व कम्पनी कमान्डर शिवनन्दन सिहँ ने स्वच्छता अभियान के दौरान आमजन को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का मुख्य कर्तव्य है जिसके लिए हम सभी का प्रयास अनिवार्य है। स्वच्छ वातावरण प्रत्येक को बीमारियों से दूर रखता है अगर वातावरण दूषित होता है तो अनेक बीमारियाँ पैदा होती हैं। स्वच्छता हमारी दिनचर्या का अभिन्न अंग होना चाहिए और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करना हमारा कर्तव्य है। कम्पनी कमान्डर शिवनन्दन

**साफ सफाई**

**8 प्रत्येक को बीमारियों से दूर रखता है अगर वातावरण दूषित होता है तो अनेक बीमारियाँ पैदा होती हैं।**

सिहँ ने बताया कि हमारी कम्पनी कानून व्यवस्था डयूटी के सम्बन्ध में अम्बाला में तैनात है। हमारे जवान अपनी डयूटी का निर्वहन भली प्रकार से करते है तथा इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यो में भी अपना पूर्ण योगदान देते है। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल 2024 को भी कम्पनी के सभी जवानों ने इस सफाई अभियान में बढ़चढ कर भाग लिया व गाँव रामगढ़ माजरा के सामुदायिक भवन, राजकीय प्राथमिक पाठशाला के परिसर व आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर आम नागरिकों से भी अपील की है कि वह भी अपने आसपास के क्षेत्रों में सफाई का पूरा ध्यान दें। उन्होने स्लागनों के माध्यम से भी दर्शा कर बतलाया गया कि मन में रखों एक ही सपना स्वच्छ बनाना है भारत अपना, स्वच्छ रखो अपना परिवेश जिससे स्वच्छ रहेगा देश, स्वच्छता का रखना हमेशा ध्यान तभी तो बनेगा हमारा भारत महान। उन्होंने कहा कि हम सभी के प्रयासों से स्वच्छ भारत मिशन को कामयाब व राष्ट्र को महान बनाया जा सकता है।

# सिविल सर्जन कार्यालय में विश्व मलेरिया दिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः सिविल सर्जन** अम्बाला के दिशा निर्देश अनुसार उप सिविल सर्जन मलेरिया अम्बाला की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन सिविल सर्जन कार्यालय में एवं जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं एवं स्कूलों में आयोजित किया गया। सिविल सर्जन अम्बाला डॉ राकेश सहल द्वारा बताया गया कि हरियाणा राज्य में वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए एपिडेमिक डिसीज 1897 लागू है, जिसके तहत सभी प्राइवेट अस्पतालों एवं लैब द्वारा किसी भी



प्रकार के पॉजिटिव केस मलेरिया, डेंगू, जापानी बुखार, चिकुन-गुनिया की सूचना सिविल सर्जन अम्बाला के कार्यालय को दी जानी आवश्यक है। इस मौके पर सिविल सर्जन कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप सिविल सर्जन डॉ संजीव कुमार सिंगला द्वारा मलेरिया एवं डेंगू के मच्छरों की रोकथाम के लिए जैविक तथा छिडकाव की दवाई के प्रयोग के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए जानकारी दी गई।

## संपादकीय

# आओ मतदान करें

**18वीं** लोकसभा के लिए पहले चरण का 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को देश के 13 राज्यों की 89 लोकसभा सीटों के लिए होने जा रहा है। पहले चरण का मतदान 2019 की तुलना में कम हुआ है। यह अपने आप में चिंतनीय हो जाता है। मतदान कम होने के कारणों का विश्लेषण करने का ना तो यह सही समय है और ना ही यह विश्लेषण का समय है कि मतदान कम होने से किसे लाभ होगा या किसे हानि होगी। लाभ-हानि का आकलन करना राजनीतिक दलों का विषय हो सकता है। पर दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिकों द्वारा मताधिकार का उपयोग नहीं करना अपने आप में गंभीर हो जाता है। एक ओर हम निर्वाचित सरकार से अपेक्षाएं रखते हैं और रखनी भी चाहिए, वहीं हम अपनी सरकार चुनने के लिए घर से मतदान करने के लिए भी निकलना अपनी तौहीन समझने लगते हैं। आखिर इतने गैर जिम्मेदार नागरिक हम कैसे हो सकते हैं? यहां बरबस देश की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी पर ध्यान चला जाता है कि जब हम मतदान के दायित्व को पूरा नहीं कर सकते तो फिर चुनी हुई सरकार से सवाल करने या उससे किसी तरह की अपेक्षा रखने का हक भी हमें नहीं होना चाहिए। एक एनजीओ द्वारा दायर पीएल को इसी भावार्थ के साथ खारिज कर दिया गया था। वैसे भी हमारा दायित्व हो जाता है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम समय निकाल कर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैर जिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करना किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष-विपक्ष में अनेक तर्क दिए जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाये। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रिवेंस करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया हैं वहीं, मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव तिथियों की घोषणा करते समय साफ कर दिया कि आयोग चार एम पर प्रभावी कार्यवाही करने को प्रतिबद्ध है और उसकी सूक्ष्म निगरानी की जा रही है। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी कि नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नही माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत-हार में उसका असर नहीं पड़ता।

# जाति के इर्द-गिर्द घूमती भारतीय राजनीति



अरुण कुमार दीक्षित

> "आधुनिक भारत के निमाताओं के सपने साकार करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। हमारे सभी कार्य के पीछे विचार मूल स्रोत होता है। अच्छे विचार के बीज ही महान कार्यों को संपन्न करते हैं। सुंदर विचारों को हम उनकी स्वाभाविक गति में चलने दें तो परिवर्तन निश्चित ही आता है। विचारों की शक्ति अपार होती है। विचारों की चेतना के साथ हम सब आगे आएं। समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अगुवाई करें"



**भारतीय** राजनीति में जाति की बड़ी अहमियत है। हालांकि अधिकांश महापुरुष जाति विहीन भारत के निर्माण के पक्ष में थे। वे जातिवाद को बेहद खतरनाक मानते थे और कई मौकों पर यह बात उन्होंने कही भी। जाति तोड़ो अभियानों में वे निरंतर जुटे रहे लेकिन जाति की जड़ों को हिला नहीं पाए। इसकी वजह यह रही कि उस समय जातियों का उभार तत्कालीन राजनीति कर रही थी। धीरे-धीरे यह जातीय उभार राजनीतिक गुटों, गिरोहों और वर्गों की शक्ल लेता गया और गांधी, लोहिया तथा अंबेडकर के सपने धराशायी हो गए।

आज भारत की राजनीति में जाति सम्मेलनों की बहुलता बढ़ी है। वर्गों का आधिपत्य बढ़ा है । सभी जातियों-वर्गों के अपने नेता हैं । वह जातीय सम्मेलन करते हैं। सत्तारूढ़ दलों के नेता भी अपने स्तर पर जातीय उभार को मजबूती देते हैं। राजनीति दलों के बॉयलॉज की बात करें तो उसमें एक बात समान होती है कि राजनीतिक दल सर्व समाज के लिए बिना किसी भेदभाव के समान अवसर उपलब्ध कराने के काम करेंगे। जाति नहीं देखेंगे। चुनाव में जाति की बात नहीं करेंगे, मगर विधानसभाओं, विधान परिषद, राज्यसभा के चुनाव में जाति वर्ग के कई चरण मंथन- चिंतन की जातीय इंजीनियरिंग को प्राथमिकता दी जाती है। बात यहीं नही समाप्त होती, यह धर्म और पंथ तक जाती है। समता मूलक समाज की स्थापना की नकली रस्मों ने भी भारत का बड़ा अहित किया है। यहाँ वोट का गणित है। योग्यता-मेधा नहीं है। जातियों के नाम पर पार्टियां हैं। सभी जातियों की अपनी अपनी पार्टियां हैं। अपने-अपने महापुरुष हैं। उनकी मूर्तियों को लगाने की होड़ है। पार्कों को बनवाने के लिए प्रबल माँगें हैं। इतना ही नहीं, प्राचीन भारत के गौरवशाली इतिहास पुरुषों, शासकों को अपनी जाति बताने में गर्व होता है। राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों के पोस्टर बैनर, लेटर हेड में अपनी जाति के महापुरुषों के चित्रों को लगाने का फैशन बढ़ा है। सरकारों के बदलने पर अपनी जाति वर्ग के विचारों वाले महापुरुषों व्यक्तियों की मूर्तियां लगाने, पार्क बनाने का काम पहले से ही जोरों पर है। इसमें खास बात यह है कि यह मूर्तियां लगाने और पार्क बनाने का काम जनता के धन से ही बड़ी सरलता से संपन्न होता है।

देश में लोकसभा चुनाव का तापमान मौसम के साथ बढ़ता जा रहा है। गांव-गांव, नगर-नगर जातियों के नेता सक्रिय हैं। दलों के प्रभारी भी जाति देखकर राष्ट्रीय, प्रदेशीय व जनपदों में बनाए जा जाते हैं। टिकट बंटवारे में राजनीति का मूल तत्व जाति ही है। टीवी पर भारी बहसें होती हैं। जाति के इस व्यक्ति या उस व्यक्ति के टिकट मिलने या मिलने पर, ऐसे में जाति विहीन राजनीति की बातें बेमानी है । समता, ममता और सामाजिक एकता के दावे भी फर्जी हैं। सबको साथ लेकर चलने की पंचायतें हैं, मगर जातियों की पंचायतें तय कर रही हैं कि मेरी जाति का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जाए। लोकसभा चुनाव में टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों में जातियों को लेकर गला काट प्रतिस्पर्धा है। जातिवादी, गुटों वर्गों द्वारा लगातार दलों को धमकी दी जा रही है। जातियों के अति सक्रिय होने से वे जातियां भी पीड़ित अपमानित महसूस करती हैं जिनकी संख्या कम है। वहीं अनेक जातियां उल्लसित हैं कि मेरी जाति की संख्या ज्यादा है। टीवी चैनल भी दलों के पक्ष में जाति आधारित वक्तव्य झगड़े की स्थिति तक दोहराते नहीं थकते हैं लेकिन मूल प्रश्न अनुत्तरित है कि क्या भारत में अति सक्रिय जातिवादी ही सबसे बड़े लोकतंत्र के ठेकेदार हैं? तब उनका क्या होगा जो जातिवादी नहीं हैं।

डॉ. राम मनोहर लोहिया ने जाति तोड़ो अभियान चलाया था। डॉक्टर लोहिया मानते थे कि जाति प्रथा के ऊपर सांस्कृतिक, राजनीतिक व आर्थिक हमला होना चाहिए, जिससे एक दृढ़ समाज बने । दृढ़ और मजबूत समाज के लिए जनता की उदासीनता देश के प्रति खत्म होनी चाहिए। महात्मा गांधी के बाद देश में जाति तोड़ो अभियान की अगुवाई डॉ. लोहिया ही कर रहे थे। डॉ. लोहिया के विचार खासकर आज के राजनीतिक वातावरण में विशेषतः प्रासंगिक हैं । लोहिया ने कहा कि राजनीति बुराई से लड़ती है इसलिए लड़ो। गांधी ने अपनी पुस्तक सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा के अध्याय 12 के पेज नंबर 35पर लिखा कि मेरे विलायत जाने की बात पर जाति में खलबली मच गई। कहा कि अभी तक कोई मोढ़ बनिया विलायत नहीं गया। जातीय सभा बुलाई गई। मुझे जाति सभा में बुलाया गया। कहा गया कि जाति का ख्याल है कि विलायत (विदेश) जाना ठीक नहीं। हमारे धर्म में समुद्र पार करने की मनाही है। गांधी ने कहा कि मैंने माताजी और भाई से अनुमति प्राप्त की है। सरपंच ने कहा तू जाति का हुक्म नहीं मानेगा। गांधी ने कहा जाति को दखल नहीं देनी चाहिए। सरपंच गुस्सा गए। सरपंच ने आदेश दिया कि यह लड़का ह्यगांधीह्न आज से जाति च्युत माना जाएगा। महात्मा गांधी पर जाति के निर्णय थोपने के प्रयास हुए । गांधी को भी जाति के खाँचे में रखने के प्रयास हुए। बाद में वे विदेश जा पाए।

डॉ आंबेडकर का विचार था कि जाति प्रथा से लड़ने के लिए चारों तरफ से प्रहार करना होगा। यह ईंट की दीवार जैसी कोई भौतिक वस्तु नहीं है। यह एक विचार है। अंबेडकर ने सवाल उठाया कि हमारे देश को बार-बार आजादी क्यों खोनी पड़ी। क्यों हम इतनी बार विदेशियों के अधीन हुए। कारण यह था कि हमारा सारा देश हमले के खिलाफ खड़ा नहीं हो सका। हमेशा एक छोटे से वर्ग ने मुकाबला किया और यह पराजित हो गया तो सारा देश विजेता के कदमों पर झुक गया। यह मुख्यतः हिंदुओं की जाति प्रथा के कारण हुआ है। बाबा साहब अंबेडकर एक चिंतन (मधु लिमये) की पुस्तक पृष्ठ संख्या 31 । स्वामी दयानंद ने जाति प्रथा की विकृति छुआछूत या अस्पृश्यता की प्रथा पर तीखा प्रहार किया। कहा कि यह प्रथा अनुचित और अमानवीय है, बल्कि यह वैदिक धर्म के विरुद्ध भी है। स्वामी दयानंद ने जिस राज्य व्यवस्था का समर्थन किया है, वह धर्म तंत्र नहीं है। वह कल्याणकारी राज्य है। इसमें धर्म और नैतिकता की रक्षा के साथ सार्वजनिक शिक्षा के प्रबंध आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि न्याय सत्य पर आधारित राजनीति के प्रति गहरा लगाव मूल्यवान है। लोकमान्य तिलक ने अस्पृश्यता की अमानवीय प्रथा का विरोध किया। जात-पांत पर आधारित भेदभाव की निंदा की। वे भारत में सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप सच्चा समाज सुधार लाना चाहते थे। भारतीय समाज में परिवर्तन चाहते थे। जिस समय भारत के यह सभी महापुरुष जाति उन्मूलन के लिए लगातार आंदोलनरत थे उस समय आधुनिक भारत उदय हो रहा था। गांधी, अंबेडकर, लोहिया, अरविंद घोष, लाला लाजपत राय, सुभाषचन्द्र बोस ने यह न सोचा होगा कि हमारा भारत अगले कुछ दशकों में राजनीति का संचालन जाति को प्राथमिकता देकर करेगा। आज जाति, धर्म, पंथ सर्वोच्च विषय लेकर लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। यह आहत करने वाली बात है। राजनीतिक दल, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, प्रबुद्ध जन जब तक चुनाव में जाति विहीनता के लिए अभियान नहीं चलाएंगे तब तक जातीय संगठन, जातीय पंचायतें, जातिवादी राजनीतिज्ञ जाति के नाम पर सत्ता की मलाई खाते रहेंगे। उपेक्षित होंगी प्रतिभाएं। चाहे वह राजनीतिक क्षेत्र की हों या किसान, मजदूर, नौजवान महिलाएं हों। आधुनिक भारत के निमाताओं के सपने साकार करने के लिए समाज के लोगों को आगे आना होगा। इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। हमारे सभी कार्य के पीछे विचार मूल स्रोत होता है। अच्छे विचार के बीज ही महान कार्यों को संपन्न करते हैं। सुंदर विचारों को हम उनकी स्वाभाविक गति में चलने दें तो परिवर्तन निश्चित ही आता है। विचारों की शक्ति अपार होती है। विचारों की चेतना के साथ हम सब आगे आएं। समतामूलक समाज की स्थापना के लिये अगुवाई करें।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

## फूफा पुराण कथा

**सूर्यदीप कुशवाहा**

**मांगलिक** कार्यक्रमों में अक्सर हलवाई के पास जो बेकार दो-तीन लोग कुर्सी जमाकर बैठते हैं। वही पहचान फूफा के होते हैं। उनको ही वहाँ बैठने और छप्पन भोग चखने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त होता है। यह अपने ससुराल में दर्जाप्राप्त जीजा रहे हैं।दरअसल में फूफा अतीत हुआ, जीजा ही है। वह लोकतंत्र का मतदाता है, जो मानने को तैयार नहीं होता कि चुनावी बसंत बहार गुजर चुका है। वह आज राष्ट्रपति जैसी गद्दी पर है। लेकिन सम्मानित राजगद्दी अब प्रधानमंत्री के हाथ है।कभी फूफा भी जीजा था, अब है नहीं। वह यह अंतर समझना नहीं चाहता है। ससुराल में जीजा से फूफा अलंकरण बाद उसे सदा के लिए मार्गदर्शक मंडल में डाल दिया जाता है। ऐसी पैतराबाजी राजनीति में भी सुनने को मिल ही जाती है।वह सभी मांगलिक कार्यक्रम में मार्गदर्शन करता जरूर है, पर सुनता कोई नहीं है। लोग फूफा के ऐंठन को दूसरे सामान्य रिवाजों की ही तरह लेते हैं। वे यह मानते हैं कि वह बेकार में मुंह फुलाई रस्म अदा कर रहा है।

किसी भी मांगलिक अवसर पर यदि फूफा मुँह न फुला ले तो बाकि नाते-रिश्तेदारों को संदेह होने लगता है। उसे अपनी उपस्थिति जताने का यही एक मौका मिलता है और इसको वह भुनाता नहीं भूलता है। वह सुतली बम-सा फूटने को तैयार रहते हैं। वह किसी-न-किसी बात पर गुस्सा का स्वांग रचता है। चिड़-चिड़ाहट की आहट है। करैला स्वाद में तीखी नोकझोक करता है। किसी बेतुकी-सी बात पर खुद बेइज्जत हो जाता है। ऊपर से इज्जत सब करते हैं।मांगलिक कार्यक्रम में दोबारा न आने की घोषणा करता है। लेकिन भीष्म प्रतिज्ञा नहीं करता है और जैसे ही निमंत्रण मिलता है। वह मुंह फुलाने फिर आता है। जैसे दल - बदलू होते हैं। सेम तू सेम नेचर होता है।फूफा को यह गलतफहमी है कि उसकी नाराजगी को बहुत गंभीरता से लिया जायेगा। पर सूरज पश्चिम से उदय हो जाए लेकिन फूफा को अब जीजा वाला तवज्जो नहीं मिलने वाला। जाहिर है कि वे भी अपनी लाज कहाँ बचाते हैं। वह नाराज नए लवंडो का माहौल भाँप लेता है। मामला हाथ से न निकल जाए, उसके पहले ही मान जाता है। वह बढ़ रहे मामला को सरकारी आकड़ों सा लपेटता है।फूफा बनने पर बेचारा हारा हुआ राजा की गति को प्राप्त होता है। जीजा राज हाथ से निकलता देख हर मांगलिक कार्य में कुढ़ता है।

इसके लिए वह नाराजगी के रथ पर चढ़ता है। मन मसोस कर खाता है और दूसरों से बहुत पहले पंडाल में खरार्टे लेने लौट आता है। फूफा चूंकि और कुछ कर नहीं सकता, इसलिए वह मुंह फुलाता है। फूफा पुराण कथा बार -बार पढ़ने से कोई भी फूफा नहीं बनता है। इसको पढ़ने का प्रसाद है।

## विचार

# राष्ट्रहित में संकल्पित युवा शक्ति का मतदान

**भारत** इन दिनों अपना सबसे बड़े और पावन पर्व का आयोजन बड़े धूमधाम से कर रहा है` विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में भारत के नागरिक अपने राष्ट्र को अपने राष्ट्र को सशक्त और मजबूत सरकार देने के प्रयास में लगे हैं` सात चरणों में पूर्ण होने वाले इस वर्ष के लोकसभा के ये चुनाव देश के इतिहास के सबसे बड़े चुनाव होंगे` जिसमे से पहले चरण का मतदान पूर्ण हो चुका है , शेष अभी बाकी हैं` बैसे तो 18 वर्ष के ऊपर के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करते ही हैं, परन्तु हम सभी जानते हैं कि भारत युवाओं का देश है , यंगिस्तान कहे जाने वाले अपने भारत में आज लगभग 66% युवा मतदाता हैं` मतदाताओं का ये प्रतिशत किसी भी राष्ट्र की दशा और दिशा बदलने के लिए पर्याप्त है` आज भारत का युवा पहले के मुकाबले अपने राष्ट्र के प्रति और अधिक जागरूक और सक्रिय हो गया है` इसका अंदाजा अपने इर्द गिर्द हो रही कुछ घटनाओं को देखकर लगाया जा सकता है` उदाहरण के लिए जैसे गतवर्ष महिला समन्वय की तरफ से ब्रज प्रान्त में महिला सम्मलेन और इस वर्ष उसी क्रम में तरुणी और युवा सम्मेलनों का आयोजन कई स्थानों पर कराया गया था` सम्मेलनों में संख्या विशेषकर युवा तरुणियों की बढ़ती संख्या इस बात की ओर इशारा तो कर रही थी कि कहीं न कहीं हमारा युवा मतदाता अपने राष्ट्र की उन्नति को लेकर बेहद संवेदनशील रवैया अपना रहा है` फैशन, कैरियर, टेक्नोलॉजी के साथ अब भारत का युवा अपनी संस्कृति और राष्ट्र के हित को लेकर भी जागरूक है` इस बात पर पक्की मुहर तब लग गयी जब चुनाव आयोग ने इस वर्ष के आकडे जारी किये और उसमे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में स्पष्ट किया गया कि 18 से 29 साल के आयु वर्ग में 2.63 करोड़ नये मतदाताओं ने पंजीकरण कराया है इसमें भी महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से अधिक रही` ये बड़े ही हर्ष का विषय है कि युवाओं विशेषकर महिलाओं में अपने राष्ट्र के प्रति ये विजन देखने को मिल रहा है समाज में आज युवा-वर्ग भारत की हर राष्ट्रीय और अन्तेर्राष्ट्रीय स्थिति , परिस्थिति और इसके साथ ही इन सभी में भारत की भूमिका को देखते हुए बहुत गंभीरतापूर्वक विचार कर रहा है` अब वह समय नहीं जब युवा अपने सिलेबस से बाहर की बात कहकर अनदेखा कर दिया करता था बल्कि इसके उलट अब वह समाज में सामाजिक कार्यों से जुड़कर किस प्रकार की भूमिका हमारी होनी चाहिए ? इस बात पर विचार करता है` किसी भी राष्ट्र को तभी पूरी दुनिया सम्मान से देखती है और सम्मान देती है जब वह अपनी संस्कृति , विरासत पर गर्व करते हुए आगे बढता है` यह बात अब भारत का युवा जान चुका है और इसमें कोई संदेह भी नहीं कि युवा ही हमारे राष्ट्र का भविष्य हैं` आज भारत युवा शक्ति समपन्न राष्ट्र है ,इतनी युवा शक्ति तो भारत के पास तब भी नहीं थी जब हमने आजादी पायी थी` जरा विचार कीजिये इतनी विशाल युवा-शक्ति यदि कुछ करने की ठान ले तो वह भारत को किस उचाई पर ले जा सकती है` आज का युवा देश की तरक्की देख रहा है , सम्पूर्ण विश्व में भारत की साख पर गर्व भी महसूस कर रहा है ` इसके साथ ही एक और शक्ति को भी अपने अन्तेमन में महसूस कर रहा है वो है भारत की आध्यात्मिक शक्ति` यह स्पष्ट है कि युवा शक्ति, आध्यात्मिक शक्ति को महसूस कर पूर्ण सम्मान के साथ उसका समर्थन भी कर रही है` ये दोनों विश्व की महानतम शक्तियां हैं और इतिहास साक्षी है कि जब जब दो पावन शक्तियों का संयोग हुआ है तब तब इतिहास रच गया है` यह हमारा सौभाग्य ही है कि ये दो महान शक्तियां केवल भारत के पास ही हैं विवेकानंद द्वारा रचित कर्मयोग में कर्म के रहस्य का ज्ञान का वर्णन किया गया है जिसमें सत्व , रजो और तम इन तीनों गुणों का सम्बन्ध मुख्यतः कर्मयोग से बताया गया है` कर्मयोग ही हमें यह शिक्षा देता है कि तीनो गुणों का उचित उपयोग किस प्रकार किया जा सकता है ,

हम अपना कार्य अच्छी प्रकार कैसे करें साथ ही यदि हम लोग सुसंस्कृत , सुशिक्षित हैं तो हमें चिंतन, दर्शन, कला और विज्ञान में आनंद मिलता है इसके साथ ही धार्मिक चिंतन के अभ्यास में भी अलग ही आनंद है बल्कि स्वामी विवेकानंद जी ने तो अध्ययन के रूप में भी धर्म को अत्यंत आवश्यक माना है


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कम समय में जेईई एडवांस का रिवीजन कैसे करें

**विजय गर्ग**

**उचित** तैयारी और दृढ़ संकल्प के साथ आईआईटी जेईई पास करना संभव है। आईआईटी जेईई एक कठिन परीक्षा है, फिर भी यह उतनी कठिन नहीं है जितना हर कोई सोचता है। कई छात्रों की एकमात्र कठिनाई यह है कि उन्हें एक ही समय में बोर्ड परीक्षाओं और आईआईटी जेईई दोनों की तैयारी करनी होगी। जबकि 12वीं कक्षा से आईआईटी तक छात्रों का रास्ता सबसे कठिन है, ऐसे कई प्रारंभिक दृष्टिकोण हैं जिनका उपयोग वे ऊपर सूचीबद्ध चुनौती और कई अन्य बाधाओं पर विजय पाने के लिए कर सकते हैं। जेईई एडवांस परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र कुछ महीनों में जेईई एडवांस कैसे पास करें, इसके टिप्स देख सकते हैं। लेख में उल्लिखित तकनीकें अंतिम समय में योजना बनाने और तैयारी करने के लिए सर्वोत्तम शॉर्टकट ट्रिक हैं। इन युक्तियों की योजना बनाना, शेड्यूल करना और क्रियान्वित करना छात्र को वांछित इंजीनियरिंग संस्थान तक पहुंचने के लिए परीक्षा में अच्छे ग्रेड सुनिश्चित करेगा। 1. भागों की सावधानीपूर्वक योजना बनाएं एक अध्ययन योजना बनाएं. यह छात्र को उन सभी मुद्दों को व्यवस्थित करने में सहायता करता है जिन्हें कवर किया जाना चाहिए।

उनके पास उपलब्ध समय की मात्रा के आधार पर किसी विषय को निर्दिष्ट करने के लिए एक डिजिटल कैलेंडर का उपयोग करें। प्रतिदिन कम से कम 8 घंटे पढ़ाई करें। एक जटिल और एक सरल विषय निर्दिष्ट करें। गणित के विषयों को रोजमर्रा की पढ़ाई में शामिल करें। हर दिन, भौतिकी पहेलियाँ हल करें। आईआईटी जेईई के लिए अध्ययन रणनीति बनाना महत्वपूर्ण है, लेकिन उस पर कायम रहना कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। 2. पुस्तकें - परम उद्धारकर्ता छात्र पूछते रहते हैं - "क्या हम 2 महीने में जेईई एडवांस क्रैक कर सकते हैं?" इसका उत्तर संदर्भ पुस्तकें हैं जो तैयारी में अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बाजार में इतनी सारी पाठ्यपुस्तकों के साथ, सर्वश्रेष्ठ जेईई मेन या एडवांस्ड पाठ्यपुस्तक का चयन करना मुश्किल हो सकता है। एनसीईआरटी की किताबें जेईई की तैयारी के लिए बाइबिल हैं। एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों के अलावा अनुशंसित मानक पाठ्यपुस्तकों का संदर्भ लें।

## जुबान लड़ाने की कला

**डॉ. सुरेश कुमार**

**हमारे एक मित्र हैं।** आए दिन समाचार चैनल देख-देखकर उनके जुबान की धार बहुत तेज हो गई है। कभी-कभी लगता है कि साग-सब्जी भी अब इसी से काटते हैं। वैसे भी जहाँ धारदार जुबान हो वहाँ मुंड चाकुओं के होने का क्या मतलब? वे अक्सर मुझसे कहते रहते हैं कि लड़ाने को यों कुछ भी लड़ाया जा सकता है, पर जुबान लड़ाने का मजा ही कुछ और है। चाकू जुबान को नहीं चला सकती, लेकिन जुबान चाकू को जरूर चला सकती है। सुनने में बड़ा अजीब लगता है लेकिन किसी के आगे जुबान लड़ा कर देखिए। या तो बिगड़े काम बन जायेंगे। या फिर बने बनाए काम बिगड़ जायेंगे। यह सब जुबान लड़ाने वाले के कौशल पर निर्भर है कि वह कितनी अच्छी तरह से जुबान लड़ा सकता है। जुबान लड़ाना एक कला है। इसके लिए साधना करनी पड़ती है। ऋषि-मुनि की तरह। अंतर केवल इतना है कि वे ऋषि-मुनियों को एकांत की आवश्यकता पड़ती है, जबकि जुबान लडाने वालों को भीड़ की। चुनावी रैलियों, चाय की टपरी, नुक्कड़ो-चौराहों पर यह माहौल बना-बनाया मिलता है। शरीर में जुबान ही एक ऐसा अंग है जिसमें हड्डी नहीं होती है। इसलिए दुनियाभर के इंसान अलग-थलग हैं। जुबान लड़ाना एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसकी शास्त्रीय व्याख्या बहुत जरूरी है। आप कल्पना करके देख सकते हैं कि यदि कोई व्यक्ति कुछ बोल रहा हो और उसकी बात को काटकर अपनी जुबान लड़ा दें तो स्वाभाविक है कि सामने वाली की ऐसी-तैसी होनी ही है। आखिर जुबान लड़ाने का अर्थ क्या है? अर्थ इसका काफी विस्तृत है, इसलिए विविधता भी पाई जाती है। जरूरी नहीं कि आप जिस कारण कहीं जुबान लड़ाते हो, हम भी उसी कारण से लड़ाएँ। अर्थात यह लड़ाने वाले की नीयत पर निर्भर करता है। फिर भी, एक सार्वजनिक अर्थ इसका है, अनावश्यक हस्तक्षेप करना। कोई चाहे, न चाहे, जरूरत हो, न हो। दूसरों के मामलों में दखलअंदाजी करना। यह महज एक सामान्य और सतही अर्थ है। इसके अर्थ की व्यापकता की कोई सीमा नहीं है। यह पूरी तरह जुबान लड़ाने वाले की सुविधा, इच्छा और जरूरत पर निर्भर करता है। अब रही बात कि जुबान लड़ाने की जरूरत क्या है? यह एक शौक है, आदत है या बीमारी?

## न्यूज फ्लैश

### स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को भेजा जेल



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। थाना निसिंग पुलिस** ने स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों बुटा सिंह पुत्र जिले सिंह और विकास पुत्र बलबीर सिंह वासी निसिंग को रिमांड अवधि समाप्त होने पर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम द्वारा रिमांड के दौरान आरोपियों के कब्जे से छीना गया फोन बरामद किया गया। निसिंग के थाना प्रबंधक निरीक्षक जंगशेर सिंह ने बताया कि रिमांड के दौरान की गई पूछताछ में आरोपियों द्वारा चोट पहुंचाकर स्नैचिंग करने की दो अन्य वारदातों के संबंध में भी खुलासा किया गया। इनके संबंध में पहले से ही शिकायतकताओं की शिकायत पर दो मुकदमे थाना निसिंग में दर्ज हैं। इनमें से एक मामले में टीम द्वारा पीडित से छीना गया मोबाइल फोन व दूसरे में एक हजार की नकदी बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों द्वारा वारदात में अपने एक अन्य साथी साहिल वासी निसिंग के संबंध में भी खुलासा किया गया है, जिसे भी गिरफ्तार करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। आज दोनों आरोपियों की रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद उन्हें पुनः अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### जेईई (मेन) 2024 सेशन 2 के परिणाम में चमके आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार




**हिसारः** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने हिसार से अपने 12 स्टूडेंट्स की असाधारण उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जाम (जेईई) मेन 2024 के दूसरे सत्र में 98 परसेंटाइल और उससे अधिक स्कोर किया है। उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले स्टूडेंट्स मनुज 99.98 एआईआर 314, रिषित बराला ने 99.83 परसेंटाइल व एआईआर 2766, गुरप्रीत 99.43 परसेंटाइल व एआईआर 9152, कुनाल खैरवाल ने 99.42 परसेंटाइल, रश्मि ने 99.42 परसेंटाइल और प्रियांशी सेहरा ने 99 परसेंटाइल हासिल किए हैं। स्टूडेंट्स का शानदार प्रदर्शन न केवल उनकी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, बल्कि भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में परीक्षण किए गए विषयों पर उनकी गहरी पकड़ को भी सामने लाता है. नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 24 अप्रैल, 2024 की देर रात दूसरे सत्र के परिणामों का अनावरण कर उत्कृष्टता का एक नया मानदंड स्थापित किया है. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित, इन छात्रों ने विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक के रूप में मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई को के लिए एक कठिन यात्रा शुरू की। जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त आईआईटी जेईई को क्रैक करना था। उनकी उन्नति उनके अथक समर्पण का प्रमाण है, जो मूल सिद्धांतों को मास्टर करने और अनुशासित अध्ययन व्यवस्था का पालन करने में किया गया। अपनी गहरी कृतज्ञता का अभिव्यक्त करते हुए, उन्होंने स्वीकार किया,, हम आकाश के विषेशज्ञ शिक्षकों की ओर से तैयार की गई सामग्री और कोचिंग के लिए ऋणी है, जो हमारी यात्रा में महत्वपूर्ण साबित हुई। उनके अटूट मार्गदर्शन के बिना, एक संक्षिप्त समय सीमा के भीतर कई विषयों में महारत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होती। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर, परमेश्वर झा ने छात्रों को हार्दिक बधाई देते हुए जोर दिया, उनका उल्लेखनीय प्रदर्शन छात्रों को व्यापक कोचिंग और नवीन शिक्षण समाधान प्रदान करने, उन्हें सशक्त बनाने के लिए एईएसएल की प्रतिबद्धता और प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उनके दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

# नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए प्रदेश के लोगों में जोशः नायब सैनी



**हरियाणा के मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने सब्जी मंडी में विशाल "विजय संकल्प रैली" को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए पूरे प्रदेश के लोगों में जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछले 10 वर्षों में हमारी सरकार के शासन में लोगों के जीवन स्तर में अभूतपूर्व सुधार आया है। कांग्रेस पार्टी का देश की सत्ता पर बहुत लंबे समय तक शासन रहा, मगर उनके शासनकाल में गरीबों का कोई भला नहीं हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तालिया की गड़गड़ाहट के बीच 'विजय संकल्प रैली' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का फोकस देश के विकास के साथ-साथ गरीब लोगों के उत्थान पर भी रहा है इसके लिए केंद्र और प्रदेश की सरकारों ने अनेक लाभकारी योजनाएं बनाकर क्रियान्वयन की जिनका गरीब लोगों के साथ-साथ आम जन को लाभ मिल रहा है। हरियाणा प्रदेश के लोगों को भरपूर मात्रा में बिजली,पानी व खाद मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत प्रत्येक गरीब के घर में गैस का सिलेंडर मुहैया कराया गया। हर घर जल योजना के तहत नल कनेक्शन करने और शौचालय लोगों को घरों में बनाने का कार्य किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वास कर रहा है। आज नरेंद्र मोदी के विकास के विश्वास पर मैं देश की जनता की तरफ से दावा कर रहा हूं कि एनडीए 400 लोकसभा सीटे पार कर भारी बहुमत से देश की सत्ता हासिल करेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। नरेंद्र मोदी ने चार करोड लोगों के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने का कार्य किया जबकि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में अपने लिए व अपने रिश्तेदारों के लिए महलों का निर्माण कार्य करने का काम किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश के 140 करोड लोगों की रक्षा बखूबी कर रहें हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी व उसके मुखिया गरीबी हटाने के नाम पर वोट बटोरते रहे लेकिन राहुल गांधी गांधी की दादी भी इस देश से गरीबी नहीं हटा पाई। रैली के आयोजक व पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो.रामबिलास शर्मा ने भारी भीड़ से गदगद "विजय संपन्न रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनियोजित ढंग से देश का भरपूर विकास करवाया है।

## थानेदार के दुर्व्यवहार के मामले को लेकर सीएम से मिले पत्रकार



**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ । गत दिनों** पूर्व कनीना शहर थाना प्रभारी सुधीर कुमार द्वारा पत्रकारों के लिए मर्यादित और अशोभनीय व्यवहार करने के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद हरियाणा पत्रकार संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले। पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा ने पत्रकारों की मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात करवाई। इस दौरान संघ के प्रधान प्रदीप बालरोड़िया ने मुख्यमंत्री के सामने मांग रखते हुए कहा कि कनीना शहर थाना प्रभारी सुधीर कुमार का आम जनता और पत्रकारों के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। थाना प्रभारी द्वारा किए गए व्यवहार से पत्रकार नाराज हैं और सांकेतिक धरना भी दे चुके लेकिन थाना प्रभारी के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं होने से पत्रकारों में भारी रोष है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को आश्वत करते हुए कहा कि थाना अधिकारी के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई करेंगे। इससे पहले एक प्रतिनिधि मंडल बुधवार को पुलिस अधीक्षक से भी मिला। पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि जो घटना हुई वह गलत हुई और आगे उनके साथ ऐसा दोबारा नहीं होगा। हरियाणा पत्रकार संघ के प्रधान प्रदीप बालरोड़िया ने कहा है कि उम्मीद है कि जल्द ही पत्रकारों की मांग पर कार्रवाई की जाएगी।

## स्लम एरिया टेलेंट की स्कूली बैग भेंट कर मनाई शादी की वर्षगांठ

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा नारनौलः शहर की** अग्रणी संस्था नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप के सदस्य संदीप जैन ने आज अपनी शादी की सालगिरह के उपलक्ष में स्लम एरिया टैलेंट नारनौल के बच्चो के लिय स्कूल बैग भेंट करते हुए अपनी शादी का सालगिरह मनाई ।

संस्था के सदस्यों ने अपील करते हुए कहा कि सभी को भी अपने जन्मदिन ,शादी की सालगिरह,या अन्य कोई भी त्योहार एवम् कोई भी खुशी के पल इन जैसे बच्चो के साथ मनाए जाने चाहिए। ताकि हमारे साथ साथ इनको भी खुशी महसूस हो।

# रोटरी क्लब ने जल कुटीर व शौचालय का करवाया निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्माः नारनौल। रोटरी क्लब** नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब बेलाज के तत्वावधान में स्वर्गीय रामदुलारी देवी धर्मपत्नी रमेश चन्द बंसल के पुत्रों प्रसिद्ध व्यवसायी कृष्ण बंसल व सोनू बंसल ने स्थानीय पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शीतल जल कुटीर एवं शौचालय का निर्माण करवाया। वीरवार को रमेश चन्द बंसल ने जल कुटीर एवं शौचालय का लोकार्पण कर उदघाटन किया। जिला पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे तथा अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या शीला आर्या ने की। मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने विद्यालय की कन्याओं से वातार्लाप करते हुए उनके सवालों के जवाब दिए तथा उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी लेते हुए उनके समाधान के लिए आश्वस्त किया। साथ ही उन्होने विद्यार्थियों को प्रतिदिन कम से कम दो समाचार पत्र पढ़ने के लिए भी जागरूक किया। प्राचार्या शीला आर्या ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रोटरी क्लब ने विद्यालय को जल कुटीर, शौचालय, मां सरस्वती की प्रतिमा जैसी अनेक सुविधाएं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाई हैं। शौचालय व वाटर हट से विद्यालय की कन्याओं को सुविधा मिलेगी। पीने के ठंडे आरओ युक्त पानी व साफ सफाई देखकर विद्यालय की कन्याओं के चेहरों पर खुशी की लहर देखने लायक थी। रोटरी क्लब की ओर से प्रधान नरेश गोगिया ने इस नेक कार्य के निर्माणकर्ता रमेशचंद बंसल व अन्य अतिथिगणों को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर संजय गर्ग ने किया।

## मंदिर में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। एचएपी मधुबन** में बने मंदिर के दानपात्र से चोरी करने वाले तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से चांदी के गहने, चांदी के सिक्के और 1500 रुपए की नकदी बरामद की गई है। उल्लेखीन है कि 21 अप्रैल की सुबह एचएपी मधुबन में बने मंदिर से किन्हीं अज्ञात व्यक्तियों द्वारा दानपात्र से कुछ चांदी के आभूषण, चांदी के सिक्के और नकदी चोरी कर ली गई थी। इस संदर्भ में मंदिर के पुजारी की शिकायत पर थाना मधुबन में भादंस की धारा 457, 380, 411 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में पुलिस टीम ने तत्परता से कार्य करते हुए सबूतों के आधार पर 22 अप्रैल को अशोक विहार कालोनी मधुबन से दो आरोपियों रोनक पुत्र नारायण और दीपक पुत्र कृष्ण सैनी वासीयान अशोक विहार कालोनी मधुबन करनाल को गिरफ्तार किया गया।

# जिला के क्रिटिकल बूथों की पहचान को लेकर किया गया विचार-विमर्श



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिला के** पांचों विधानसभा क्षेत्रों में क्रिटिकल बूथों की पहचान करने के लिये आज उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने यहां जिला सचिवालय में उप पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। इसमें पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण भी मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने हलका इंद्री, करनाल, नीलोखेड़ी, असंध और घरौंडा हलका के उन गांवों के बूथों के बारे में विचार-विमर्श किया, जहां चुनाव के दौरान अप्रिय घटना की आशंका है। चुनाव शांतिपूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से कराने के लिये इन बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जायेगा। एसपी दीपक सहारण ने ऐसे कुछ गांवों में दौरा करने के लिये उप पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिये। उपायुक्त ने डीएसपी को उन लोगों पर भी नजर रखने के निर्देश दिये जिनकी पृष्ठभूमि आपराधिक रही है। उन्होंने बताया कि क्रिटिकल बूथों की सूची आयोग को भेजी जायेगी ताकि इन पर अर्ध सैनिक बलों के अतिरिक्त जवान तैनात किये जा सकें। करनाल विधानसभा क्षेत्र में क्रिटिकल बूथों की संख्या सबसे कम है। एसपी ने डीएसपी को हर गांव के किसी न किसी मौजिज व्यक्ति को मोबाइल नंबर भी रखने के निर्देश दिये ताकि जरूरत पड ? पर उससे संपर्क किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 29 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो जायेगी। प्रत्याशी के साथ चार अन्य व्यक्ति निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में नामांकन के लिये आ सकते हैं। सौ मीटर दूरी के अंदर केवल तीन गाडि ?ों के आने की अनुमति होगी। उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट के बारे में जल्द से पूरी जानकारी उपलब्ध करा दी जायेगी। इस मौके पर एडीसी अखिल पिलानी, एसपी दीपक सहारण, अतिरिक्त एसपी प्रबीना पी, करनाल के एसडीएम अनुभव मेहता, घरौंडा के राजेश सोनी, असंध वीरेंद्र ढुल, इंद्री के अशोक कुमार, नगराधीश शुभम, तहसीलदार चुनाव जयवीर सिवाच, डीएसपी मनोज, गुरमेल, विजय कुमार, वीर सिंह, सोनू नरवाल, नायब सिंह, परमजीत आदि मौजूद रहे।

# योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक बल प्रदान करता हैः दिनेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के अंतर्गत मिशन के संस्थापक दिनेश गुलाटी ने फव्वारा पार्क सेक्टर बारह योग कक्षा में योग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि उत्तम स्वास्थ्य का आधार योग और साधना है। उन्होंने मौजूद साधकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ योग के विशेष महत्व के विषय में समझाया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि योग हमें शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक बल प्रदान करता है । योग साधकों को सूक्ष्म क्रियाओं, आसनों और प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। योग शिक्षिका वीना धीर, और एनफ चौधरी ने यहां मौजूद रहकर साधकों को योग करने की विधियां समझाई।

## कैंप में 50 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्माः उपायुक्त** एवं जिला रेडक्रॉस समिति की अध्यक्षा मोनिका गुप्ता (आईएएस) के मार्गदर्शन में आज रेडक्रॉस के आजीवन सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता सचिन अग्रवाल ने अपने माताजी व पिताजी के विवाह की 25वीं वर्षगांठ पर रेडक्रॉस भवन में स्वैच्छिक रक्तदान कैंप का आयोजन किया। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा (आईएएस) ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर रक्तदान कैंप का शुभारंभ किया। कैंप में 50 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। एडीसी ने सचिन अग्रवाल की माताजी रेखा एवं पिताजी संजय को उनके विवाह की वर्षगांठ पर शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# छात्रों ने मलेरिया के बारे में दिया जागरूकता का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत : ज्ञान गंगा मांटेसरी** एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में बृहस्पतिवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मलेरिया से बचाव का पाठ पढ़ाया गया और उन्हें सावधानी बरतने की सलाह भी दी गई। विद्यार्थियों ने पोस्टर व मॉडल बनाकर मलेरिया के बारे में सभी को जागरूक किया । इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों से कहा कि दुनियाभर में हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस खास दिन को मनाने के पीछे का उद्देश्य मलेरिया की रोकथाम करके लोगों की जान बचाना है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम ही है दुनिया को और न्यायसंगत बनाने के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना। उन्होंने बच्चों को बताया कि मलेरिया फीमेल एनोफिलीज नाम के मच्छर से काटने के कारण होने वाली बीमारी है और इससे जान को खतरा हो सकता है । बारिश के मौसम या नम वातावरण में ये मच्छर तेजी से पनपते हैं और इस बीमारी का प्रकोप होने लगता है । मलेरिया की गंभीर स्थित बच्चों के लिए खतरनाक हो सकती है । उन्होंने कहा कि मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए अपने घरों व आसपास साफ सफाई रखनी चाहिए। मलेरिया के मच्छर अधिकतर शाम या रात को काटते है इसलिए इस समय संभव हो तो उन कपड़ों का उपयोग करें जो शरीर के अधिकांश के अधिकांश हिस्से को ढक सके । स्कूल में अध्यापिका कुमारी राखी और कविता की देखरेख में पोस्टर मेकिंग व मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रा गौरवी , गीतांशी, अंजलि, जया, खुशी, चिराग, मानित, एकता, प्रिया, रिद्धिमा, इशिका ने अपने पोस्टर के माध्यम से मलेरिया से बचाव को लेकर जरूरी जानकारी दी।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ायाः सुमन



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के सभी वर्गो के विकास के लिए दिन रात काम किया है और वैश्विक स्तर पर देश का कद बढ़ाया है। देश की जनता चाहती है कि केवल नरेंद्र मोदी ही देश के प्रधानमंत्री बनें और जनता का समर्थन और आशीर्वाद नरेंद्र मोदी के साथ है। करनाल विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी वीरवार को सेक्टर-8 में वैद्य देवेन्द्र बत्तरा, गऊशाला रोड पर राम अवतार व चिराग गुप्ता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। सुमन सैनी का सभी कार्यक्रमों में जोरदार स्वागत किया गया। सुमन सैनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को करनाल में भारी मतों से जिताने का आह्वान किया। सुमन सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों और देश के विकास के बारे में सोचते हैं, जबकि विपक्ष केवल अपने बच्चों को मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री बनाने के बारे में सोचता है।

**संकल्प**

**8 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाज के सभी वर्गो के विकास के लिए दिन रात काम किया है : सुमन सैनी**

उन्होंने कहा कि सरकार ने उन 60 करोड़ गरीबों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए काम किया है, जो पहले विकास प्रक्रिया से अलग-थलग महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के 10 वर्षो में आज देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है और जनता मोदी के इस संकल्प को पूरा करने में साथ है, ताकि हमारा देश पंक्ति में सबसे आगे हो। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए जनता करनाल सहित प्रदेश की सभी 10 सीटें मोदी की झोली में डालेगी और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी जनता के आशीर्वाद से कमल खिलेगा। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता, रेखा आनंद, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, पूर्व पार्षद मोनिका गर्ग व प्रियंका काठपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# पीसीसी अकैडमी में सेमिनार का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतः** पीसीसी अकैडमी में एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका मुख्य उद्देश्य था । अपने समय को किस तरीके से मैनेज करना चाहिए मौके पर पीसीसी एकेडमी के निदेशक राजीव परुथी ने कहा हमें समय की कदर करनी चाहिए। हमें बिल्कुल भी अपने समय को व्यर्थ नहीं करना चाहिए राजीव परुथी के अनुसार आजकल की युवा पीढ़ी अपने उन कार्यों में समय व्यर्थ करती है जिसका जीवन में कोई भी प्रयोग नहीं है। आजकल लोग दूसरों की बातें करने में अपना समय व्यर्थ करते हैं दूसरों की बुराई करने में अपना समय व्यर्थ करते हैं हमें अपने ऊपर ध्यान देना चाहिए समय की कदर करनी चाहिए समय ही सबसे बड़ा भगवान है। राजीव के अनुसार जिसने समय की कदर नहीं की समय ने भी उसकी कदर नहीं की पीसीसी एकेडमी में बच्चों को बताया गया हमें हररोज की दिनचर्या लिखनी चाहिए, हमें क्या करना है लिखित में होना चाहिए हमें आलसी नहीं बनना चाहिए आने वाले समय में हमारे क्या प्लान है यह हमें पहले ही पता होना चाहिए और हमें उन पर काम करना चाहिए। इस मौके पर शिल्पा पृथ्वी ने कहा जब लड़की कुंवारी होती है वह समय सोशल मीडिया पर व्यर्थ करती है शादी होते ही उसके सिर पर जिम्मेदारियां का घड़ा फूटता है वह समझ नहीं पाती कि मैं कैसे मैनेज करूं।

# एक नेता और अपराधी में फर्क करना गलत: ईडी

## ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा: केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की एक याचिका का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। उसने दाखिल हलफनामे में दिल्ली की आबकारी नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में केजरीवाल को मुख्य साजिशकर्ता बताया है। साथ ही केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कई समन जारी किए जाने के बावजूद उन्होंने सहयोग नहीं किया है।

**नौ बार भेजा गया था समन:** ईडी ने गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका का विरोध करते हुए कहा है कि केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों की मिलीभगत से धन शोधन के अपराध को अंजाम देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। वहीं, हलफनामे में यह भी कहा गया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री को नौ बार समन देकर बुलाया गया था, लेकिन वो पेश नहीं हुए।

**हिरासत को सही ठहराया गया:** गौरलतब है कि केजरीवाल ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को सही ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए ईडी को 24 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही कहा था कि मामले की सुनवाई 29 अप्रैल से शुरू हो रहे सप्ताह में होगी।

**सामान्य अपराधी से अलग व्यवहार करना मनमाना होगा:** हलफनामे में कहा गया कि सामग्री के आधार पर अपराध करने के लिए किसी व्यक्ति की गिरफ्तारी, चाहे वह कितना ही बड़ा क्यों न हो, कभी भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की अवधारणा का उल्लंघन

**हलफनामा**

8 केंद्रीय एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कई समन जारी किए जाने के बावजूद उन्होंने सहयोग नहीं किया है

नहीं कर सकता। नेता के साथ एक अपराधी से अलग व्यवहार करना मनमाना और गिरफ्तारी की शक्ति का उल्लंघन होगा।

**मनी लॉन्ड्रिंग मामले के दोषी**

हलफनामे में कहा गया कि आईओ के पास मौजूद सामग्री से यह पुष्टि हुई है कि वह मनी लॉन्ड्रिंग मामले के दोषी हैं। ईडी का कहना है कि केजरीवाल को सही तरीके से गिरफ्तार किया गया है न कि किसी दुर्भावनापूर्ण या बाहरी कारणों से। एजेंसी ने कहा कि इस बात से साफ इनकार किया जाता है कि गिरफ्तारी दुर्भावनापूर्ण थी।

## सड़क से गुजर रहे युवक की गहरे नाले में गिरकर मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पश्चिम दिल्ली के पंजाबी बाग इलाके में एक युवक गहरे नाले में गिर गया। स्थानीय लोगों ने उसे नाले में गिरता देखकर मामले की सूचना पुलिस और दमकल विभाग को दी। नाला करीब 12 से 15 फुट गहरा था। पुलिस ने गोताखोरों की टीम को मौके पर बुला लिया। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद शव को नाले से निकाल लिया गया। मृतक की शिनाख्त अनिल कुमार (40) के रूप में हुई है। ख्याला थाना पुलिस ने उसका शव कब्जे में लेकर डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस हादसे की वजह का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मना जा रहा है कि चक्कर आने के बाद संतुलन बिगड़ने की वजह से हादसा हुआ। पुलिस सीसीटीवी से पड़ताल कर रही है। पुलिस के मुताबिक, अनिल कुमार अपने परिवार के साथ रघुबीर नगर इलाके में रहता था। उसके परिवार में पत्नी के अलावा अन्य सदस्य हैं। अनिल एक निजी फैक्टरी में काम करता था। बुधवार सुबह करीब 9.00 बजे वह काम पर जाने के लिए निकला था।

# दिल्ली मेयर चुनाव पर संकट

## आप का आरोप- परंपरा तोड़ रहे एलजी; चंडीगढ़ महापौर चुनाव जैसी

**साधा निशाना**

8 सौरभ भारद्वाज ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव का जिक्र करते हुए पूछा ऐसी चोरी क्यों की गई?



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में कल यानी शुक्रवार को होने वाले मेयर और डिप्टी मेयर चुनाव की प्रक्रिया पर आम आदमी पार्टी (आप) के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि कल होने वाले मेयर के चुनाव का अभी तक पीठासीन अधिकारी नियुक्त नहीं किया गया है।

इससे एक नए तरीके के संवैधानिक संकट लाने की कोशिश की जा रही है। पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति के बिना मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव नहीं हो सकते हैं 'चुनाव को संपन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी की जो फाइल चुने हुए मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय के बाद उपराज्यपाल (एलजी) के पास जानी थी, वो फाइल चोरी छिपे एलजी के पास भेज दी गई और एलजी केरल में मौजूद हैं। तय प्रक्रिया तो ये है कि आउटगोइंग मेयर ही पीठासीन अधिकारी बनेगा, लंबे समय से यही नियम और प्रक्रिया का पालन हो रहा था। लेकिन दुःख के साथ कहना पड़ रहा है कि भाजपा के एलजी इस परंपरा को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं'। पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुए मेयर चुनाव में बीजेपी ने वोटों की चोरी करके अपना मेयर चुनने की कोशिश की थी। इस षड्यंत्र में मुख्य किरदार पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह थे। सौरभ भारद्वाज ने कहा, परसों मैंने एलजी को पत्र लिखा कि नियमों के विरुद्ध प्रमुख सचिव ने यह फाइल एलजी को भेजी है। एलजी से कहा कि फाइल लौटाई जाए, लेकिन उन्होंने फाइल नहीं लौटाई।

इसके बाद प्रमुख सचिव को भी पूछा कि किन नियमों के तहत फाइल एलजी को भेजी गई, तो उस पर भी जवाब नहीं मिला।

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव का जिक्र कर जताई आशंका:** सौरभ भारद्वाज ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव का जिक्र करते हुए पूछा ऐसी चोरी क्यों की गई? साथ ही आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि कोई साजिश हो रही है जिससे मेयर चुनाव न हो या फिर बेईमानी से भाजपा का मेयर बनाया जा सके।

# जेल में केजरीवाल से मुलाकात को लेकर हो रही साजिश: सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने तिहाड़ जेल प्रशासन की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके परिवार और करीबियों को नहीं मिलने देने पर कड़ी आपत्ति जताई है। आप नेताओं का आरोप है कि केजरीवाल से जेल में न मिलने देने की साजिश रची जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के साथ शिक्षा मंत्री आतिशी को मुख्यमंत्री से मिलना था। इसके लिए आतिशी ने मंगलवार को सभी नियमों का पालन करते हुए आवेदन किया, लेकिन आखिरी वक्त पर मुलाकात रद्द कर दी है। भारद्वाज के साथ सांसद संदीप पाठक मिलने गए, लेकिन उनसे भी मुलाकात नहीं

**गंभीर आरोप**

8 भारद्वाज के साथ सांसद संदीप पाठक मिलने गए, लेकिन उनसे भी मुलाकात नहीं कराई गई

कराई गई। अकेले सौरभ भारद्वाज ही मिल सके। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह का कहना है कि वह इसके खिलाफ बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री और उपराज्यपाल को पत्र लिखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन केजरीवाल का मनोबल तोड़ना चाहता है, लेकिन वो नहीं झुकेंगे-टूटेंगे। सिंह ने पार्टी



मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर आरोप लगाया कि आखिर किस दुश्मनी का बदला केजरीवाल के परिवार और उनके चाहने वालों से ले रहे हैं। सौरभ भारद्वाज और आतिशी को केजरीवाल से मुलाकात करनी थी, लेकिन मंगलवार को आतिशी की मुलाकात रद्द कर दी गई। जबकि आतिशी ने मुख्यमंत्री मिलने के लिए सारे नियमों का पालन करते हुए सामान्य मुलाकात के लिए नाम देकर ईमेल करके अनुमति मांगी थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इसके बाद तय किया कि पार्टी के संगठन महामंत्री और राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक केजरीवाल से मुलाकात करने जाएंगे। लेकिन, जब संदीप पाठक मुलाकात करने के लिए जेल पहुंचे तो उन्हें सुबह 9:30 बजे मुलाकात कराने से मना कर दिया। इस मुलाकात रद्द करने के पीछे कोई कारण नहीं बताया गया। सांसद संजय सिंह ने कहा कि ये लोग एक सांसद और एक शिक्षा मंत्री की मुलाकात रद्द कर रहे हैं। अब आगे केजरीवाल से उनकी पत्नी या फिर किसी और की मुलाकात भी रद्द कर देंगे। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इंसुलिन देने में 23 दिन लग गए। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी के खिलाफ कई स्तर पर साजिश की जा रही है। 24 घंटे निगरानी हो रही है, पीएमओ और एलजी कार्यालय से सीसीटी कैमरे देख रहे हैं।

**भारद्वाज ने केजरीवाल से जेल में की मुलाकात:** उधर, केजरीवाल से जेल में मुलाकात करने के बाद सौरभ भारद्वाज ने कहा कि तिहाड़ प्रशासन से मिलने के लिए 12:30 बजे का समय लिया था। मुख्यमंत्री से करीब 30 आधे घंटे की बातचीत हुई।

एक खिड़की में लगे शीशे के दूसरी तरफ केजरीवाल बैठे थे और दूसरी तरफ मैं बैठा था और एक फोन के जरिए उनसे बातचीत हो पाई। दोनों की अच्छी बातचीत हुई। केजरीवाल ने कहा है कि उनके बारे में दिल्लीवाले चिंता न करें, वो बहुत मजबूत हैं।

# तिहाड़ में भिड़े दो गुट: वहां कई हत्याएं हुईं: आप



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली की** तिहाड़ जेल में कैदियों के बीच झड़प हो गई। कैदियों ने एक दूसरे पर सुए से हमला किया, जिसमें चार कैदी घायल हो गए। इस घटना के बाद एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जान को खतरा बताया है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ ये लोग (भाजपा) खिलवाड़ कर रहे हैं। जब तिहाड़ जेल में एक नहीं कई हत्या की घटनाएं हो चुकी हैं तो अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं। 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी रखी जाती है। उनके खिलाफ गहरा षडयंत्र चल रहा है। आप (भाजपा) 23 दिन तक उनके

**आशंका**

8 अरविंद केजरीवाल के साथ भी ये लोग ऐसी किसी घटना को अंजाम दिला सकते हैं: संजय सिंह

(अरविंद केजरीवाल) जीवन के साथ खिलवाड़ करते रहे। आपने उन्हें इंसुलिन नहीं दिया। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा के जेल प्रशासन की साजिश दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नुकसान पहुंचाने की है। उनके साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार किया जा रहा है। उनकी मुलाकातें किसी खूंखार अपराधियों की तरह शीशे की दीवार खड़ी करके कराई जा रही है। तिहाड़ जेल में पिछले 1-2 वर्षों में कई हत्याएं हो चुकी हैं। ऐसे में अगर वहां सीएम केजरीवाल को कुछ हो जाता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

# संजय सिंह ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। संजय सिंह ने पीएमओ और एलजी पर लगाए सीएम केजरीवाल की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी करने के आरोप लगाए हैं। आप सांसद ने लिखा, 'संजय सिंह ने कहा, "आपको अवगत कराना चाहता हूं कि पिछले कुछ दिनों से दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री के साथ जो कुछ हो रहा है वो अत्यधिक दुःखद है। पूरी दिल्ली की जनता गहरी पीड़ा में है। तिहाड़ जेल को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के लिये यातना गृह बना दिया गया है। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि एलजी ऑफिस द्वारा 24 घंटे केजरीवाल पर सीसीटीवी कैमरे द्वारा नजर रखी जा रही है। यह देखा जा रहा है कि वह क्या कर रहे हैं। क्या पढ़ रहे हैं क्या लिख रहे हैं। कब सो रहे है कब जाग रहे हैं। उनकी एक एक गतिविधि पर ऐसे नजर रखी जा रही है जैसे मानो कोई बहुत बड़ा जासूस जासूसी करा रहा हो। दिन भर नजर रखने के बावजूद 23 दिनों तक उनको इंसुलिन नहीं दी गई। उनके शुगर का स्तर बुरी स्थिति में जाने के बावजूद उन्हें इंसुलिन नहीं दी गई।'

संजय सिंह ने लिखा, 'तीन बार के चुने हुए मुख्यमंत्री के



**अवगत कराया**

8 पीएमओ और एलजी पर लगाए सीएम केजरीवाल की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी करने के आरोप लगाए

साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार क्यों किया जा रहा है। आखिर क्या गुनाह है दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल जी का? यही कि उन्होंने दिल्ली के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा दिया, पूरी दिल्ली को अच्छा इलाज दिया, बिजली-पानी फ्री किया, माताओं बहनों के लिए 1000 रुपए महीने देने की योजना लाए, श्रवण कुमार बनकर बुजुर्ग माताओं बहनों को फ्री में तीर्थ कराया क्या यही गुनाह है? क्या बिजली- पानी, पढ़ाई लिखाई और दवाई का ख्याल रखना ही उनका अपराध हो गया है।'

# संसद की सुरक्षा: जांच के लिए 30 दिनों का और मिला वक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले के छह आरोपितों की जांच के लिए दिल्ली पुलिस को 30 दिनों का समय और दिया है। स्पेशल जज हरदीप कौर ने ये आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर कर मामले की जांच पूरी करने और चार्जशीट दाखिल करने के लिए 45 दिनों का और समय देने की मांग की थी। दिल्ली पुलिस ने कहा कि अभी कुछ गवाहों से पूछताछ करनी है और अभी कुछ जांच रिपोर्ट का भी



इंतजार है। आज इस मामले के सभी आरोपितों को भी कोर्ट में पेश किया गया। इसके पहले 11 मार्च को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जांच के लिए 45 दिनों का अतिरिक्त समय दिया था। पांच जनवरी को कोर्ट ने आरोपितों का पॉलीग्राफ, नार्को और

**मोहलत**

8 मामले की जांच पूरी करने और चार्जशीट दाखिल करने के लिए 45 दिनों का और समय देने की मांग की थी

ब्रेन मैपिंग करने का आदेश दिया था। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धारा 16ए के तहत आरोप लगाए हैं। 13 दिसंबर को संसद की विजिटर गैलरी से दो आरोपित सभागार में कूदे और एक आरोपित ने सभागार के डेस्क के ऊपर चलते हुए अपने जूतों से कुछ निकाला जिससे अचानक पीले रंग का धुआं निकलने लगा। घटना के बाद सदन में अफरातफरी मच गई। हंगामे और धुएं के बीच कुछ सांसदों ने इन युवकों को पकड़ लिया और इनकी पिटाई भी की। कुछ देर के बाद संसद के सुरक्षाकर्मियों ने दोनों युवकों को काबू में किया। संसद के बाहर भी दो लोग पकड़े गए जो नारेबाजी कर रहे थे और पीले रंग का धुआं छोड़ रहे थे।

## व्हाट्सऐप के जरिए मिल सकेगी केस की फाइलिंग की जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट में केसों की फाइलिंग, लिस्टिंग, काज लिस्ट आदि की जानकारी अब व्हाट्सऐप के जरिए वकील को मिल सकेगी। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने नौ जजों की संविधान पीठ पर सुनवाई से पहले गुरुवार को यह घोषणा की। चीफ जस्टिस ने बताया कि व्हाट्सऐप नंबर 8767687676 के जरिए एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड और पार्टी इन पर्सन को जानकारी मिल सकेगी। चीफ जस्टिस ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के अन्य पक्षकारों को भी इन व्हाट्सऐप नंबर के जरिए फाइलिंग, कॉज लिस्ट और फैसलों की जानकारी भी मिल सकेगी।

# भारतीय ऐतिहासिक रिकॉर्ड आयोग का नया लोगो जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय ऐतिहासिक अभिलेख आयोग (आईएचआरसी) का गुरुवार को नया लोगो और उद्देश्य को दर्शाता आदर्श वाक्य जारी किया गया। यह लोगो पूरी तरह से आईएचआरसी की थीम और विशिष्टता को दशार्ता है। कमल की पंखुड़ियों के आकार के पृष्ठ आईएचआरसी को ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए लचीले नोडल संस्थान के रूप में दर्शाते हैं। मध्य में सारनाथ स्तंभ भारत के गौरवशाली अतीत का प्रतिनिधित्व करता है। रंग थीम के रूप में भूरा भारत के ऐतिहासिक अभिलेखों के संरक्षण, अध्ययन और सम्मान के




संगठन के मिशन को मजबूत करता है। संस्कृति मंत्रालय के अनुसार आईएचआरसी ऐतिहासिक दस्तावेजों, पांडुलिपियों, ऐतिहासिक जानकारी के अन्य स्रोतों की पहचान करने, एकत्र करने, सूचीबद्ध करने और बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसा करके आयोग यह सुनिश्चित करता है कि मूल्यवान ऐतिहासिक ज्ञान भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित रहे। इसलिए, आदर्श वाक्य ऐतिहासिक दस्तावेजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों

**उद्देश्य**

8 आईएचआरसी को ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए रखने के लिए लचीले नोडल संस्थान के रूप में दर्शाते हैं

के लाभ के लिए इन्हें सुलभ बनाने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि आईएचआरसी की विशिष्ट पहचान और इसके द्वारा प्रस्तुत लोकाचार को स्पष्ट रूप से संप्रेषित करने के लिए, लोगो और आदर्श वाक्य के लिए डिजाइन आमंत्रित करने के लिए 2023 में माईगव पोर्टल पर एक ऑनलाइन प्रतियोगिता शुरू की गई थी, और प्रतिक्रिया में कुल 436 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। शौर्य प्रताप सिंह (दिल्ली) द्वारा प्रस्तुत लोगो और आदर्श वाक्य को चयनित किया गया। इसके साथ मंत्रालय ने लोगो और आदर्श वाक्य के लिए चार-चार को सांत्वना पुरस्कार भी दिए जिसमें क्रमशः मनस्वी चंदवास्कर (इंदौर), दीपिका मंडल (बेंगलुरु), नोनंदा वर्मा (जोधपुर), शिवांशी चौहान (उत्तराखंड) और मोटो के लिए जसनीत कौर (पंजाब), नरेश अग्रवाल (मध्य प्रदेश), राजू चटर्जी (पश्चिम बंगाल), रिंकल (भरूच, गुजरात) से शामिल हैं।

# सरकारी स्कूल में आग लगने के बाद मची अफरा-तफरी, आग पर पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली के निलौठी** गांव में स्थित एक सरकार स्कूल में आग लग गई। आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस के अलावा दमकल विभाग को दी गई। स्कूल के अंदर धुआं भरना से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि दमकल की पांच गाड़ियां ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया।

पश्चिम दिल्ली के निहाल विहार स्थित निलौठी गांव में बुधवार सुबह सरकारी स्कूल में आग के बाद अफरा-तफरी मच गई। मुख्य इमारत के पीछे बने स्टोर रूम में आग लगी थी। उसका धुआं अंदर



स्कूल में भरने लगा तो बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। आनन-फानन में मामले की सूचना पुलिस के अलावा दमकल विभाग को दी गई। उधर स्कूल के आसपास रहने वाले परिजनों को आग का पता चला तो वह विद्यालय के गेट पर पहुंच गए। परिजनों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। खबर मिलते ही पुलिस के अलावा दमकल की पांच गाड़ियां मौके पर पहुंची। कुछ ही देर बाद आग पर काबू पा लिया

**हताहत नहीं**

8 स्कूल के अंदर धुआं भरना से अफरा-तफरी मच गई। दमकल की पांच गाड़ियां ने में आग पर काबू पा लिया

गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। आग की वजह से स्कूल के स्टोर में रखी किताबें और फर्नीचर जलबर खाक हो गया। आग कैसे लगी इसका खुलासा नहीं हो पाया है। क्राइम टीम के अलावा एफएसएल की टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। शुरूआती जांच के बाद आशंका व्यक्त की जा रही है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जानकारी के अनुसार निहाल विहार, नाला रोड, निलौठी गांव में सरकारी स्कूल हैं।

यहां एक ही परिसर में बालिकाओं और बालकों के स्कूल चलते हैं, जहां दोनों स्कूलों में दो हजार से ज्यादा बच्चे मौजूद रहते हैं। बुधवार सुबह करीब 10.14 बजे अचानक स्कूल के पीछे वाले कमरे में भीषण आग लग गई। अचानक धुआं भरा तो बच्चों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। टीचर्स ने किसी तरह बच्चों को शांत करवाया। इसके बाद मौके पर बचाव दल को बुलाया गया। बच्चों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के बद चंद ही मिनटों बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया। इसके बाद सभी ने राहत की सांस ली। पुलिस आग की वजहों का पता लगाने में जुटी है। उधर स्कूल के बाहर जुटे परिजनों ने रोना शुरू कर दिया। उनको अपने बच्चों की चिंता सताने लगी। रो-रोकर वह अपने बच्चों को बाहर भेजने के लिए कहने लगे। बाद में कुछ परिजन अपने बच्चों को साथ ले गए। हालांकि स्कूल बाद में सामान्य रूप से चलता रहा। निहाल विहार पुलिस हादसे की वजहों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# आइसक्रीम विक्रेता को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली में इंडिया गेट के पास एक आइसक्रीम विक्रेता की चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभाकर (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक बुधवार देर शाम एक आइसक्रीम विक्रेता पर चाकुओं से हमले की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अभी हत्यारोपी से पूछताछ कर रही है।

**जांच जारी**

8 पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान प्रभाकर (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया

पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि मृतक पर झगड़े के कारण चाकू से हमला किया गया था। मृतक के शरीर पर तीन घाव हैं, जिनमें से एक बहुत गहरा था जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

# मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाएगी युवा शक्ति : सुमन सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रदेश के मुख्यमंत्री** एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने और मजबूत बनाने के लिए युवाओं का एक.एक वोट बहुत कीमती है। युवा देश का भविष्य हैं और युवा अपने वोट का सही इस्तेमाल करें, ताकि हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और अधिक मजबूत हो। करनाल के कर्ण कैनाल में करनाल विधानसभा उपचुनाव के प्रत्याशी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी भाजपा आईटी सेल के जिला



अध्यक्ष विकास कथूरिया एवं अर्चना कथूरिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। यहां उपस्थित युवाओं को आह्वान करते हुए सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नायब सैनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री व लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को करनाल में भारी मतों से विजयी बनाएं। इसके अलावा उन्होंने जुंडला गेट में खुर्शीद आलम व रजनी परोचा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शिरकत की। उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्रहित के लिए मतदान करें और देश को सुरक्षित हाथों में दें। नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से देश को आगे बढ़ाया है और पूरे विश्व में आज भारत अपनी अलग पहचान बना चुका है। आने वाले 5 साल का समय वह समय है जब देशहित के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बड़े निर्णय लेंगे। सुमन सैनी ने कहा कि आज देश में बेटियां सुरक्षित माहौल में हैं और हर क्षेत्र में आगे बढकर देश का नाम रोशन कर रही है। अब युवा देशहित में अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और देशहित में मतदान करें और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को विजयी बनाकर लोकसभा में भेजें और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भी करनाल के विकास को गति देने के लिए नायब सैनी को भारी मतों से जिताएं। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मीना कांबोज, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, रेखा आनंद, पूर्व पार्षद मेघा भंडारी, पूर्व पार्षद मोनिका गर्ग, पूर्व पार्षद वीर विक्रम कुमार, श्याम बत्रा, प्रियंका काठपाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्वीप एक्टिविटी को लेकर एडीसी ने ली अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौलः अतिरिक्त** उपायुक्त दीपक बाबूलाल करवा (आईएएस) ने आज लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाई जा रही स्वीप एक्टिविटी की समीक्षा की। एडीसी ने कहा कि जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार स्वीप एक्टिविटी चलाई जाए। जल्द ही इस अभियान के तहत अधिकारियों का एक क्रिकेट मैच का आयोजन करवाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह अपने स्तर पर भी मतदाताओं



को लगातार जागरुक करते रहें। प्रजातांत्रिक देश में सभी नागरिकों की भागीदारी बहुत ही जरूरी होती है। अभी मतदान में एक महीना शेष बचा हुआ है। जिला प्रशासन चुनावी तैयारी के साथ-साथ लोगों को मतदान के प्रति भी लगातार जागरुक कर रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी चलाई जा रही है। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश चंद्र आर्य, बिजली निगम के एसई रंजन राव तथा डीडीपीओ हरि प्रकाश बंसल के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

## न्यूज फ्लैश

### जिस पर हुई श्रीराम कृपा उस पर संपूर्ण जगत की दृष्टि का समावेश: संत तुलसी महाराज

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : अमीन रोड स्थित** पटियाला बैंक कॉलोनी के मनोकामना सिद्ध शिव मंदिर में श्रीराम कथा के दूसरे दिन माता सती द्वारा श्रीराम की परीक्षा लेना प्रसंग विस्तार से सुनाया



गया। कथा से पूर्व मुख्य यजमानों बी एन शर्मा,सुनील सिंगला,एम के खन्ना,दर्शन पुरी,विनोद सिंगला,विशेष गर्ग,राहुल सिंगला,उमाशंकर और अश्वनी मित्तल ने श्रीराम कथा का पूजन किया। सभी यजमानों ने व्यासपीठ की पूजा करके कथावाचक संत तुलसी महाराज( अयोध्या धाम) को तिलक लगाया। कथा आयोजक एवं मंदिर के पुजारी पंडित उमेश पाठक ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के भौतिकवादी समय में श्रीरामचरितमानस के पदचिन्हों पर चलने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने श्रोताओं से आह्वान किया कि वें रामायण की शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। श्रीराम कथा में कथावाचक संत तुलसी महाराज ने श्रोताओं को बताया कि श्रीरामचरितमानस श्रवण करने से मनुष्य का चरित्र अच्छा होगा, चरित्र अच्छा होने से उसका मन मस्तिष्क अच्छा होगा और जिसका मन मस्तिष्क अच्छा हो गया तो उसे ही श्रीराम प्रभु की कृपा प्राप्त होगी। गोस्वामी तुलसीदास जब पूरे जगत से उपेक्षित हो गए, कहीं सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिली तब उन्होंने भगवान श्रीराम की शरण ग्रहण की। श्रीरामशरण में आने के उपरांत उन्हें श्री राम कृपा प्राप्त हुई। कहने का तात्पर्य यह है कि जिस पर श्रीराम कृपा हो जाए उसके उपर संपूर्ण जगत की दृष्टि का समावेश हो जाता है। इस मौके पर सुनाए गए भजन हमें निज धर्म पर चलना सिखाती रोज रामायण...... पर श्रद्धालु भक्ति में लीन हो गए। श्रीराम कथा की आरती में सभी सहयोगियों और कालोनीवासियों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

### हकेवि में सशस्त्र बलों में युवाओं के लिए अवसर विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**

**महेंद्रगढ़ः हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़** की 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी यूनिट द्वारा ह्यसशस्त्र बलों में युवाओं के



लिए अवसरह्य विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट कर्नल एस. वेंकटरमन विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने ऐसे व्याख्यानों के महत्त्व, नेतृत्व गुणों पर प्रकाश डाला और अपनी पिछली उपलब्धियों और अनुभवों से सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत में विश्वविद्यालय की एनसीसी अधिकारी प्रो. पायल चंदेल ने अतिथियों का स्वागत किया।

### रोटरी रसोई पर सेवा कर अपने विशेष दिन को बनाया यादगार

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल। रोटरी क्लब द्वारा महावीर** चौक पर संचालित रोटरी रसोई में पिछले करीब 5 वर्षों से प्रतिदिन मात्र 10 रुपए में लोगों को भरपेट भोजन



उपलब्ध करवाया जा रहा है। जिसमे रोटरी सदस्यों के अलावा क्षेत्र के अन्य जागरूक नागरिक भी अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, पुण्य तिथि अथवा अपने अन्य किसी भी विशेष अवसर पर अपना विशेष सहयोग प्रदान कर सेवा देते रहते हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सरदार हरमीक सिंह और सरदार मलकीत सिंह ने अपने स्वर्गीय पिता कप्तान कृपाल सिंह रंधावा की पुण्य तिथि के अवसर पर तथा रोटेरियन राजकुमार चौधरी ने अपनी धर्मपत्नी नीलम चौधरी के जन्मदिन पर रोटरी रसोई मे जरुरतमंदों को भोजन खिला कर अपना विशेष सहयोग प्रदान किया।

# कांग्रेस की मूवी डिब्बा बंद हो चुकी है: असीम गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा के परिवहन** मंत्री असीम गोयल ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुनामी चल रही है। जनता का आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है। हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवार जीतेंगे। करनाल लोकसभा सीट से मनोहर लाल व करनाल विधानसभा उपचुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बंपर जीत होगी। गुरुवार को करनाल पहुंचे परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कई कार्यक्रमों में शिरकत की। माडल टाउन में अग्रवाल सभा के युवा जिलाध्यक्ष व भाजयुमो जिलाध्यक्ष शुभम गुप्ता के निवास



पर मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया। शुभम गुप्ता ने पगड़ी डालकर व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यकताओं के साथ चुनाव पर चर्चा के बाद परिवहन मंत्री ने मीडियाकर्मियों से बातचीत की।

असीम गोयल ने कहा कि कांग्रेस कभी ब्लॉकबस्टर मूवी की तरह हुआ करती थी, सिनेमा में जैसे टिकटों के लिए ब्लैक हुआ करती थी वैसे ही कांग्रेस में टिकटों की ब्लैक हुआ करती थी। अब पुराने सिनेमा खंडर हो चुके हैं, मल्टीपलेक्स का जमाना आ गया है। कांग्रेस की मूवी डिब्बा बंद हो चुकी है। लोगों को न उनके किरदार पसंद आ रहे हैं और न ही उनकी कहानी। असीम गोयल ने कहा कि दादी ने नारा दिया था गरीबी हटाओ, पोता अभी तक उसको दोहरा रहा है। लोगों ने कांग्रेस को ही हटा दिया। कांग्रेस अभी तक टिकटों की घोषणा नहीं कर पाई, इस पर परिवहन मंत्री ने कहा कि जिस नेता को हुड्डा फाइनल करते हैं, वो शैलजा को मंजूर नहीं, जो शैलजा फाइनल करती हैं वो सुरजेवाला को पसंद नहीं, किरण चौधरी व उदयभान भी इसी स्थिति में है। जिनको राहुल पसंद करते हैं, उनको प्रियंका पसंद नहीं करती और जिनको प्रियंका पसंद करती हैं, वह सोनिया गांधी को पसंद नहीं आते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मैदानी लड़ाई के साथ मानसिक लड़ाई भी हार चुकी है।

# 'नशे का धंधा करने वालों पर पुलिसकर्मी रखे पैनी नजर'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। हरियाणा राज्य** नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो पुलिस उप अधीक्षक सतीश वत्स ने हरियाणा एनसीबी के सभी युनिट इंचार्जों की एचएसएनसीबी मुख्यालय में मीटिंग ली और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे पर अंकुश लगाने के लिए ड्रग्स का गैर कानूनी धंधा करने वालों की खोज खबर लेकर उन पर पैनी निगाह रखी जाए। सतीश वत्स ने कहा कि सभी टीमें अधिक से अधिक संख्या मे नशा तस्करों को पकड़ें। इसके लिए अधिक से अधिक साइबर सेल की सहायता ली जाए। पुराने एनडीपीएस तस्करों की निगरानी बढाई जाए और ऐसे अपराधियों को पीआइटी एनडीपीएस के अंतर्गत जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि सभी टीमें आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा हर ग्राम सरपंच व वार्ड पार्षद को अपने क्षेत्र के सभी लोगों का चाल-चलन व व्यवहार का पता होता, इन सभी से अधिक से अधिक संपर्क किया जाए, ताकि क्षेत्रों के नशा तस्करों पर लगाम लगाई जा सके। इसके साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को जागरूक किया जाए और उन्हें बताएं कि अगर आपको कहीं पर भी नशा बिकता हुआ दिखाई दे तो हरियाणा एनसीबी के टॉल फ्री नंबर 90508-91508 पर बेफिक्र होकर सूचना दें।

# ठरी गांव के 107 वर्षीय गुलजार सिंह जिले के सबसे बुजुर्ग मतदाता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। 18वीं लोकसभा** के आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा जिले में वरिष्ठ नागरिकों तथा युवा आइकनों की पहचान की गई है, जिन्हें 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उदाहरण के रूप में पेश किया जाएगा। इनमें असंध विधानसभा के ठरी गांव के 107 वर्षीय गुलजार सिंह जिले के सबसे वरिष्ठ मतदाता हैं, जो कि युवा मतदाताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगे।जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम असंध वीरेंन्द्र सिंह ढुल वीरवार को वरिष्ठ मतदाता गुलजार सिंह के निवास स्थान ठरी गांव में पहुंचे और सर्वप्रथम गुलजार सिंह का स्वास्थ्य संबंधी हालचाल जाना और उनके साथ जीवन के अनुभव साझा किए। एसडीएम का कहना है कि लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# 'कांग्रेस राज में देशवासियों का धन नहीं रहेगा सुरक्षित'

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** के देश में किए जा रहे विकास से कांग्रेस लगातार हार का मुंह देख रही है। एक के बाद एक हार से बौखलाई कांग्रेस अब तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए आगे बढ? का खतरनाक खेल खेलना चाहती है। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस की सरकार बनी तो कांग्रेस का पंजा देशवासियों की मेहनत की कमाई पर पड़ेगा और ऐसा वह पहले भी कर चुकी है। ये बातें भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने प्रेसवार्ता के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा जिला महामंत्री जय भगवान सीकरी, लोकसभा विस्तारक शशी



दुरेजा, लोकसभा मीडिया प्रभारी डा. अशोक कुमार मौजूद रहे।

उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि अब तो कांग्रेस की नजर बहन-बेटियो के पास मौजूद सोने-चांदी आदि संपत्ति पर गड़ चुकी है। कांग्रेस के हिडन मंसूबों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो समझो बहनों का मंगल सूत्र भी नहीं बचेगा। योगेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने अपने भाषणों में भी कह दिया कि उनकी सरकार बनती है तो जांच कराई जाएगी कि किसके पास कितनी सम्पत्ति है। देशवासियों की मेहनत की कमाई को कांग्रेस उन लोगों में बांट देना चाहती है, जिसकी वह तुष्टिकरण के तहत राजनीति कर रही है। कांग्रेस ने अपने मेनिफेस्टो में साफ कर दिया है कि देश में बहुसंख्यक लोगों की कोई जगह नहीं है। कांग्रेस ने अपने मेनीफेस्टो के हर सेक्शन में अल्पसंख्यकों का जिक्र किया है। कांग्रेस अब इतना खतरनाक खेल खेलने जा रही है, जिसकी आम आदमी सोच भी नहीं सकता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी एसएसटी आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा को खत्म करना चाहती है। जिलाध्यक्ष ने जनता को सचेत करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार बनी तो देशवासियों का धन सुरक्षित नहीं रहेगा। कांग्रेस ऐसा पहले भी कर चुकी है। 1960 और 1970 के दशक में कांग्रेस ने कानून पास करके देशवासियों को सरकार के पास पैसा जमा कराने के लिए विवश कर दिया था। जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस की सरकार ने लोगों की कमाई जब्त करने वाला ऐसा ही कानून 1963-1974 में पास किया था। इन कानूनों का नाम कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम एक्ट था।

# मादा एनाफलाइज मच्छर के काटने से होता है मलेरिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल । सिविल सर्जन** डा. रमेश चंद्र आर्य के निदेर्शानुसार व उप सिविल सर्जन मलेरिया डा. मनीष यादव की मौजूदगी में आज बीपीएस स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य उदय भान राव ने की। उप सिविल सर्जन डा. मनीष यादव ने विद्यार्थियों को मलेरिया बुखार होने के कारण लक्षण और बचाव के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि मलेरिया एक मच्छर जनित रोग है। यह मादा एनाफलाइज मच्छर के काटने से होता है। ये मच्छर साफ पानी में पैदा होता है।



इसलिए हमें अपने घरों के आसपास पानी इखट्टा नहीं होने देना चाहिए। पानी के बर्तनों को ढक कर रखना चाहिए। सप्ताह में एक बार रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाते हुए कूलर आदि सभी बर्तनों को साफ करके सुखा के दोबारा भरना चाहिए। मच्छरदानी और मच्छर नाशक क्रीम का प्रयोग करना चाहिए व पूरी बाजू के कपड़े पहनने चाहिए। उन्होंने बताया की कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। इसलिए बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवाए और इलाज लें जो सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में निशुल्क उपलब्ध है। इस अवसर पर आयुष विभाग से शिशु रोग विशेषक डा. धाकड़ ने बताया कि तेज बुखार आना सर्दी और कंपन लगना सिर दर्द और उल्टी आना बार बार बुखार का आना, आंखों में जलन होना आदि मलेरिया बुखार के लक्षण हो सकते हैं।

संस्था के प्राचार्य उदय भान राव ने विधार्थियों को साफ सफाई रखने, घर और समाज को जागरूक करने और रविवार को ड्राई डे के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता आए और समाज को इस बीमारी से बचाते हुए देश के स्वास्थ्य को मजबूत किया जा सके।

# तनाव मुक्त जीवन के लिए योग अनिवार्य : रूचिका आर्य

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गुरु नानक** खालसा कालेज में योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कालेज के स्वयंसेवकों और प्राध्यापकों ने भाग लिया। कालेज के प्राचार्य डॉ. गुरिंदर सिंह ने बताया कि प्रसिद्ध योग शिक्षिका रुचिका आर्य ने सभी को तनावमुक्त आसन व उपाय के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और प्रायोगिक रूप से योग का अभ्यास करवाया। रुचिका आर्य ने प्राणायाम कपालभाती, भ्रामरी, वज्रासन सहित कई आसनों का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि जीवन में योग अत्यंत आवश्यक है और योग को अपने जीवन में दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। आज तनाव मुक्त जीवन के लिए योग अनिवार्य है। डा. रामपाल सिंह ने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ योग को अपनाकर हम लंबा जीवन जी सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। एनएसएस अधिकारी प्रो. अजय तथा प्रो. प्रदीप कुमार ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर प्रो. शशि मदान, प्रो. अंजू चौधरी, प्रो. प्रीति, डा. बलजीत कौर, डा. प्रवीण कौर एवं एनएसएस के स्वयंसेवक तथा प्राध्यापक मौजूद रहे। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल योग सत्र के लिए प्राचार्य, स्टाफ तथा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

# आर्य गर्ल्स कॉलेज में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः आर्य** गर्ल्ज कॉलेज, अम्बाला छावनी के संगीत गायन विभाग द्वारा (संगीत विषयक) मॉडल मेकिंग तथा बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताएं करवाई गई जिसमें बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं द्वारा पियानो, बांसुरी, वायलिन, तबला, मां सरस्वती, सितार आदि सांगीतिक वाद्यों तथा विभिन्न संगीतिक विषयों के मॉडल तैयार किए गए। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अनुपमा आर्य ने



छात्राओं द्वारा तैयार किए सांगीतिक मॉडल्स का निरीक्षण तथा बेहद सराहना की। दूसरी तरफ बेस्ट ऑफ आउट वेस्ट प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने प्लास्टिक की खाली तथा बेकार बोतलों से फूलदान, फूल, गुड़िया आदि बनाकर अपनी अद्भुत कला का प्रदर्शन किया।

# ईवीएम व वीवीपैट मशीनों की पहली रैंडमाइजेशन हुई: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. शालीन की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हाल में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष 927 मतदान केन्द्रों के लिये ईवीएम मशीन व वीवी पैट की पहली रैंडमाइजेशन की गई। इस पूरी गतिविधि की वीडियोग्राफी भी करवाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने बताया कि ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के तहत यह पूरा कार्य किया गया है और आज जिन ईवीएम मशीनों व वीवी पैटों की




रैंडमाइजेशन की गई है, इसकी जांच भारत इलेक्ट्रोनिक्स इंजिनियरों द्वारा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये 927 मतदान केन्द्र बनाए जाएंगे। आज विधानसभा केन्द्र अनुसार पहली रैंडमाइजेशन के तहत ईवीएम व वीवी पैट की रैंडमाइजेशन करते हुए इन्हें अलॉट किया गया है। यह सभी मशीने कल्पना चावला महिला बहुतकनीकी संस्थान में बनाये गये वेयरहाउस में तैयार की जाएंगी। इसके उपरांत द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ रैंडमाइजेशन की जाएगी। सभी मशीने तैयार करके मैजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की एस्कॉर्ट को लेकर जिस वाहन में जाएंगी, उसमें बाकायदा जीपीएस भी लगा होगा और यह सभी मशीने विधानसभा क्षेत्र अनुसार बनाये गये स्ट्रॉग रूम/ मतगणना केन्द्रों में पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ रखी जाएंगी। भारत निर्वाचन आयोग की निदेर्शों की अनुपालना में चुनाव से एक दिन पहले पोलिंग पार्टियां यहीं से मशीने व अन्य चुनाव सामग्री ले जाएंगी और चुनाव उपरांत यहीं पर इन्हें जमा करवाएंगी। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने यह भी बताया कि नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के तहत 211 बूथों के तहत 242 बैल्ट यूनिट, 242 कंट्रोल यूनिट व 263 वीवी पैट चुनाव के दृष्टिगत अलॉट की गई। इसी प्रकार अम्बाला छावनी में 194 बूथों के तहत 223 बैल्ट यूनिट, 223 कंट्रोल यूनिट और 242 वीवी पैट अलॉट की गई है। इसी प्रकार अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत 260 बूथों के तहत 299 बैल्ट यूनिट, 299 कंट्रोल यूनिट व 325 वीवी पैट अलॉट की गई। मुलाना विधानसभा क्षेत्र के तहत 262 मतदान केन्द्रों के तहत 301 बैल्ट यूनिट, 301 कंट्रोल यूनिट व 327 वीवी पैट अलॉट की गई हैं। आज ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से 927 मतदान केन्द्रों पर 1065 बैल्ट यूनिट, 1065 कंट्रोल यूनिट व 1157 वीवी पैट की रैंडमाइजेशन करते हुए विधानसभा क्षेत्र अनुसार उन्हें अलॉट किया गया।

# भाजपा ने प्रदेश अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बदला, जनता सरकार बदलेगी : डॉ. सुशील गुप्ता

**चुनावी यात्रा**

**8 इंडिया गठबंधन के तहत लोकसभा प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के थानेसर के गांवों और वार्डों में दौरे**



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से ह्यइंडियाह्ण गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने थानेसर विधानसभा के गांव एवं कॉलोनी में चुनावी यात्रा शुरू की। उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पर्व मंत्री अशोक अरोड़ा मौजूद रहे। इस मौके पर दिनेश शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा, सुभाष पाली, विशाल खुब्बड़, मनु जैन, यशपाल शर्मा, दया नारायण कौशिक भी मौजूद रहे। इसके बाद आजाद नगर स्थित अपने निवास स्थान पर समर्थकों के साथ बैठक की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा लोग सोच रहे हैं कि एक दूसरे का विरोध करने वाली कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का गठबंधन कैसे हुआ। यह गठबंधन भारत का संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए बना है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन बना है तब से भाजपा को इंडिया शब्द से डर लगने लगा है और स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया, खेलो इंडिया का नारा देने वाली भाजपा हर जगह से इंडिया शब्द को हटाने पर लगी हुई है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने गठबंधन तोड़ने के लिए दो सिटिंग मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया। इतिहास में पहले कभी ऐसा नहीं हुआ की सिटिंग मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया गया हो।
भाजपा ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया जो जनता को अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल, बिजली, पानी, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा देता है और इसके अलावा 1000 रुपए अलग से देता है। इसके बावजूद सरकार को मुनाफे में चला रहे हैं। क्योंकि दिल्ली के लोगों ने ईमानदार सरकार को चुना है। भाजपा ने उनको इसलिए गिरफ्तार कर लिया ताकि बाकी राज्यों में भी ये सुविधाएं न मांगी जाएं। भाजपा ने झारखंड के मुख्यमंत्री को इसलिए गिरफ्तार किया क्योंकि वो आदिवासी और पिछड़ी जाति से हैं। लेकिन इन्होंने कहा कि न बिकेंगे न टूटेंगे और न झुकेंगे, गठबंधन का हिस्सा रहेंगे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि तुम मुझे गिरफ्तार कर सकते हो लेकिन मेरी सोच को नहीं। भाजपा ने देश की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के चलते चुनाव में बैंक खाते सीज कर दिए।
उन्होंने कहा निष्पक्ष चुनाव के लिए सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष का नेता और मुख्य न्यायधीश होंगे। लेकिन मोदी सरकार ने इस फैसले को पलट दिया।

# डीसी की मौजूदगी में ईवीएम (सीयू- बीयू) व वीवीपैट की पहली रेंडमाइजेशन प्रकिया पूरी

**निर्धारण**

**8 ई एम एस एप्लिकेशन के माध्यम से चारों विधानसभाओं के लिए मशीनों का निर्धारण**



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल** । चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार आज उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) की अध्यक्षता में ईवीएम (सीयू-बीयू) व वीवीपैट की पहली रेंडमाइजेशन प्रकिया पूरी की गई। ई एम एस एप्लिकेशन के माध्यम से जिला से संबंधित चारों विधानसभाओं के लिए मशीनों का निर्धारण किया गया। इस दौरान मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सारी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया गया।
इस मौके पर डीसी ने बताया कि अगले तीन-चार दिन तक ईवीएम वेयर हाउस में एप्लिकेशन के माध्यम से निर्धारित की गई ईवीएम के बंटवारे की प्रक्रिया होगी। उन्होंने इस दौरान सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को वहां पर मौजूद रहने को कहा। उन्होंने बताया कि जिन मशीनों की एफएलसी हो चुकी है, उन मशीनों का आज पहला रेंडमाइजेशन किया गया है।
उन्होंने बताया कि आज की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया में 767 मतदान केंद्रों के हिसाब से मशीनों का बंटवारा किया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश अनुसार पटीकरा में बनने वाले एक अतिरिक्त बूथ के लिए रिजर्व मशीनों में से एक मशीन दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने चलाया मलेरिया रोग जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला में इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस की थीम-अधिक न्यायसंगत के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना विषय पर मलेरिया रोग जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष व डॉ. सुनीता सोखी द्वारा छात्र/छात्राओं के माध्यम से मलेरिया जागरूकता रैली को झंडी दिखाकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जिले के विभिन्न शहरी व ग्रामीण स्कूलों में जाकर छात्र/छात्राओं को मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया के प्रति प्रश्नोतरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व लैक्चर के माध्यम से जागरूक किया गया। इस मौके पर जिले के विभिन्न स्कूलों के छात्र/छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके अलावा ऑडियो माइकिंग के माध्यम से भी आम जनता को मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु प्रचार व प्रसार किया जा रहा हैं।
इस मौके पर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष ने छात्र/छात्राओं व उपस्थित लोगों को बताया कि मलेरिया रोग लोगों के स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। रोगी को बुखार आने पर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर रक्त की जांच करवानी चाहिए। यदि जांच में मलेरिया पॉजिटिव आता है तो मूल उपचार 14 दिन का लेना चाहिए। इसका ध्यान रखना अति आवश्यक है कि मलेरिया से बचाव के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। मलेरिया प्लाजमोडियम कीटाणु के माध्यम से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मादा एनाफ्लीज मच्छर के काटने से फैलता है। हरियाणा में मुख्यतः 2 प्रकार के प्लाजमोडियम वाईवैक्स व प्लाजमोडियम फैलसीपरम मलेरिया केस मिलते हैं। इस अवसर पर डॉ. विष्णु मितल ने बताया कि जिला में वर्ष 2015 में 107, वर्ष 2016 में 59, वर्ष 2017 में 42, वर्ष 2018 में 2, वर्ष 2019 में 5, वर्ष 2020 में शून्य, वर्ष 2021 में 1, वर्ष 2022 में शून्य, वर्ष 2023 में 2 मलेरिया केस पाये गये थे तथा वर्ष 2024 में अब तक मलेरिया का कोई केस नहीं पाया गया है।
उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु अप्रैल से अक्टूबर माह तक हर माह की एक तारीख से लेकर दस तारीख तक रैपिड फीवर सर्वे चलाया जायेगा जिसमें स्वास्थ्य कर्मी द्वारा घर-घर जाकर बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई जायेगी तथा सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जायेगी। इसी कड़ी में अप्रैल माह के दौरान जिले में 132651 घरों में रैपिड फीवर सर्वे किया गया जिसमें 2067 बुखार पीड़ित लोगों की ब्लड स्लाइड बनाई गई। मलेरिया व डेंगू से बचाव व जानकारी देने के लिए डोर टू डोर सोर्स रिडिक्शन एक्टिविटी करवाई जा रही है। अब तक जिले के विभिन्न गांवों के 257 तालाबों/जोहड़ों में गंबूजिया मछली डाली गई है। इसके अलावा खड़े पानी में एंटी लार्वा टेमिफोस दवाई का छिडकाव किया जा रहा है।

### सोनीपत: आस्ट्रेलिया जाते वृद्ध दंपत्ति के 35 लाख रुपये चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
सोनीपत में बने अपार्टमेंट में रहने वाले वृद्ध दंपत्ति के साथ उनके ही कार चालक ने आस्ट्रेलिया जाते समय 35 लाख रुपये चोरी कर लिए। दंपति को घटना के बारे में उस समय पता चला जब वह आस्ट्रेलिया में अपने बेटे के पास पहुंचे। पुलिस ने अब करीब सात माह बाद बुधवार की रात मामला दर्ज करके अगली कार्रवाई शुरू कर दी है।
बुजुर्ग महिला शकुंतला अपने बीमार पति के साथ जठेड़ी के इन अपार्टमेंट में रहती है। उनके ड्राइवर मुकेश के साथ अच्छे संबंध बन गए थे। वह उसको बेटे की तरह मानती थी। बुजुर्ग महिला ने 35 लाख रुपए कैश चोरी आरोप टैक्सी ड्राइवर पर लगाया है। महिला ने स्वदेश वापस लौटने के पुलिस को शिकायत दी। मैक्स हाइट मेट्रो अपार्टमेंट, जठेड़ी में जे.टावर निवासी शकुंतला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने बीमार पति के साथ अकेली रहती है। उनका बेटा आस्ट्रेलिया में है।
17 सितंबर 2023 को दोनों की आस्ट्रेलिया की फ्लाइट थी। बेटे को देने के लिए उन्होंने दिल्ली में रहने वाले अपने जानकार अश्विनी कुमार व संगीता सिंगला से 32 लाख रुपए लिए थे। दोनों के खाते में उसने आरटीजीएस से 33 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे। इस वारदात के बाद स्वदेश लौटने पर कई बार मुकेश को फोन किए, लेकिन वह नहीं आया। उस के बारे में सोसाइटी में पूछताछ की तो पता चला कि अब मुकेश यहां नहीं आता।

### लोस चुनाव को लेकर भाजपा शक्ति केन्द्रों के प्रमुखों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
भाजपा जिला कार्यालय में शहरी मंडल के शक्ति केन्द्रों के प्रमुखों की एक विशेष बैठक गुरुवार को हुई। इस बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में फतेहाबाद के विधायक दुड़ाराम ने शिरकत की।
विधायक दुड़ाराम व शहरी मंडल अध्यक्ष शम्मी ढींगड़ा ने संयुक्त रूप से कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी कार्यकर्ता धरातल पर उतरकर कड़ी मेहनत करें। जनता के बीच जाकर भाजपा की नीतियों व जनकल्याणकारी योजनाओं का खूब प्रचार करें। अपने अपने बूथों व शक्ति केन्द्रों पर मतदाताओं को जागरूक करें।

# हीट वेव, चिन्हित अपराध तथा लोकसभा चुनाव के संबंध में दिए दिशा निर्देश

**निर्देश**

**8 -हीट वेव से बचाव बारे संबंधित विभाग के अधिकारी करें आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित : डीसी राहुल नरवाल**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद ने वीसी के माध्यम से हीट वेव व हीट स्ट्रोक से बचाव, चिन्हित अपराध तथा लोकसभा आम चुनाव की तैयारियों आदि सरकार द्वारा एजेंडा में वर्णित विभिन्न बिंदुओं को लेकर प्रदेश के उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को विशेष निगरानी व सहयोग करने के निर्देश दिए। इस पर उपायुक्त राहुल नरवाल ने मुख्य सचिव को आश्वस्त करते हुए कहा कि जो भी दिशा निर्देश दिए गए है उनकी पूर्णरूप से पालना की जाएगी।
वीडियो कॉन्फ्रेंस उपरांत उपायुक्त राहुल नरवाल ने जिला के संबंधित विभागाध्यक्षों की बैठक ली और दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारी गर्मी के मौसम को देखते हुए आमजन के साथ-साथ पशुधन, मवेशियों के लिए पशु कुंड बनाने की तैयारियां व प्रबंध करें, साथ ही उनके लिए पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी की व्यापक व्यवस्था करना भी सुनिश्चित करें। उपायुक्त राहुल नरवाल ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिला में स्थित सभी पीएचसी/सीएचसी व स्वास्थ्य केन्द्रों पर आमजन के लिए गर्मी से राहत दिलवाने को लेकर दवाइयां, तरल पदार्थ, ओआरएस, बर्फ और बर्फ के ठंडे पानी का प्रावधान, प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में ठंडे पानी को मिट्टी के बर्तनों में संग्रहित करने, सभी एंबुलेंस और अन्य पीएचसी वाहनों को मरीजों को रेफर करने के लिए चलने योग्य रखने, बिजली कटौती के दौरान पावर बैक अप का प्रावधान, लू से बचाव के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने, गर्मी से संबंधित मामलों के प्रबंधन के लिए मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों (एमएचयू) को प्रशिक्षित करने, सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में सभी चिकित्सा सुविधाओं सहित सुरक्षा, फायर ऑडिट और मॉक ड्रिल के लिए उठाए गए कदमों बारे विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने गर्मी में आगजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के मद्देनजर फायर ब्रिगेड की गाडि?ों को दुरूस्त करने के लिए भी संबंधित अधिकारियों को कहा।
उपायुक्त ने जिला वासियों से आह्वान किया कि गर्मी के मौसम में निजात दिलाने में जल अति महत्वपूर्ण है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति जल को व्यर्थ न बहाएं।

# रसोईये से मोबाइल झपटने वाले गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
जगाधरी कोर्ट में कार्यरत जज के रसोईये से मोबाइल झपटमारी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को गुरुवार को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गांधीनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर संदीप कुमार, रविन्द्र कुमार, नरेश कुमार और राधेश्याम सहित टीम का गठन कर कलकत्ता नर्सरी के पास घूम रहे दो युवकों को शक होने पर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में खुलासा होने के बाद दोनों आरोपी मनोज निवासी मोती बाग, हिमांशु निवासी विशालनगर के खिलाफ केस दर्ज कर आज



कोर्ट में पेश किया गया और उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। दोनों ही आरोपियों नशे के आदि है और पहले भी इन पर केस दर्ज है। गौरतलब है कि तीन अप्रैल की रात को संजय कुमार (रसोइया) मॉडल टाउन में स्थित होटल से अपने घर मोतीबाग जा रहा था।

### हिसार में भाजपा उम्मीदवार रणजीत चौटाला के लिए प्रचार करेंगे कुलदीप

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हिसार लोकसभा सीट से भाजपा की टिकट न मिलने से नाराज चल रहे कुलदीप बिश्नोई अब पार्टी उम्मीदवार रणजीत चौटाला के समर्थन में प्रचार करेंगे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद भाजपा नेताओं ने सब कुछ सामान्य होने का दावा किया।
मुख्यमंत्री नायब सैनी गुरुवार की सुबह कुलदीप बिश्नोई के दिल्ली आवास पर पहुंचे और बंद कमरे में करीब एक घंटे तक उनके साथ बैठक की। करीब एक घंटे तक बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारे बीच कोई नाराजगी नहीं है। भव्य बिश्नोई आने वाले समय के नेता हैं।

# अध्यापक ने विद्यार्थी को पीटा, बेंच पर गिरने से सिर में लगी चोट



**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**
चिमनी की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में अध्यापक ने पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी की पिटाई कर दी। परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी है कि अध्यापक ने बच्चे की रीढ़ की हड्डी पर मारा, जिससे बच्चा बैंच पर गिर गया। इससे उसका सिर फट गया और बेहोश हो गया। बच्चे को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुबलधन में भर्ती करवाया गया। जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बालक के पिता की शिकायत पर अध्यापक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
गांव चिमनी निवासी अमित का बेटा गांव की राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कक्षा पांचवीं में पढ़ता है। वह बुधवार को अर्धावकाश में बच्चों के साथ स्कूल परिसर में ही खेल रहा था। परिजनों का कहना है कि इस दौरान अध्यापक तेजपाल आए और बच्चे की कमर पर मुक्के मार दिए, जिससे बच्चा बैंच पर गिर गया। बैंच पर गिरने से बच्चा बेहोश हो गया और उसका सिर फट गया।
परिजनों का आरोप हैं कि सिर फटने और बेहोश होने के बाद भी अध्यापकों ने बच्चे को नहीं संभाला। इस दौरान एक अध्यापक ने तो यहां तक कह डाला कि यह लड़का ड्रामा कर रहा हैं। किसी ने घटना की सूचना पड़ोसियों को दी तो वह स्कूल के अंदर पहुंचे और बालक को उसके घर पहुंचाया। इसकी सूचना पुलिस को गई। पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को दुबलधन के राजकीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया, लेकिन बच्चे को होश नहीं आया. यहां से डॉक्टरों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने बच्चे के पिता कि शिकायत पर अध्यापक तेजपाल के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
बच्चे के पिता ने बताया कि उनके बेटे ने पहले भी कई बार घर में शिकायत की थी कि जो नए टीचर आए हैं, वो बहुत मारते हैं। तब उन्होंने बेटे को कहा था कि तुम पढ़ोगे नहीं तो टीचर मारेंगे ही, लेकिन उन्हे नहीं पता था कि ये अध्यापक उनके बेटे से इतनी नफरत करता है। विद्यार्थी के पिता अमित ने बताया की उनके बेटे को गुरुवार सुबह पीजीआई रोहतक से छुट्टी मिल गई है। लेकिन अब भी वह काफी डरा हुआ है।

# मांगों को लेकर किसानों का बेमियादी धरना 113 दिन से जारी

**धरना**

**8 किसान सभा का लघु सचिवालय पर चल रहा बेमियादी धरना आज 113वें दिन में प्रवेश कर गया।**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
बर्बाद हुई 2021-22 व 2023 की फसलों का बकाया मुआवजा, बीमा क्लेम, आवारा पशुओं पर रोक, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद, मंडी में सरसों का गेहूं के उठान को लेकर किसान सभा का लघु सचिवालय पर चल रहा बेमियादी धरना आज 113वें दिन में प्रवेश कर गया। आज धरने की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने की व संचालन तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने किया। किसानों को संबोधित करते हुए प्रधान शमशेर सिंह नंबरदार ने आरोप लगाया कि 20 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री ने बासवाड़ा राजस्थान में आयोजित जनसभा में देश को जाति, धर्म व इलाके में नफरत का जहर घोलते हुए लोगों को भड़काने का जो प्रयास किया, किसान सभा प्रधानमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करती है। संयुक्त किसान मोर्चा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि देश के प्रधानमंत्री की जनसभाओं पर रोक लगाई जाए।
किसान सभा के तहसील प्रधान सूबे सिंह बूरा ने कहा कि प्रधानमंत्री व भाजपा यह कहती है कि अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो हिंदू बहू बेटियों के मंगलसूत्र में गहने एक विशेष जाति को दे दिए जाएंगे। ऐसा बयान देकर प्रधानमंत्री चुनावों में अपनी बौखलाहट व हार का परिचय दे रहे हैं। आज के धरने को राजीव मलिक, सुरेंद्र मान, बलराज सहरावत, हर्षदीप वकील, शमशेर वाल्मीकि, नफे सिंह थानेदार चिडोद, सतबीर भाकर, इंद्र सिंह प्रधान, महिपाल पाबड़ा, शमशेर सिंह भेरिया, राममेहर पूनिया लाडवा, सुधीर सिंघवा, नेकी राम, दिलबाग हुड्डा, विजय सिंह जागलान आदि ने संबोधित किया।

# एनकोर्ड तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत बैठक आयोजित

**हिसार।** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बुधवार को नशीले पदार्थों तथा अवैध नशीली दवाओं की रोकथाम हेतु अधिकारियों की बैठक ली और ऐसे पदार्थों व दवाओं की तस्करी करने वाले अपराधियों को पकडक? उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा द्वारा उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि हिसार में 10 नशा तस्कर ऐसे हैं, जिनकी प्रॉपर्टी की पहचान की जा रही है ताकि कानून के तहत उसे फ्रिज किया जा सके। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 जनवरी 2023 से 31 मार्च 2024 तक 52 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से 16 मामलों



में नशे के सोर्स को भी ट्रैस किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस अवधि के दौरान 1 किलो 510 ग्राम हेरोइन, 32 किलो 720 ग्राम अफीम, 11 किलो 903 ग्राम चरस/सुल्फा, 126 किलो 200 ग्राम डोडा पोस्ट, 48 किलो गांजा और बड़ी संख्या में नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। हांसी के पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद ने बताया कि इसी अवधि में हांसी में 2 किलो 800 ग्राम अफीम, 7 किलो 750 ग्राम सुल्फा, 77 किलो 900 ग्राम गांजा, 85 किलो डोडा पोस्ट व नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और 5 मामलों में सोर्स का भी पता लगाया गया।
उपायुक्त प्रदीप दहिया ने आने वाले दिनों में पुलिस विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को एनकोर्ड तथा एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग तस्करी एवं नशीली दवाओं पर अंकुश लगाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से ठोस कार्यवाही करने की हिदायत दी।
उन्होंने स्कूल, कॉलेज व अन्य सभी शिक्षण संस्थाओं में नशा मुक्ति की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को नशे से ग्रस्त व्यक्तियों के इलाज के लिए अग्रणी कार्य कर रही संस्थाओं के साथ मिलकर नशा मुक्ति केंद्रों की सहायता से उनके परिवारों को प्रोत्साहित करने की हिदायत दी। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर नशा मुक्ति केंद्र में भेजा जाए। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनसेफ बिल्डिंगों की पहचान की जाए, जहां नशे से संबंधित कार्य किए जाते है, ऐसी सभी बिल्डिंगों को प्रशासन द्वारा नष्ट किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस एक्ट के तहत नशा तस्करों द्वारा अर्जित की गई संपतियों को जब्त भी किया जा सकता है। उपायुक्त ने ड्रग इंस्पेक्टरों को निर्देश दिए कि वे निरंतर रूप से मेडिकल स्टोर इत्यादि का निरीक्षण करते रहे ताकि प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री न हो सके।

# आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर साढ़े 21 लाख ठगे, दुबई में फंसा युवक

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
आस्ट्रेलिया का वर्क वीजा दिलवाने के नाम पर रतिया में एक दंपति द्वारा साढ़े 21 लाख की ठगी करने और बाद में पीड़ित को महिला पुलिस कर्मचारी से धमकी दिलवाने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यक्ति अभी भी दुबई में फंसा हुआ है। उसकी पत्नी ने अब इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। रतिया पुलिस ने गुरुवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर रतिया निवासी सीमा रानी ने




कहा है कि गांव लाम्बा निवासी राजकौर उसके पति हरपाल सिंह की बहन बनी हुई है। राजकौर का पति गुरजीत सिंह उर्फ हरजीत सिंह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। सीमा ने कहा कि राजकौर ने उसके पति हरपाल सिंह को वर्क वीजा पर विदेश भेजने की बात कही। उस समय वह खुद दुबई में थी। गुरजीत ने अपनी पत्नी राजकौर के साथ व्हाटसअप पर बात कर हरपाल को आस्ट्रेलिया भेजने की बात कही और यह तय हुआ कि हरपाल को मस्कट से दुबई और उसके बाद आस्ट्रेलिया भेजा जाएगा और 14 लाख रुपये खर्च होंगे।
इस पर हरपाल ने 14 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद 22 जून 2023 को आरोपी हरजीत सिंह ने एक वीजा व टिकट के जरिए हरपाल को मस्कट भेजा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 26 अप्रैल 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## हिमाचल: बारिश का अलर्ट जारी

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश में पारे में आ रहे उछाल के बीच मौसम फिर कड़े तेवर दिखाएगा। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले चार दिन तक पूरे प्रदेश में मौसम खराब रहेगा। साथ ही बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी कर दिया है। विभाग ने 26, 28 व 29 अप्रैल को येलो अलर्ट जबकि 27 अप्रैल के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 27 अप्रैल को राज्य में भारी वर्षा और ओलावृष्टि होने की चेतावनी दी गई है। अगले चार दिन मैदानी व मध्यपर्वतीय इलाकों में आसमानी बिजली कड़कने और अंधड़ चलने की भी आशंका है। 30 अप्रैल तक राज्य में मौसम खराब रहेगा। इस दौरान उच्च पर्वतीय इलाकों लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने किसानों-बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। उन्हें ओलावृष्टि से फसलों को होने वाले नुकसान का डर सता रहा है। राज्य के मैदानी भागों में इन दिनों गेहूं की कटाई का काम चल रहा है। ऐसे में इस दौरान बादलों के बरसने से बड़े पैमाने पर गेहूं की फसल बर्बाद हो सकती है। पिछले दिनों शिमला और कुल्लू जिलों के सेब बाहुल्य इलाकों में हुई ओलावृष्टि से सेब की फसल को नुकसान पहुंचा है। बीते 24 घण्टों के दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि व वर्षा हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार,

**देहरादून:** उत्तराखंड **एसटीएफ की** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गुरुवार को एक किलो 362 ग्राम चरस के साथ एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया। जनपद चंपावत पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई में यह सफलता मिली। ड्रग तस्कर पिछले काफी समय से एएनटीएफ की रडार पर था। बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी गई। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देश पर सीओ एसटीएफ आरबी चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एएनटीएफ पावन स्वरुप के पर्यवेक्षण में एएनटीएफ टीम (एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स) ने जनपद चंपावत के थाना लोहाघाट क्षेत्रंतर्गत मन्नार बैंड खेतीखान के पास से अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर मुकेश चंद्र सेल्ला (43) पुत्र कृष्णानंद सेल्ला निवासी गढ़कोट थाना चंपावत को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक किलो 362 ग्राम चरस बरामद किया। गिरफ्तार आरोपित पिछले कई वर्षों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहा था। पूछताछ में बताया कि वह यह चरस अपने गांव के आसपास से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में खरीदकर काठगोदाम हल्द्वानी आदि मैदानी क्षेत्र में बेचने जा रहा था।

# कन्नौज से अखिलेश ने भरा नामांकन

### इत्रनगरी की सियासत: विरासत संभालने 15 साल बाद कन्नौज लौटे अखिलेश यादव, फिर से इत्रनगरी से सियासी ताल ठोकेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**कन्नौज:** सपा मुखिया अखिलेश यादव 15 साल बाद फिर से इत्रनगरी से सियासी ताल ठोकेंगे। पिछले कई दिनों से जारी सस्पेंस खत्म करते हुए पार्टी ने आखिरकार उनके नाम का एलान कर दिया है। चौथे चरण के लिए हो रहे नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को उन्होंने दावेदारी पेश की। उनके नाम का एलान होने से पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों में खुशी की लहर है। वर्ष 2009 में यहां से सांसद निर्वाचित होने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे अखिलेश यादव ने उसके बाद आजमगढ़ और मैनपुरी को अपनी कर्मभूमि बनाया था। वर्ष 2012 से 2017 तक सूबे के मुख्यमंत्री रहने के बाद अखिलेश यादव ने पिछले 2019 के चुनाव में आजमगढ़ से चुनाव लड़कर जीत हासिल की थी। वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा और जीते। इन दिनों वह वहीं से विधायक हैं। हालांकि विधानसभा चुनाव के बाद से ही वह यहां से लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। लेकिन बदले हालात में उन्होंने दो दिन पहले ही भतीजे व मैनपुरी के पूर्व सांसद तेज प्रताप के नाम का एलान किया था। लेकिन कार्यकर्ताओं की जिद के आगे उनकी नहीं चली और अब वह फिर से उसी कन्नौज से किस्मत आजमाने पहुंचेंगे, जहां से 24 साल पहले वर्ष 2000 के उपचुनाव से अपनी सियासी पारी का आगाज किया था।




**मंगलवार की शाम से लग रही थीं अटकलें, बुधवार को एलान:** दरअसल सपा ने दो दिन पहले अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव को कन्नौज से उम्मीदवार घोषित किया था। इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी थी। बात पार्टी आलाकमान तक पहुंची। उसके बाद मंगलवार को मंथन हुआ और उसी समय तय हो गया कि बदलाव होगा। बुधवार को शाम होते-होते अखिलेश के नाम का एलान भी हो गया।

**नामांकन के दौरान मौजूद रहा कुनबा:** अखिलेश यादव के नामांकन के दौरान यादव परिवार और सपा के सभी प्रमुख नेता मौजूद रहे। इसमें अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव, चाचा डॉ. रामगोपाल यादव और शिवपाल यादव भी रहे। तेज प्रताप यादव भी नामांकन के समय मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष कलीम खान ने बताया कि पिछले दो दिनों की रिपोर्ट पार्टी प्रमुख तक पहुंचा दी गई थी। उसी आधार पर अब खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही चुनाव लड़ेंगे। इस एलान से कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ गया है। इस बार पार्टी रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीतेगी।

**दावेदारी**

> 8 चौथे चरण के लिए हो रहे नामांकन के आखिरी दिन गुरुवार को उन्होंने दावेदारी पेश की

**पहले यूपी नहीं छोड़ना चाह रहे थे अखिलेश:** दो दिन पहले जब तेज प्रताप यादव के नाम का एलान किया गया तो यही समझा गया कि अखिलेश यादव खुद को यूपी की सियासत में ही व्यस्त रखना चाहते हैं। वह चुनाव में उतरने के बजाय पूरे प्रदेश में पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे। उनके इस फैसले को वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी से भी जोड़कर देखा गया। लेकिन यहां कार्यकताओं से मिले फीडबैक और समर्थकों की मनुहार के बाद आखिरकार उन्हें अपना फैसला बदलना पड़ा। दरअसल पिछले दो साल से अखिलेश यादव के लिए क्षेत्र में जुटे कार्यकर्ता उनके अलावा किसी और के नाम पर तैयार नहीं हो रहे थे। कन्नौज से लेकर लखनऊ तक की दौड़ होती रही। पार्टी के रणनीतिकारों तक संदेश पहुंचाया गया। लगातार मिल रहे फीडबैक के आधार पर पार्टी आलाकमान ने फैसला बदला। गुरुवार को अखिलेश के नामांकन के दौरान वह यहां मौजूद रहेंगे। इसके पहले वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान वह डिंपल यादव के रोड शो में यहां थे। इन दिनों वह मैनपुरी में डिंपल यादव के चुनाव की जिम्मेदारी संभाले हैं।

## कांग्रेस मेनिफेस्टो में जनता के मुद्दे शामिल: कमलनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस के न्याय पत्र को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने अपनी पार्टी के मेनिफेस्टो को देश की असली आवाज बताया है। कमलनाथ ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कांग्रेस के मैनिफेस्टो में जनता की जरूरतों और सही मुद्दों को जगह दी गई है। यह मैनिफेस्टो देश की असली आवाज है, जिसे राहुल गांधी जी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सुना, समझा और महसूस किया है। कांग्रेस के पाँच न्याय युवाओं, महिलाओं, किसानों, श्रमिकों और भागीदारी न्याय के माध्यम हर कमजोर वर्ग को संबल और शक्ति देने का अभिनव प्रयास है। कमलनाथ ने आगे कहा कि कांग्रेस के साथ आईये और सभी को न्याय दिलाने के महाअभियान को मजबूत करिये। 400 रुपये प्रतिदिन का पारिश्रमिक, जातिगत जनगणना जैसी अनेकों जनहितैषी योजनाओं के साथ आपके बीच हैं।

## बसपा ने रायबरेली सीट पर घोषित किया प्रत्याशी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: आखिरकार लंबे इंतजार** के बाद बहुजन समाज पार्टी ने रायबरेली संसदीय सीट के लिए अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। बसपा ने ठाकुर प्रसाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर प्रसाद दो बार यहां से विधानसभा का चुनाव लड़े हैं, लेकिन हार गए थे। 2024 में वह सांसद बनने के लिए चुनाव मैदान में उतरे हैं। वैसे तो ठाकुर प्रसाद लखनऊ के मानसरोवर सेक्टर बी के रहने वाले हैं लेकिन उन्होंने अपना आशियाना सरेनी विधानसभा क्षेत्र के बहाई लालगंज में भी बनवा लिया है। सरेनी विधानसभा सीट से ठाकुर प्रसाद 2017 और उसके बाद 2022 में चुनाव लड़े, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख सके। इस बार बसपा ने ठाकुर प्रसाद पर एक बार फिर विश्वास जताया है।

**ताल ठोकेंगे**

> 8 बसपा ने ठाकुर प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है। ठाकुर प्रसाद दो बार विधानसभा का चुनाव लड़े हैं



दूसरे चरण के मतदान लिए मतदानकर्मी पोलिंग बूथ पर रवाना होते हुए।

## बंदूक की गोली की तरह करें वोट का इस्तेमाल: आकाश

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़:** जब आप किसी सरकारी नौकरी का पेपर देते हैं और बाद में पेपर लीक हो जाता है तो क्या मन करता है। यही करता है न कि जिसने पेपर लीक किया उसका गूदा निकाल कर जमीन में गाड़ दें। वैसे ऐसा तो हम कर नहीं सकते हैं लेकिन बाबा साहब ने जो वोट की ताकत दिया है उसको बंदूक की गोली की तरह प्रयोग हम इन पर कर सकते हैं। उक्त बाते बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद ने गुरुवार को लालगंज लोकसभा क्षेत्र के मई खरगपुर में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही।



**बसपा आम जनता के हित के लिए लड़ने वाली पार्टी है :** उन्होंने कहा कि बसपा एक मिशन है। आम जनता के हित को लेकर लड़ने वाली पार्टी है। पार्टी मुखिया मायावती की नीतियां सभी जनते हैं। उनके शासन काल को भी लोगों ने देखा है। आज सबसे बुरा हाल युवाओं का है। मां-बाप काफी पैसा खर्च कर हमें पढ़ाते हैं। इसके बाद हमारी जिम्मेदारी होती है कि हम भी कमा कर मां-बाप व परिवार की देखभाल करें। लेकिन आज ऐसा हो नहीं है। रोजगार मिल नहीं रहा तो सरकारी नौकरी की भर्ती पेपर लीक होने के चलते रद्द हो जा रही है। जिसके चलते युवा बेरोजगार होकर घूमने को मजबूर हैं। ऐसा करने वालों को अब सबक सिखाने का वक्त आ गया है। आकाश आनंद ने कहा कि बाबा साहब ने हमें वोट की ताकत दिया है। जिसका अब हमें सही इस्तेमाल करना है। जिले में बसपा के राष्ट्रीय समन्वयक व बसपा मुखिया के भतीजे आकाश आनंद की यह पहली चुनावी जनसभा थी। इस चुनावी जनसभा को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग कार्यक्रम स्थल पर तीखी धूप के बाद भी जुटे हुए थे।

जब दलित समाज जाग चुका है अपने वोट से अपनी पार्टी की सरकार बनाता है, तो सत्तावादी कांग्रेस, सांप्रदायिक भाजपा और सामंतवादी सपा दलित वोट के लिए नए नए फार्मूले बना रही हैं।

**वोट की ताकत**

> 8 आम जनता के हित को लेकर लड़ने वाली पार्टी है। पार्टी मुखिया मायावती की नीतियां सभी जनते हैं : आकाश

## कई राज्यों में प्रचंड गर्मी और लू का पूर्वानुमान

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण की वोटिंग 26 अप्रैल को होगी। चुनाव आयोग ने भीषण गर्मी के बीच शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव तैयारियां की हैं। हालांकि, लगातार बढ़ रहा तापमान आयोग के साथ-साथ लोगों के भी पसीने छुड़ा रहा है। मौसम विभाग ने आगाह किया है कि 26 अप्रैल को मतदान के लिए घरों से निकलने पर जनता को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा। गुरुवार को मौसम विभाग की तरफ से जारी अलर्ट के मुताबिक अगले पांच दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्म हवाएं और लू चलने की आशंका है। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल और ओडिशा के लिए रेड अलर्ट, जबकि बिहार और कर्नाटक के कुछ हिस्सों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



**13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग होगी:** गौरतलब है कि दूसरे चरण के चुनाव के दौरान 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 88 लोकसभा सीटों पर लाखों मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिन राज्यों में वोटिंग होनी है उसमें केरल की 20 सीटें, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की आठ-आठ, मध्य प्रदेश की छह, बिहार और असम की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और त्रिपुरा, जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीट हैं। मणिपुर में भी दूसरे चरण का मतदान होगा।

**आगाह**

> 8 26 अप्रैल को मतदान के लिए घरों से निकलने पर जनता को चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ेगा

## संजय निषाद पर हमले करने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**संत कबीर नगर:** कैबिनेट मंत्री संजय निषाद पर हमले के मुख्य आरोपी मोहम्मदपुर कठार निवासी राधेश्याम यादव को कोतवाली पुलिस ने बृहस्पतिवार को दुर्गा मंदिर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। अभी भी तीन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर है। पिछले दिनों एक वैवाहिक आयोजन में शामिल होने आए कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के साथ स्थानीय लोगों के साथ कुछ अन्य लोगों ने मारपीट की घटना कर दी थी। उनके नाक पर चोंट लग गई थी।

## कन्नौज: 'हो सकता है कल-परसों फिर से टिकट बदल जाए'




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली :** समाजवादी पार्टी में बार-बार टिकट बदलने पर राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने तंज कसा है। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की कन्नौज से उम्मीदवारी पर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि देखिए, इंतजार कीजिए। हो सकता है कि अगले दिन कोई और उम्मीदवार बन जाए। आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि सच तो ये है कि मैं उत्तर प्रदेश में विपक्ष को जीतते नहीं देख रहा हूं। ये (भारत गठबंधन) वाकई फ्लॉप हो रहा है। इनमें अंदरूनी कलह बहुत है, राज्यों में ये आपस में ही लड़ रहे हैं, इसलिए जब ये चुनाव से पहले लड़ रहे हैं तो चुनाव के बाद इनका अस्तित्व क्या होगा। उन्होंने बसपा प्रमुख मायावती के 'अलग पश्चिमी उत्तर प्रदेश राज्य के लिए काम करेंगे' वाले बयान पर कहा कि यह लंबे समय से चली आ रही मांग है। समय-समय पर यह मांग होती रही है कि उत्तर प्रदेश का पुनर्गठन किया जाए। उसी संदर्भ में उन्होंने बात रखी है, लेकिन अभी किसी भी सीट पर बसपा लड़ाई में दिख नहीं रही। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा की टिप्पणी पर आरएलडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि यह (विरासत कर) एक अकुशल कर है। अगर हम उन्हें लक्षित करने के लिए इस तरह के कर के बारे में सोच रहे हैं, तो सबसे अमीर वर्ग प्रभावित नहीं होगा क्योंकि वे इस तरह की संरचना बनाते हैं कि सरकार को फिर भी कोई कर नहीं मिलेगा। देश को इससे कोई फायदा नहीं होगा। इसलिए, यह बहुत अच्छा, कुशल कर नहीं है।

**साधा निशाना**

> 8 सच तो ये है कि मैं उत्तर प्रदेश में विपक्ष को जीतते नहीं देख रहा हूं। ये (भारत गठबंधन) वाकई फ्लॉप हो रहा है

## पीएम असत्य कथन कर जनता को भ्रमित कर रहे हैं: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी को लेकर दिये गये बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मोदी 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने इन हेरीटेज कानून को स्टेट प्रार्पटी के तहत आते थे, उनको कर और प्रार्पटी टैक्स से मुक्त किया था, तत्कालीन भाजपा नेता यशवंत सिन्हा और जयंत सिन्हा ने इसका समर्थन किया था। मुकेश नायक ने कहा कि मोदी असत्य कथन कर रहे हैं कि राजीव गांधी ने इंदिरा गांधी की प्रार्पटी को हड़पने के लिए कानून बनाया। पीएम मोदी बताये कि कौन सी प्रार्पटी इंदिरा गांधी, राजीव गांधी के पास चली गई, उनके पास निजी घर भी नहीं है आनंद भवन जिस घर में पं. जवाहर लाल नेहरू का जन्म हुआ, पले-बड़े, जो हजारों करोड़ की प्रार्पटी है, उसे दान में दिया और वह आज देश की प्रार्पटी है, निजी प्रार्पटी नहीं है। हमारे गांधीवादी नेता विनोभा भावे, जिन्होंने पूरे देश में पद यात्रा की थी, भूदान यज्ञ किया था और उसके तहत कांग्रेस नेताओं और इस देश के किसानों ने हजारों एकड़ जमीन दान में दी है। मोदी जी असत्य कथन कर देश की जनता को भ्रमित कर रहे है।



मुकेश नायक ने कहा कि मोदी जी 25-30 साल पहले की बात क्यों कर रहे हैं। 18 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह ने ये कहा था, वो कहा था, इन हेरीटेज कानून 1985 कानून बना था। मोदी जी आप अपने 10 साल का रिपोर्ट कार्ड देश की जनता के सामने रखिये। आप 30-40 साल पुराने गढ़े मुर्दे उखाड़ रहे हैं और देश की जतना को भ्रमित कर रहे हैं।

**आरोप**

> 8 मोदी असत्य कथन कर रहे हैं कि राजीव गांधी ने इंदिरा गांधी की प्रार्पटी को हड़पने के लिए कानून बनाया

## निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे पर हुई बहस

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के तीनों निर्दलीय विधायकों के इस्तीफा मंजूर न होने के मामले में दायर याचिका पर गुरूवार को हिमाचल हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की तरफ से हाईकोर्ट में अपनी-अपनी दलीलें दी गई। इस मामले में लगभग तीन घंटे तक कोर्ट में बहस चली। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पैरवी की। मुख्य न्यायाधीश एम. रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ इस मामले की सुनवाई कर रही है। हाईकोर्ट के एडवोकेट जनरल अनूप रत्न ने बताया कि समय की कमी के चलते हाईकोर्ट ने मामले को अब 30 अप्रैल 4:15 बजे सुनने का निर्णय लिया है जिसमें विधानसभा अध्यक्ष की तरफ से बहस पुरी की जाएगी।

## चुनाव के समय अर्थहीन हो जाते हैं करदाता: ग्रोवर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी माहौल गमार्या हुआ है। जहां कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा द्वारा अमेरिका के विरासत टैक्स पर दिए बयान पर विवाद थमा नहीं था। वहीं अब शार्क टैंक इंडिया के जज रहे अश्नीर ग्रोवर ने कुछ ऐसा कह दिया है, जिसने आग में घी डालने जैसा काम किया है। दरअसल, ग्रोवर का कहना है कि राजनीतिक रैलियों में नेता टैक्स को लेकर कोई भी वादा करके बाद में बच निकल सकते हैं।

## सियासी हंगामा: मतदान से एक दिन पहले धरने पर बैठे पप्पू यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**पूर्णिया: पूर्णिया में** लोकसभा चुनाव की मतदान से एक दिन पहले सियासी हंगामा मच गया है। निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव को पुलिस ने उनकी गाड़ी से उतार दिया। साथ ही उनकी चार गाड़ियों को जब्त कर लिया गया। वहीं, पुलिस एवं प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ पप्पू यादव अपने समर्थकों के साथ बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। पप्पू यादव ने आरोप लगाया कि बिहार पुलिस अपने पावर का दुरुपयोग कर रही है। यह मामला कोढ़ा क्षेत्र का है। कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह के मुताबिक पप्पू यादव बिना अनुमति के चुनाव क्षेत्र में गाड़ियों से भ्रमण कर रहे थे। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई मामले में उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

**हंगामा बरपा**

> 8 निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव को पुलिस ने उनकी गाड़ी से उतार दिया। चार गाड़ियों को जब्त कर लिया

**प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी:** कटिहार डीएसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि पूर्णिया डीएम सह जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार पप्पू यादव को 25 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र में भ्रमण की अनुमति नहीं दी गई थी। इसके बावजूद वे क्षेत्र में घूमते पाए गए। साथ ही पप्पू यादव जिस गाड़ी से कोढ़ा में घूमते पाए गए, उन्हें चलाने की अनुमति भी नहीं दी गई थी। पप्पू यादव प्रशासन की अनुमति के बिना अपने समर्थकों के साथ चार गाड़ियों से भ्रमण करते पाए गए, जो कि नियमों के विरुद्ध है। उनके खिलाफ कोढ़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल उनकी गाड़ियों को जब्त किया गया है।



**मेरी गाड़ी जब्त की, मुझे गाड़ी से उतार दिया:** वहीं निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव ने कहा कि डीएसपी अभिजीत सिंह ने अपने पावर का दुरुपयोग करते हुए पहले मेरे साथ बदतमीजी की। फिर मुझे गाड़ी से बाहर निकाला।